

03:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 033 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

निर्विषेणाऽपि सर्पेण कर्तव्या महती फणा।
विषमस्तु न चाप्यस्तु घटाटोपो भयंकरः॥

भावार्थ : विषहीन सांप को भी अपना फन फैलाना चाहिए, उसमें विष है या नहीं, इस बात को कोई नहीं जानता? हां, उसके इस आडंबर से अथवा दिखावे से लोग भयभीत अवश्य हो सकते हैं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 10.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.36 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.28 बजे

## दुबई में हिंद शहर पर भारत प्रेम नहीं है यह



**दुबई:** दुबई के शासक शेख मोहम्मद ने अल मिनहाद इलाके का नाम हिंद सिटी कर दिया है। लेकिन इस नाम से यह मत समझिये कि यह भारतवर्ष से उनके बेहतर रिश्तों की वजह से किया गया है। गत 29 जनवरी को अचानक इस नामकरण का एलान होने के बाद अधिकांश लोगों को यही लगा था कि शायद अपने भारत प्रेम की वजह से ही शासक ने ऐसा फैसला किया गया है। शेख मोहम्मद बिन रशीद अल मखतुम ने इस अल मिनहाद के इलाके को हिंद सिटी का नाम दिया। यह इलाका चार हिस्सों में बंटा है और भौगोलिक तौर पर यह करीब 84 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला हुआ है। लोगों को लगा था कि दुबई में कार्यरत भारतवंशियों से अपने बेहतर रिश्ते की वजह से शासक ने ऐसा किया हो। लेकिन अब इसके असली कारणों का खुलासा हो गया है। दरअसल दुबई के शासक के इस फैसले को वहां की परिभाषा से जोड़कर देखा जा रहा है। अरबी में हिंद शब्द के कई अर्थ होते हैं। लेकिन यह भी जान लीजिए कि अरबी में हिंद एक पुराना शब्द है। वैसे पुराने लोग मानते हैं कि वहां के शासक ने यह नामकरण शायद अपनी पहली पत्नी की याद में किया है। दुबई के शासक की पहली पत्नी का नाम भी हिंद था। उनका पूरा नाम हिंद बिंत मखतुम अल मखतुम था। शासक के साथ उनकी शादी 26 अप्रैल 1979 को हुई थी। इस दंपति के 12 बच्चे हैं, जिनमें वहां का युवराज भी शामिल है। इसलिए इस जिला का नामकरण शेख ने अपनी पहली पत्नी के नाम पर किया है और इस फैसले में उनके भारत अथवा भारतवंशियो के प्रेम का कोई संपर्क नहीं है।

## मेघालय और नागालैंड के प्रत्याशी घोषित किये भाजपा ने

**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मेघालय एवं नागालैंड की विधानसभाओं के चुनाव के लिए आज अपने कुल 80 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल शाम यहां हुई पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को मंजूरी दी गयी। भाजपा ने मेघालय की सभी 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारें हैं जबकि नागालैंड विधानसभा की 60 सीटों में से 20 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये हैं। मेघालय के 60 उम्मीदवारों में छह महिलाएं हैं। जबकि नागालैंड के 20 उम्मीदवारों में एक महिला है।

## पीटीआई की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद:** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने प्रतिबंधित फंडिंग मामले में पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) के फैसले के खिलाफ गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि अगस्त 2022 में चुनाव आयोग ने पीटीआई को प्रतिबंधित स्रोतों से धन प्राप्त के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। बाद में पीटीआई ने इस नोटिस को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की बृहद पीठ में मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक, न्यायमूर्ति मियांगुल हसन और न्यायमूर्ति बाबर सत्तार ने दलीलों को सुनने के बाद 11 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। श्री दिलशाद ने कहा कि पीटीआई ने चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 204 और 210 के तहत प्रतिबंधित धन मामले में ईसीपी के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जो आयोग को पार्टी से धन जब्त करने की अनुमति देता है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

### दोनों सदनों ने इस विषय पर चर्चा करने की अनुमति देने से किया इंकार

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद में हंगामा

- हंगामा के कारण शून्यकाल और प्रश्नकाल बाधित
- अमृतकाल में देश की जनता का पैसा कहां गया
- एलआईसी और बैंकों के पैसे पर विपक्ष का शोरगुल



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** अडानी समूह पर अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा और राज्यसभा में पूर्वा? 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के साथ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का मुद्दा उठाया और तुरंत चर्चा की मांग की। दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने विपक्ष की इस मांग को विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए अस्वीकार कर दिया तो विपक्षी सदस्यों ने शोर शराबा करना आरंभ कर दिया। इसके कारण दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका। राज्यसभा और लोकसभा में प्रथमार्ध 11 बजे जैसे आवश्यक दस्तावेज रखे जाने और पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री शांति भूषण को श्रद्धांजलि देने की प्रक्रिया पूरी हुई और सदनों की कार्यवाही शुरू करने की घोषणा की गयी तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। अन्य विपक्षी सदस्यों ने भी कांग्रेस का साथ दिया और जोर-जोर से बोलने लगे। श्री रमेश ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में अमृतकाल घोटाला हो रहा है। स्थिति को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के भीतर ही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले सभापति ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एलामरम करीम, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तेलंगाना राष्ट्र समिति के के केशव राव और द्रमुक के तिरुची शिवा नियम 267 के तहत नोटिस देने वालों में शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्वाध 11 बजे सदन समवेत होते ही विशेष दीर्घा में बैठे जाम्बिया के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। विपक्ष ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) तथा सरकारी बैंकों में आम लोगों का धन डूबने के मुद्दे पर चर्चा की माँग

›› पेज 2 भी देखें

**जब फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया**

सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन का कामकाज सुचारु रूप से चलने देने की बार-बार अपील की लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। इसे देखते हुए श्री धनखड़ और श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह दो बजे तक स्थगित कर दी। अपराह दो बजे राज्य सभा की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। श्री धनखड़ ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कराने का प्रयास किया तो कांग्रेस के जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह और पी चिदंबरम अपनी सीटों पर खड़े गये और नियम 267 के तहत दिये गये नोटिस के बारे में पूछने लगे। कांग्रेस के अन्य सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े हो गये और जोर-जोर से बोलने लगे।

### सरकारी की एजेंसियां ने साधी चुप्पी पर अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई जारी

## क्रेडिस स्विस ने भी अडाणी को औकात घटा दी




- कर्ज लेने के लिए अडाणी के बॉड्स का भाव शून्य
- सेबी की तरफ से अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई
- अडाणी ने भी अपना एफपीओ वापस ले लिया है

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** अडाणी समूह पर भारत सरकार की एजेंसियों ने चुप्पी साध रखी है। आम तौर पर ऐसी खबरें सामने आने के बाद शेयर बाजार पर नजर रखने वाली सेबी तुरंत हरकत में आती है। इसी सेबी ने सहारा सहित कई प्रमुख घरानों के खिलाफ आनन फानन में कार्रवाई की थी लेकिन अडाणी के खिलाफ रिपोर्ट आने तथा शेयर बाजार के भूचाल के बाद भी सेबी की तरफ से कोई पहल नहीं हुई है। वैसे भारतीय एजेंसियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद भी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को गंभीरता से लिया है। इसी कारण स्विस ऋणदाता की निजी बैंकिंग शाखा ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड द्वारा बेचे गए नोटों के लिए शून्य उधार मूल्य निर्धारित किया है। स्विट्जरलैंड स्थित निवेश बैंकिंग कंपनी क्रेडिट सुइस ने अपने निजी बैंकिंग ग्राहकों को मार्जिन लोन के लिए जमानत के रूप में अदाणी समूह के बॉन्ड स्वीकार करना बंद कर दिया है, जो इस बात का संकेत है कि शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा धोखाधड़ी के आरोपों के बाद अरबपति गौतम अदाणी के वित्त की जांच बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्विस ऋणदाता की निजी बैंकिंग शाखा ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड द्वारा बेचे गए नोटों के लिए शून्य उधार मूल्य निर्धारित किया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि कई अन्य बैंकों ने अदाणी समूह को कर्ज देना जारी रखा हुआ है। कम से कम दो यूरोपीय निजी बैंकों ने अब तक अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है। जबकि एक निवेश फर्म ने अदाणी पोर्ट्स को डॉलर

›› पेज 2 भी देखें

### भारतीय अगुवायी में जी-20 की वित्तल कार्यसमूह की पहली बैठक

## भारत ने इस सतत विकास को बढ़ावा दिया: सवार्नंद सोनोवाल



- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय समाधानों पर चर्चा
- विभिन्न देशों के सौ से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल
- स्वच्छ और हरी भरी पृथ्वी के लिए काम करने की बात

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम में केंद्रीय पत्तान, पोत परिवहन, जलमार्ग और आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल के दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ ही यहां जी20 की पहली बैठक बृहस्पतिवार को शुरू हुई। इस बैठक में सतत अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय समाधानों पर चर्चा की गई है।उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि स्थिरता व जलवायु संबंधी गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए भारी मात्रा में वित्तीय संसाधनों और निवेश की आवश्यकता है। सोनोवाल ने जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों से सतत जीवन शैली को एक जन आंदोलन बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आग्रह किया। आज सुबह गुवाहाटी में जी-20 की पहली सतत वित्ती य कार्य समूह की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि दुनिया को एक स्वच्छ और हरी-भरी पृथ्वीत के लिए काम करना चाहिए। उन्होंघने सभी से कार्बन उत्सोर्जन को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत ने अपने राष्ट्रीय विकास के लिए सतत विकास को अपनाया और बढ़ावा दिया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए सोनोवाल ने कहा कि दुनिया को भारत की समृद्ध विरासत से परिचयन कराने के लिए जी-20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक गौरवशाली

›› पेज 2 भी देखें

### अडाणी पर रिपोर्ट के मुद्दे पर सदन के बाहर कांग्रेस हुई आक्रामक

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच संसदीय समिति करे



- यह अमृत काल नहीं मित्र काल चल रहा है
- जनता का पैसा कहां, यह जानने का हक है
- विजय चौक पर प्रदर्शन में विपक्ष के नेता आये

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सरकारी क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लगाया गया आम लोगों की धनराशि डूब गयी है और यह सब हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के कारण हुआ है इसलिए सरकार को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से या उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित जांच समिति से इस रिपोर्ट को लेकर व्यापक जांच करानी चाहिए। श्री खड़गे ने इससे पहले विजय चौक पर विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ पत्रकारों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी पर सरकार ने लोगों का पैसा लगाया उसके शेयर बहुत गिर गये हैं और इससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है। सवाल है कि सरकार इस तरह की कंपनियों को क्यों पैसा दे रही है। सरकार को लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मामले की जांच के जेपीसी का गठन करना चाहिए या सुप्रीम

›› पेज 2 भी देखें

## एमसीडी की चुनावी बैठक अब छह फरवरी को

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के मेयर के चुनाव दो बार हंगामों की वजह से टल चुके हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सिफारिश पर उप राज्यपाल बीके सक्सेना ने इस चुनाव के लिए तीसरी बैठक के लिए छह फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस तिथि को होने वाले चुनाव में एमसीडी के मेयर, डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों का चुनाव होगा। इस एलान के बाद फिर से दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग एमसीडी के शासन में भाजपा से दुखी थे। अरविंद केजरीवाल की गारंटी पर भरोसा करके दिल्ली के लोगों ने एमसीडी में सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट दिया। दिल्ली के लोगों ने 15 साल के शासन के बाद भाजपा को हराया है। अब भाजपा साजिश करके मेयर के चुनाव को रोक रही है। सिसोदिया ने आगे कहा, उम्मीद है कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र का सम्मान करते हुए 6 फरवरी को मेयर का चुनाव होने देगी।

›› पेज 2 भी देखें



**मेयर के चुनाव में 273 पार्षद वोट डालेंगे**

मेयर के चुनाव में 273 पार्षद वोट डालेंगे। बहुमत के लिए 138 का आंकड़ा चाहिए। कांग्रेस के गैरहाजिर होने पर 133 का आंकड़ा चाहिए। अभी आप के पास 134 पार्षद हैं। इसके अलावा 3 राज्यसभा सांसद और 13 विधायक हैं। भाजपा के पास 7 सांसद और 1 विधायक मिलाकर कुल 113 वोट हैं। वहीं, कांग्रेस के 9 पार्षद और निर्दलीय दो पार्षद हैं। इस चुनाव में 250 पार्षदों के साथ 10 सांसद (7 लोकसभा सांसद और 3 राज्यसभा सांसद), 13 विधानसभा सदस्य वोट डालेंगे। इससे स्पष्ट है कि बहुमत का आंकड़ा आम आदमी पार्टी के पास है। मेयर के लिए आप आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा की ओर से रेखा गुप्ता मैदान में हैं। वहीं, डिप्टी मेयर के लिए आप ने मोहम्मद इकबाल और भाजपा ने कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है।

**पर्यावरण**

### पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जंगली हाथी

# जंगलों के विकास में प्राकृतिक भूमिका है उनकी

- अधिक कार्बन सोखने वाले पेड़ों को फायदा
- शिकार और शहरीकरण ने आबादी कम की
- जैव विविधता का प्राकृतिक माली है हाथी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** दुनिया में पर्यावरण संकट एक महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। दरअसल यह एक ऐसा खतरा है जो मानव जाति के साथ साथ दुनिया के अन्य प्राणियों के जीवन पर भी संकट बन गया है। पहली बार यह पता चला है कि दुनिया में वनों के विकास और विस्तार में जंगली हाथियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सेंट लुइस विश्वविद्यालय के शोध दल ने इस पर काम किया है और अपनी शोध रिपोर्ट से दुनिया को अवगत कराया है। दरअसल यह पाया गया है कि हाथियों का झूंड लगातार इधर उधर मंडराते हुए नये इलाकों में जंगल पैदा करने में सबसे प्रमुख भूमिका निभाता है। इसकी वजह से जैव विविधता का भी प्रसार होता है। नेशनल एकाडेमी ऑफ साइंस की पत्रिका में इस शोध के बारे में बताया गया है।

›› पेज 2 भी देखें

**शोध दल का नेतृत्व वहां के असिस्टेंट प्रोफसर स्टीफन ब्लैक ने किया**

इस शोध दल का नेतृत्व वहां के असिस्टेंट प्रोफसर स्टीफन ब्लैक ने किया है।
जिसमें कहा गया है कि हाथियों और हाथियों की संख्या कम होने की वजह से जंगलों पर जो खतरा बढ़ गया है, उसके मूल में इंसान ही है। हाथियों के शिकार और शहरीकरण के अलावा औद्योगिक गतिविधियों ने जंगल के इस सबसे विशाल प्राणी का जीवन खतरे में डाल दिया है। यह बताया गया है कि जंगल में कार्बन सोखने वाले दो किस्म के पेड़ होते हैं। कुछ पेड़ ऐसे होते हैं जो जल्दी बढ़ते हैं और कम कार्बन सोखते हैं। दूसरी तरफ वैसे बड़े पेड़ भी होते हैं जो धीरे बढ़ते हैं और अधिक कार्बन सोखते हैं। हाथियों का जीवन चक्र इसी को व्यवस्थित करता है। हाथियों का झूंड कम कार्बन सोखने वाले पेड़ों को अपना भोजन बनाते हैं और उनमें मौजूद पौष्टिकता से वह अधिक कार्बन सोखने वाले पेड़ों को फायदा पहुंचाते हैं। शोध में खास तौर पर अफ्रीका के जंगल और वहां की जैव विविधता के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसमें बताया गया है कि जंगलों का भौगोलिक क्षेत्र बढ़ने से ही हवा में मौजूद कार्बन को सोखने की गति बनी रहती है। अगर अफ्रीका के मध्य और पश्चिमी इलाकों के घने जंगल समाप्त हो गये तो पूरी दुनिया का परिस्थितितंत्र ही बिगड़ जाएगा।

## अचानक अंदर आया बहुत बड़ा पत्थर बाल बाल बचे

**राष्ट्रीय खबर**

**हवाई:** यहां का एक परिवार ईश्वर की कृपा से बाल बाल बच गया। हवाई के होनोलुलू में यह घटना गत शनिवार की रात को घटी थी। सौभाग्य से इस घटना में किसी को भी चोट नहीं पहुंची है। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से यह साफ नजर आया कि घर में मौजूद एक महिला के ठीक बगल से यह पत्थर घ?को तोड़ता हुआ आगे निकल गया। कैमरे की नजर से ही साफ पता चल जाता है कि यह पत्थर करीब पांच फीट ऊंचा था और काफी तेज गति से घर के अंदर आया था। इस पत्थर की



चपेट में आने वाला कोई भी शख्स मारा भी जा सकता है। सौभाग्य से ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह पत्थर घ? की बाहरी दीवारों को तोड़ने के बाद अंदर आया और घ? के बेड रूम के पास जाकर रूक गया। बीच की सारी दीवारों को उसने अपनी तेज गति की वजह से तोड़ दिया था। सीसीटीवी के मुताबिक

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

रांचीः झारखंड के रांची में 17, 18 और 19 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला, खनन एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने उनसे खेल महोत्सव के उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। सांसद ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा से भी मुलाकात की और उन्हें भी इस महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉन बारला से मुलाकात कर उन्हें भी इस महोत्सव के लिए आमंत्रित किया।

**राशन** 20 लाख अतिरिक्त लोगों को मिलेगा अन्न का अधिकार

# मुख्यमंत्री की पहल पर पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा शुरू

▶▶ मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का मिलेगा लाभ

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के उपरांत अन्न के अधिकार से वंचित सभी जरूरतमंदों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की गति को तेज का दिया गया है। इसके लिए पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन राज्य भर में एक से 14 फरवरी 2023 तक आयोजित किया गया है। इसके तहत राशनकार्ड में आधार सुधार संबंधित कार्य, एक व्यक्ति का कई राशनकार्ड में दर्ज नाम को विलोपन की कार्रवाई, राशनकार्ड में मृत व्यक्तियों का नाम हटाने, अपवाद पंजी से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले लाभुकों के चिह्नितीकरण की कार्रवाई, डुप्लीकेट आधार संख्या का सत्यापन, विगत छह माह या अधिक अवधि से खाद्यान्न उठाव न करने वाले लाभुकों का भौतिक सत्यापन, दाल-भात केन्द्र के लाभुकों को दाल-भात ऐप्स के माध्यम से भोजन और ऑफलाईन डीलर को ऑनलाईन में परिवर्तन करने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री के आदेश पर ना सिर्फ पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, बल्कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तगर्त आच्छादित लाभुकों के ई- केवासी के माध्यम से त्वरित गति से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके लिए एक से 15 फरवरी 2023 तक प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से कैम्प आयोजित कर आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तगर्त आच्छादित लाभुकों का ई- केवाइसी के माध्यम से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित होगा। इसके लिए प्रत्येक दिन लगातार कैंप का आयोजन किया जायगा। इसके तहत वैसे परिवार जिसके पास गुलाबी , पीला या हरा राशन कार्डधारी होगा ऐसे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुक के निबंधन हेतु प्रज्ञा केन्द्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ उपास्थित होना आवश्यक होगा। इस कार्य में सहिया, राशन डीलरो, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सेविका एवं अन्य अधिक से अधिक योग्य परिवारों को कैंप में लाना सुनिश्चित करेंगे।

सभी प्रज्ञा केन्द्रों को प्रतिदिन कम से कम 50 योग्य परिवारों के निबंधन का लक्ष्य निर्धारित है। सहिया, राशन डीलरों, स्वयं सहायता समूह की महिलाए, सेविका व अन्य कार्ड बनवाने में असमर्थ कम से कम 15 लोगों को प्रतिदिन निकतम प्रज्ञा केन्द्रों में लेकर जाना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी पंचायतो में कैंप आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

रघुवर दास ने हेमंत सरकार को ललकारा, कहा

## हिम्मत है तो कल ही लागू करिए 1932 खतियान

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 1932 खतियान को लेकर सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड के भोले भाले आदिवासी जनता को इसके नाम पर बरगला रहे हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल से ही 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और 27 पिछड़ों के लिए आरक्षण को लागू करें।रघुवर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह जानकारी है कि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सरकार को यह अधिकार दिए गए हैं। जब अधिकार है तो 1932 वाले कानून को केंद्र को भेज कर झारखंडी युवकों को सरकारी नौकरी से वंचित क्यों कर रहे हैं। ये सभी बातें रघुवर दास ने जमशेदपुर के जी भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ सभागार में कही हैं।रघुवर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री ने खतियानी जोहार यात्रा के दौरान कहा है कि राज्य सरकार जो चाहेगी वही करेगी। वह संविधान की धज्जियां उड़ने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार अपने कानून से संतुष्ट हैं, उनके बनाए नियम कायदे संवैधानिक रूप से सही हैं तो फैसले अविलंब लागू करें। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान सहित अविलंब रिक्तियां निकालें।

कोल्हान के बाद संथाल में झामुमो का फोकस

## स्थापना दिवस पर राज्यभर से जुटेंगे कार्यकर्ता

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** कोल्हान में खतियान जोहार यात्रा की समाप्ति के बाद अब दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता जुट रहे हैं। मौका है झामुमो का 44वां स्थापना दिवस। उपराजधानी दुमका के ऐतिहासिक गांधी मैदान में हो रहे इस समारोह में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन के साथ राज्यभर के कार्यकर्ता जुटे हैं। सूत्रों की मानें, तो स्थापना दिवस समारोह के साथ ही पार्टी अब अपने मजबूत गढ़ संथाल में चुनावी तैयारी में उतर रही है। स्थापना दिवस समारोह के साथ ही 2024 के चुनाव को टारगेट कर कार्यकताओं में जोश भरा जाएगा, साथ ही साथ कार्यकताओं को टास्क भी दिया जायेगा।

हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के सत्ता में आने का कारण कोल्हान के बाद संथाल परगना ही रहा है। कोल्हान से झामुमो के 11 विधायकों के बाद संथाल से ही पार्टी के 9 विधायक हैं। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को मिला दें, तो दोनों ही जगह इनके क्रमशः 13-13 विधायक हैं। यही कारण है कि झामुमो और भाजपा दोनों का जोर कोल्हान और संथाल है। बीते दिनों भाजपा नेता अमित शाह की चाईबासा रैली के बाद झामुमो ने कोल्हान में खतियान जोहार यात्रा की। फिर संथाल परगना के देवघर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई।

अब गोड्डा में आगामी 4 फरवरी को विजय संकल्प रैली बुलायी गयी है, जिसमें अमित शाह उपस्थित रहेंगे। वहीं, झामुमो भी स्थापना दिवस समारोह के साथ चुनावी तैयारी में उतरने जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार के लिए तीन महत्वपूर्ण फैसलों के बाद अब संथाल स्थित झामुमो की परंपरागत सीटों पर सेंधमारी करना किसी भी दल के लिए आसान नहीं होगा। इन फैसलों में 1932 खतियान आधारित स्थानीयता, सरना धर्म कोड और एससी, एससी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाना शामिल हैं।

संथाल परगना के कुल 18 सीटों में से झामुमो के पास कुल 9 सीटें हैं। यहां की अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सभी 7 सीटों पर तो कब्जा है। इसके अलावा दो सामान्य सीटों नाला और मधुपुर पर भी पार्टी का कब्जा है। कोल्हान के कुल 14 सीटों में से झामुमो के पास कुल 11 सीटें हैं। वहीं, संथाल और कोल्हान में कांग्रेस पार्टी के क्रमशः 4 और 2 सीटें हैं। हाल के दिनों में कई अप्रत्याशित और अप्रिय घटनाक्रमों के अलावा कुछ लोगों के भाजपा में शामिल होने की वजह से भी झामुमो की चिंता बढ़ी है। संथाल ही वह इलाका है, जहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा को सबसे अधिक राजनीतिक ताकत मिलती है। इसलिए राजनीति के पक्के खिलाड़ी बन चुके हेमंत सोरेन इस किलाबंदी को कमजोर होने का कोई मौका ही किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी को नहीं देंगे।

## कांग्रेस के ग्रामीण जिला के कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**राष्ट्रीय खबर**



रांचीः ग्रामीण कांग्रेस रांची जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को इस्तीफा पत्र भेज दी गई है। ऐनुल हक अंसारी ने 2 फरवरी को यह जानकारी दी। श्री अंसारी ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कि?या। कहा कि वर्तमान झारखंड कांग्रेस कमेटी पार्टी की विचारधारा से भटक चुकी है। पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता को नजरअंदाज किया जा रहा है। वर्तमान कांग्रेस की हालत ऐसी हो चुकी है कि यहां खुद कार्यकर्ता जन मुद्दों को लेकर आवाज नहीं उठा सकते। लोग चाटुकारी कर पार्टी के शीर्ष पदों पर काबिज हैं। इससे कांग्रेस के सच्चे सिपाही अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।अंसारी ने आगे कहा कि झारखंड में मॉब लीचिंग, बीते दिन रांची के मेन रोड पर अल्पसंख्यकों पर गोली कांड जैसी घटनाओं पर चुप्पी साधना से कहीं ना कहीं पार्टी के प्रति अल्पसंख्यकों का विश्वास खत्म होता जा रहा है।

सरकार के 3 साल बीत जाने के बाद भी उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं होना, 20 सूत्री क्रियान्वयन कमेटी, बोर्ड, निगम जैसी संवैधानिक पदों का अभी तक गठन नहीं हो पाना भी वर्तमान पार्टी के प्रदेश के पदधारियों की मानसिकता को दशार्ता है।अंसारी ने कहा कि वह खुद 25 साल तक पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए दिनरात सींचा। यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष से लेकर जिला कमेटी के पद तक का कर्तव्य पूरी ईमानदारी से निभाया। पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी सौंपी, उसे पूरी निष्ठा से निभाया। फिर भी वर्तमान झारखंड कांग्रेस कमेटी में चाटुकारी, गुटबाजी हावी है। पार्टी में पुराने कार्यकर्ता को हक उन्हें नहीं दिया गया। इन्हीं कारणों से झारखंड में कांग्रेस कमजोर होते जा रही है। श्री अंसारी ने कहा कि अधिकतर पार्टी के सच्चे सिपाही अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पार्टी का दामन छोड़ रहे हैं। मैं आज कांग्रेस से इस्तीफा दे रहा हूं। मेरे इस्तीफा देने से बाकी कांग्रेस के सच्चे सिपाहियों को अगर पार्टी में सही सम्मान मिले तो मुझे बहुत खुशी होगी।

## अमृतकाल एवं विकास का बजट : डॉ उमेश गुप्ता

**राष्ट्रीय खबर**



रांचीः भाजपा नेता डॉ उमेश गुप्ता ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को चरितार्थ करते हुए गरीबों, वंचितों, किसान भाइयों युवाओं, महिलाओं एवं देश के सवार्गीण विकास के लिए लाए गए 2023-24 की ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में यह बजट अहम भूमिका निभायेगा। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया इनकम टैक्स स्लैब पेश किया है, जिसमें सबसे ज्यादा मध्यवर्गीय परिवार का ध्यान रखा गया है , अब सालाना 7 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई आयकर नहीं देना पड़ेगा। अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा ।

**दौरा** कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश, संथाल में जीत का देंगे टिप्स

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार को देवघर पहुंचेंगे

▶▶ एक माह में दूसरी पर झारखंड में करेंगे रैली

▶▶ लोक सभा चुनाव में भाजपा को दो सीटों पर मिली थी हार

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 4 फरवरी को देवघर आ रहे हैं। वे जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में बनने वाले इफको के नैनो फर्टिलाइजर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। साथ ही संथाल में बीजेपी की जीत के लिए कार्यकताओं को संकल्प दिलायेंगे। अमित शाह बीजेपी के विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर देवघर में बीजेपी नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया है। देवघर विधायक नारायण दास और सारठ विधायक रणधीर सिंह तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश , विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी , राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से लेकर तमाम नेता देवघर पहुंच चुके हैं। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक महीने के भीतर अमित शाह की झारखंड में ये दूसरी रैली होगी । पहली रैली 7 जनवरी को चाईबासा में हुई थी। चाईबासा में अमित शाह ने जमीनी स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक की थी ।

वहीं दूसरी रैली 4 फरवरी को देवघर में होनी है। खाद कारखाने का शिलान्यास के बाद अमित शाह विजय संकल्प रैली के माध्यम से संथाल में जीत का संकल्प दिलाएंगे। सनद रहे कि पहले यह रैली साहिबगंज में होनी थी लेकिन समय की कमी के कारण देवघर में ही ये रैली आयोजित होगी। देवघर में विधानसभा कोर कमिटी की संयुक्त बैठक करेंगे और कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स देंगे। विदित हो कि झारखंड में कुल 14 लोकसभा सीट हैं। लोकसभा चुनाव 2014 में बीजेपी ने 12 सीटों में जीत हासिल की हैं, जबकि दो सीट राजमहल और पश्चिम सिंहभूम में हार का सामना करना पड़ा था।

बीजेपी ने इन सीटों को जीतने का संकल्प लिया है, जिसकी कमान अमित शाह ने खुद थाम रखी हैं। संथाल की राजनीति की बात करें तो लोकसभा की 3 सीटें हैं। जिसमें से दो सीट गोड्डा और दुमका में तो बीजेपी जीत हासिल की है। वहीं राजमहल से हार मिली थी। लेकिन विधानसभा के 18 सीटों के गणित में बीजेपी पीछे ही है। विधानसभा में अभी भी जेएमएम का ही दबदबा है। जिसके पास 9 सीटें हैं जबकि कांग्रेस के पास पांच सीटें हैं और कांग्रेस के दो विधायक आलमगीर आलम और बादल पत्रलेख सरकार में मंत्री भी हैं। बीजेपी के पास सिर्फ 4 सीटें ही हैं। अब देखना यह खास होगा कि अमित शाह के देवघर दौरे से राजमहल की सीट पर क्या असर पड़ेगा। हालांकि देवघर में रैली से राजमहल को साधना थोड़ा मुश्किल जरूर है। लेकिन पूरे संताल के कार्यकर्ता आ रहे हैं तो उनकी हौसला अफजाई जरूर होगी।

## न्यूज फटाफट

### सीएम ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का दिया भरोसा

रांचीः जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है । मेरी हमेशा कोशिश होती है कि जनता से मुलाकात और सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझें ताकि उसके निराकरण की दिशा में पहल की जा सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरूवार को खिजुरिया, दुमका स्थित अपने आवास पर मुलाकात करने आए लोगों से ये बात कही। इस मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपने यहां जो समस्याएं रखी हैं, उसके शीघ्र निराकरण की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। लोगों ने भी मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है।

**पेज एक का शेष**

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को .. ..

करते हुए भारी हंगामा किया जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बीच में पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने जरूरी कागज़ात सदन के पटल पर रखवाए। वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू करवाते कि इससे पहले ही सदस्यों हंगामा शुरू कर दिया।

### क्रेडिस स्विस ने भी अडाणी .. ..

बॉन्ड के एवज में 75% से 80% के बीच उधार देने की पेशकश की है। जब कोई निजी बैंक किसी कंपनी के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू शून्य कर देता है तो संबंधित कंपनी को ऋण जारी रखने के लिए नकद के साथ टॉपअप करना पड़ता है। कंपनी को दूसरे विकल्प के तहत दूसरे कॉलेटरल मुहैया कराने होते हैं। अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है तो कंपनी की सिक्योरिटीज जब्त कर की जा सकती है। क्रेडिट सुइस की कार्रवाई के बाद फोर्ब्स की लिस्ट के अनुसार दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में गौतम अदाणी 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### भारत ने इस सतत .. ..

अवसर है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने हमारे समक्ष कड़ी चुनौती पैदा कर दी है। इस वैश्विक मुद्दे का हल ढूंढने में इस विचार-विमर्श से निश्चित रूप से रास्ता निकलेगा। सोनोवाल ने कहा, दुनिया मूलभूत वैश्विक प्रणालियों के कमजोर पड़ने के कारण परेशान है, जिन्हें कोविड-19 वैश्विक महामारी ने काफी हद तक उजागर किया है, ऐसे में भारत की जी20 अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र 2030 सतत विकास लक्ष्यों (एसीडडीजी) को हासिल करने की प्रक्रिया के मध्यबिंदु पर एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस दो दिवसीय बैठक में हम जलवायु परिवर्तन से निपटने में आने वाली वित्तीय कठिनाईयों की पहचान करने और विश्व हित में समान विकास करने के लिए प्रयास करेंगे। दो दिवसीय बैठक में चार सत्र होंगे। कई विदेशी प्रतिनिधियों ने कल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य, गोरभंगा आरक्षित वन, ब्रह्मपुत्र नदी द्वीप और ब्रह्मपुत्र विरासत केंद्र जैसे कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच .. ..

कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की देखरेख में एक निष्पक्ष जांच समिति बनाकर रिपोर्ट की जांच हो।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और जेपीसी या शीर्ष न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित जांच समिति से इसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब सूट बूट की सरकार, हम दो, हमारे दो और अब मित्र काल की बात करते हैं, तो वह किसी उद्योगपति के बारे में नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाई व्यवस्था की बात करते हैं जिसमें वह अपने चुने हुए दोस्तों को देश लूटने की छूट देते हैं। हम किसी खास भारतीय कॉरपोरेट घराने नहीं बल्कि क्रोनी कैपिटलिज्म के खिलाफ हैं। जब चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम बदले जाते हैं तो कांग्रेस उसके खिलाफ है।

### एमसीडी की चुनावी बैठक .. ..

भाजपा अब आम आदमी पार्टी का मेयर बनने देगी। आम आदमी पार्टी का मेयर काम करेगा, तो तुरंत सारे काम हो जायेंगे। इससे पहले एमसीडी के मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव दो बार हंगामे के कारण रद्द किया जा चुका है।

### जंगलों के विकास में..

रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि हाथियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है और इस वजह से जंगल भी कम हो रहे हैं। यह स्थिति पूरी दुनिया को खतरे की तरफ धकेल रही है।

हाथियों के मल जंगलों का विस्तार करती जाती है। भोजन करने के क्रम में हाथियों का दल कम कार्बन सोखने तथा अधिक पौष्टिकता वाले पेड़ों के पत्ते खाते हैं अथवा फल चबाते हैं। इसी क्रम में वे ऐसे पेड़ों की छालों, डालों और कई बार पूरे पेड़ को ही उखाड़ देते हैं। इससे धीरे धीरे बढ़ने वाले पेड़ों को कम चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और जंगल का विस्तार होता चला जाता है। बड़े पेड़ों पर लगने वाले फलों को खाने वाले हाथी उनके बीज दूर तक पहुंचाने का काम भी करते हैं। इससे जमीन पर मौजूद ऐसे बीज अनुकूल माहौल पाकर पनपते लगते हैं। प्रोफसर ब्लैक के मुताबिक इस आचरण की वजह से हाथियों को जंगल का प्राकृतिक माली कहा जा सकता है जो अधिक कार्बन सोखने वाले पेड़ों को रोपता है और वहां से खर पतवार की सफाई करता चला जाता है।

कभी अफ्रीका में एक करोड़ से अधिक हाथी रहा करते थे। अब उनकी संख्या पांच लाख से भी कम हो गयी है। जंगल नष्ट होने की वजह से उनके निवास भी सीमित हो चुके हैं और वहां भी इंसान हमला कर रहा है। पिछले तीस वर्षों में हाथियों की आबादी 80 प्रतिशत कम हुई है। इनमें शिकार की प्रमुख भूमिका है। दूसरी तरफ औद्योगिक और आबादी के बसने की वजह से भी हाथियों के चलने फिरने के इलाका कम होता चला जाता है। इंसानों के साथ हाथियों के संघर्ष की मूल वजह भी यही है। इंसान ही दरअसल हाथियों के इलाके में जबरन घुसपैठ कर चुके हैं।

### अचानक अंदर आया बहुत .. ..

उस वक्त घर में चार सदस्य मौजूद थे। घर की एक महिला कैरोलिन सासाकी टीवी देखने के लिए अपने सोफा की तरफ बढ़ रही थी। उन्होंने जहां से अपना कदम आगे बढ़ाया था, ठीक उसी स्थान से यह विशाल पत्थ? तेज उनके ठीक सामने से आगे निकल गया। बहुत तेज शोर होने की वजह से घर पर मौजूद सभी का ध्यान इस ओर गया था। पत्थर के आगे निकल जाने के बाद सभी वहां पर एकत्रित भी हुए। सीसीटीवी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इसे देखने वालों ने महिला के बच जाने और घर पर मौजूद किसी भी अन्य व्यक्ति के घायल नहीं होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कैरोलिना ने बाद में स्थानीय मीडिया को बताया कि उनके ठीक सामने से इतने बड़े पत्थर के निकलने के पहले उन्हें यह पत्थर आता हुआ भी नहीं दिखा था। घर के सभी को सिर्फ बहुत तेज आवाज सुनाई पड़ा। बाद में लोगों ने घर के अंदर आने वाले इस बड़े पत्थर को देखा। वैसे इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्थानीय प्रशासन इस बात की जांच कर रहा है कि वह पत्थर दरअसल कहां से आया था। अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच पड़ोस के एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उनके घर में भी एक दो फीट आकार का पत्थर आया था लेकिन वह चारदीवारी के बाहर ही आकर रूक गया था।

शहर >> अपडेट

## रांची-विलुप्पुरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आज से

रांची: यात्रियों की सुविधा के लिए रांची-विलुप्पुरम रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08068 रांची-विलुप्पुरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3/02/2023 से 24/02/2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान शुक्रवार 23:55 बजे, मूरी आगमन 01:00 बजे प्रस्थान 01:05 बजे, पुरुलिया आगमन 02:58 बजे प्रस्थान 03:00 बजे, चाईबासा आगमन 05:03 बजे प्रस्थान 05:05 बजे, भुवनेश्वर आगमन 12:35 बजे प्रस्थान 12:40 बजे, विजयनगरम आगमन 18:45 बजे प्रस्थान 18:55 बजे, दुव्वाड़ा आगमन 20:43 बजे प्रस्थान 20:45 बजे, विजयवाड़ा आगमन 03:45 बजे प्रस्थान 04:00 बजे, गूडूर आगमन 10:48 बजे प्रस्थान 10:50 बजे, चेन्नई एग्मोर आगमन 13:30 बजे प्रस्थान 14:00 बजे एवं विलुप्पुरम आगमन रविवार 16:30 बजे होगा।

समारोह

### बीएयू के 7वें दीक्षांत समारोह में 24 छात्र-छात्राओं को मिला

# हर नया दौर नई चुनौतियां व अवसर लेकर आता है : राज्यपाल




राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि जीवन में कभी भी सीखने में संकोच नहीं करें, दूसरे के श्रेष्ठ गुणों का अनुकरण करें, अच्छे मार्ग पर चलें, यही एक उत्तम और सफल विद्यार्थी के गुण होते हैं। सीखने की कभी कोई उम्र या सीमा नहीं होनी चाहिये।

जीवन में अधिक से अधिक ज्ञान हासिल करने की भूख सदैव बनी रहनी चाहिए तभी आपलोग नई-नई ऊंचाइयों को हासिल कर पायेंगे। राज्यपाल गुरुवार को बिरसा कृषि विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि त्तबिरसा कृषि विवि को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा जारी नेशनल रैंकिंग में वर्ष 2017 में जहां 53वां स्थान मिला था, वहीं, वर्ष 2018 में यह विवि देश के टॉप 60 कृषि विश्वविद्यालयों की सूची से भी बाहर हो गया। हालांकि वर्ष 2020 में इसे 58वां स्थान प्राप्त हुआ। लेकिन क्या कारण है कि वर्ष 1981 में स्थापित यह संस्थान टॉप 20 या टॉप 30 में नहीं आ पाया है। इसकी वजह तलाशना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि ये भी देखना होगा कि आईसीएआर ने रैंकिंग के लिए जो मापदंड तय किये हैं जैसे कि आधारभूत सरंचना, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों की स्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, प्लेसमेंट, शोध कार्य, शिक्षकों और वैज्ञानिकों का विदेश दौरा, नेशनल और इंटरनेशनल फंड की स्थिति, किसानों के हित व सामाजिक दायित्व के तहत कार्य इत्यादि का किस हद तक अनुकरण हो रहा है। मुझे उम्मीद है विवि इन सब मुद्दों पर गंभीरता से विचार और मंथन करेगा। भारत में कृषि अनुसंधान अभी भी अन्य देशों की तुलना में कम है। जो भी कृषि क्षेत्र में शोध किये जाते हैं या होते हैं उसके परिणाम गरीब किसानों को उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।

यहां तक कि अगर किसी तरह एक गरीब किसान ने इसे लागू किया, तो उसके उचित कार्यान्वयन के लिए उसको कोई मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। दीक्षांत समारोह हर विद्यार्थी के लिए एक यादगार दिन होता है जो उन्हें अपनी उपलब्धियों पर गर्व करवाता है। विवि के लिए भी यह एक विशेष दिन है क्योंकि विद्यार्थियों की उपलब्धियों में ही विवि की उपलब्धि शामिल है। उन्होंने कहा कि अब उपाधि ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने निश्चित रूप से अपना भविष्य और लक्ष्य तय कर लिया होगा, अपने आगे की रणनीति भी बना ली होगी। आप सब जानते हैं कि हर नया दौर नई चुनौतियां और नये अवसर लेकर आता है। इन अवसरों का लाभ आप अपनी रुचि एवं प्रतिभा के अनुसार उठायेंगे और विभिन्न चुनौतियों का मुकाबला यहां से प्राप्त ज्ञान, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अपने अनुभव से कुशलतापूर्वक करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि कृषि संचालन के संबंध में कुछ पुरानी समस्याएं हैं जिनका सामना किसान अभी भी कर रहे हैं और कृषि अनुसंधान की कमी के कारण ये समस्याएं अभी भी हैं। इस दिशा में आप लोगों को किसानों के साथ बैठकर कदम उठाने की आवश्यकता है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्णतः प्रयत्नशील रहना चाहिए। कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रणालियों को विकसित करने में भी आपका योगदान महत्वपूर्ण होगा। किसानों को उन्नत बीज और नई-नई तकनीकों की जानकारी देना भी आपका दायित्व होना चाहिये।

न्यूज फटाफट

## श्याम मंदिर में महंत मोहनदास ने भक्तों दिया आर्शीवाद



रांची : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरूवार का दिन बड़ा ही हर्षोल्लास वातावरण सुबह से ही भक्तों के बीच था। मौका था खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के प्रमुख महंत मोहनदास महाराज का हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आगमन का। महंत मोहनदास ने गुरूवार को प्राण प्रतिष्ठित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पधार कर भक्तों में बाबा श्याम का आशीर्वाद बरसाया। महंत ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेका एवम गर्भगृह प्रवेश करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया। श्री श्याम मंदिर के प्रथम आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा ने मोहनदास जी के निदेर्शानुसार भोग चढ़ाया। मंदिर पहुंचते ही अध्यक्ष सुरेश रावल के नेतृत्व में भक्तों ने उनका स्वागत किया । मंदिर के प्रथम आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा के साथ मंदिर के आचार्यों ने वैदिक रीति से उनका चंदन वंदन करके अभीवादन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के 51वे स्थापना दिवस व फाल्गुन महोत्सव के पंच दिवसीय आयोजन का पोस्टर का पूजन करके महाराज श्री ने अपने करकमलों द्वारा लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि फाल्गुन माह में पूरे देश भर में खाटू नरेश का बड़े-बड़े महोत्सव होते हैं। उल्लेखनीय है कि खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर के आदि महंत भक्त शिरोमणि ब्रह्मलीन आलू सिंह जी महाराज की विरासत को महंत मोहनदास जी संभाल रहे हैं। श्याम भक्तों में मोहन दास को महाराज श्री के नाम से जाना जाता है श्री मोहन दास जी महाराज जी आज विशेष रूप से अपनी कीमती समय निकालकर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड पधारे थे। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से अपना समय निकाला। महाराज श्री इसके तुरंत बाद अंबिकापुर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान कर गये। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया,मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उप मंत्री अनिल नारनौल, स्नेह पोद्दार, डॉक्टर सुनील रुंगटा, पूर्व सांसद अजय मारू, अमित सरावगी, रतन शर्मा, किशन शर्मा,कविता मित्तल, अरविंद सोमानी,राजेश सिंह, मयंक अग्रवाल, स्मृति सनाया, विजय साबू, मीरा अग्रवाल, रोशन खेमका, रौनक पोद्दार, किशन शर्मा, राजेश कटारूका,मदन सोनी, सलज अग्रवाल इत्यादि अनेक श्याम प्रेमियों ने महाराजश्री से आशीर्वाद तथा स्नेह प्राप्त किया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों को महंत जी ने अपने कर कमलों से पंचमेवा प्रसाद फल प्रसाद प्रसाद व बाबा की भेंट वितरित की। भजनों का गायन किया गया। पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि



रांची :जगदेव प्रसाद क्रांतिकारी दूरदर्शी राजनेता थे। देश को विकसित करने के लिए समान शिक्षा के महत्व को समझा था और एक अभियान भी चलाया था उन्होंने कहा था राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी का संतान या हो ब्राह्मण भंगी का संतान सबको शिक्षा एक समान। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद प्राइमरी और मिडिल की शिक्षा निशुल्क करने का और मतदाता पहचान पत्र बनाने का अभियान भी चलाया था जो साकार हुआ है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा उनके बताए गए मार्गों पर चलेगा और अधूरे काम को पूरा करेगा।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राजधानी रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र में करोड़ो की सरकारी जमीन पर अतिक्रण हटाया जायेगा। कड़ी सुरक्षा के बीच अतिक्रमण हटाने की तैयारी जिला प्रशासन ने की है। गुरुवार से शनिवार तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलेगा। दो मजिस्ट्रेट के साथ-साथ करीब 100 सुरक्षा बल की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया जायेगा। पुंदाग ओपी क्षेत्र के इलाहीनगर, आलमहाता चौक, डूगडूगिया, विष्णुनगर सहित अ?य इलाको में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाया जायेगा। इलाके में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके कच्चे-पक्के मकान बना लिए हैं। वही कई जगह बाउंड्री वाल बनाकर छोड़ दिया गया है। प्रशासन फिलहाल कच्चे मकान औ? बाउंड्री वाली जमीन को अतिक्रमण मुक्त करायेगी, वही अवैध कब्जे में लेकर पक्के मकान बनाने वालो को पहले नोटिस दिया जायेगा। इसके बाद हटाया जायेगा।

### सोना महंगा करना बजट का सकारात्मक निर्णय

# गोल्ड सोवरेन में निवेश बढ़ेगा: चैंबर

Federation of Jharkhand Chambers of Commerce and Industries

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** केंद्रीय बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। बजट साल 2023-24 का बजट है। अलग-अलग सेक्टर के लोगों की इस मामले में अलग-अलग राय है। कुछ लोगों ने इस बजट को चुनावी बजट बताया तो कुछ ने इसका स्वागत किया। व्यापारियों के बीच भी अलग-अलग सेक्टर में निवेश को लेकर अलग-अलग मत है। इसी बीच झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस की प्रवक्ता ज्योति कुमारी ने भी बजट की सराहना की। महिला और बाल विकास क्षेत्र में हुए निवेश को उन्होंने अच्छी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि बजट काफी मुद्दों और समाज के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अलग अलग वर्गों और क्षेत्रों को ध्यान में रखकर सरकार ने बजट राशि तय की गयी है। वहीं, कुछ नयी योजनाओं की भी घोषणा की गयी। महिला सशक्तिकरण के लिये महिला सम्मान बचत पत्र की घोषणा स्वागतयोग्य है। सोना महंगा करना सरकार का सकारात्मक पहल है। ऐसा करने से गोल्ड सोवरेन में निवेश बढ़ेगी। गोल्ड सोवरेन में अधिक निवेष से ब्याज भी अधिक बनेगा। महिला एमएसएमई के लिये एक फीसदी की छूट सराहनीय पहल है। जिससे महिला उद्यमी आगें बढ़ेंगी।बजट के कुछ दिनों पहले से चैंबर ऑफ कॉर्मस लगातार वित्त विभाग को सुझाव प्रेषित कर रहा था। जिसमें अन्य पांच जिलों के साथ मिलकर चैंबर मंथन कर रहा था। बजट पेश होने के साथ ही चैंबर ऑफ कॉर्मस ने बजट को चैंबर के अनुकूल बताया था। चैंबर कार्यकारिणी के सदस्यों ने बताया कि 70 फीसदी तक बजट चैंबर के सुझावों के अनुरूप है। जिसमें छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान शामिल है। बजट में कृषि से लेकर एमएसएमई समेत सभी सेक्टरों को शामिल किया गया है। आदिवासियों के लिये 15 हजार करोड़ का प्रावधान सरकार ने किया। चैंबर भी आदिवासियों की भूमिका उद्योगों में तय करने के लिये योजना की मांग करते रही है। ऐसे में बजट से युवा से लेकर सीनियर सिटिजन तक लाभांवित होंगे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के नये शाखा का उद्घाटन

रांची : बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के नये शाखा का उद्घाटन बूटीमोड़ में किया गया। नये शाखा का उद्घाटन अंचल प्रमुख श्री सोनाम टी भूटिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संजय कुमार बर्णवाल, श्रेत्रीय प्रमुख मनीष कुमार, उपक्षेत्रीय प्रमुख गौतम पॉल, अधिवक्ता अभिषेक जैन आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संजयकुमार बर्णवाल ने दी।



## कृषि विपणन शुल्क विधेयक पर व्यापारी बुलायेंगे राज्य स्तरीय बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांची** :कृषि विपणन शुल्क विधेयक को लेकर व्यापारी लगातार चिंतन कर रहे है। मामले की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। वहीं, राज्यपाल की ओर से भी विधेयक को गंभीरता से लिया गया है। जबकि चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से इस पर लगातार बैठकें की जा रही है। अध्यक्ष किशोर मंत्री की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में कृषि विपणन बिल पर राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विधेयक की प्रावधानों और व्यापारियों के आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी। फिलहाल राजभवन के निर्णय पर भी व्यापारियों की नजर टिकी है। पिछले दिनों राज्यपाल से मिलकर व्यापारियों ने विधेयक पर हस्तक्षेप की मांग की थी। बता दें कि बीतें बुधवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सचिव अबुबकर सिद्दकी के साथ राज्यपाल ने बैठक की। जिसमें विधयेक के प्रावधानों पर चर्चा की गयी। साथ ही राज्यपाल ने मंत्री बादल पत्रलेख और विभागीय सचिव को कहा कि विधेयक जनहित को देखते हुए बनाया जायें।

## फिर से सजने लगी फूटपाथ पर दुकाने

**रांची** : राजधानी के पॉश एरिया में कांके रोड में फूटपाथ पर दुकाने एक बार फिर सजने लगी है। इससे आमलोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क के पास बने शॉपिंग मॉल के सामने तथा आम तौर पर पैदल चलने वाले के लिये सुरक्षित स्थान पर फूटपाथ दुकानदारों का कब्जा है।




नियुक्ति

### आयोग के द्वारा 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द किया गया है

# नियुक्ति विज्ञापन रद्द होने से अभ्यर्थी हताश, जेपीएससी का घेराव



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द करने के बाद युवाओं में हताशा और आक्रोश है। इन्हे एक बार फिर अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा है। बता दें कि 1 फरवरी 2023 को जेएसएससी के द्वारा एक सूचना जारी कर 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द कर दिया गया है। जितने भी एग्जाम कैलेंडर जारी किए गए थे। उन तमाम विज्ञापनों को नियोजन नीति परिभाषित नहीं होने के कारण रद्द कर दिया गया है।

बता दें कि 12 विज्ञापनों में 7952 पदों के लिए करीब 25 लाख आवेदन दिए गए थे।अभ्यर्थी गुलाम हुसैन ने कहा कि राज्य के करीब 25 लाख युवाओं के साथ धोखा और नाइंसाफी हुई है, और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। झारखंड के युवा किसी भी परीक्षा की तैयारी चार-पांच साल तैयारी करते हैं, और फिर उस विज्ञापन को रद्द कर दिया जाता है। झारखंड सरकार यथाशीघ्र नियोजन नीति को परिभाषित कर परीक्षाएं संपन्न कराये ताकि झारखंड में बढ़ रही बेरोजगारी दर को नियंत्रित किया जा सके।वहीं सौरभ समदर्शी इसे पूरी तरह सरकार की विफलता मानते हैं। वे खुद जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी हैं, और उनका कहना है कि जूनियर इंजीनियर की परीक्षा दो बार स्थगित हो चुकी है।

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पहली बार पेपर लीक के कारण और इस बार नियोजन नीति नहीं बनने के कारण अब क्या गारंटी है कि तीसरी बार परीक्षा आयोजित होगी और रिजल्ट आएगा। छात्रों का मनोबल पूरी तरह से टूट चुका है। अब तो लगता है कि किसी भी नियुक्ति परीक्षा का फॉर्म ही ना भरें। अब ये अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत लड़ाई बन चुकी है।

सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील हो चुकी है।अभ्यर्थी योगेश भारती का कहना है कि अभ्यर्थी पूरी तरह से हताश और निराश हो चुके हैं। अगर एक दो साल में ये सेटल नहीं होते हैं तो इकी उम्र सीमा खत्म हो जाएगी और इनकी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। जिसकी जिम्मेदार हेमंत सरकार होगी। अभ्यर्थियों ने अब राज्य के सभी 81 विधायकों के पास जाकर ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया है। फिर भी कोई समाधान नहीं निकलता तो उनगुलान के अलावा कोई रास्ता नहीं रह जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### हिंदी के उपयोग पर दिया गया बल

**बोकारो :** बीएसएल के सीआरएम-3 विभाग में महाप्रबंधक (सीआरएम-3) बीएन त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के आरंभ में सहायक महाप्रबंधक (सीआरएम-3) टी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विभागीय हिंदी प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पार्वती मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

**तुपकाडीह :** तुपकाडीह के बाबा महादेववर नाथ मंदिर के प्रांगण में मां पार्वती मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पुरोहित आचार्य बसंत गोस्वामी, मुन्ना पांडेय, अभिषेक पांडेय ने मुख्य यजमान टीनू मिश्रा के हाथों रुद्राभिषेक, चंडी पाठ, हवन आदि सभी विधि विधान के साथ करवाये। बाद प्रसाद वितरण व भंडारे में सैंकड़ो लोग शामिल हुए। मौके पर पूर्व जिप सदस्य रीता मिश्रा, आरबी मिश्रा, डबल्लु मिश्रा, धनीलाल मांझी, मुखिया लीलावती, योगेंद्र महली, वेदप्रकाश, सुरजन मरांडी, ओम प्रकाश, वेदप्रकाश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बोकारो :** सीआईडी बोकारो के द्वारा शहादत दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यत: सीआईडी उपाधीक्षक नीरज सिंह ने रक्तदान कर शुरूआत की। उसके बाद निरीक्षक रेखा चौधरी, उप निरीक्षक नवेंदु शेखर, पुष्पा देवी, सौरभ सिंह, आलोक कुमार सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपाधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि यह रक्तदान शिविर 30 जनवरी महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर करना था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 30 बच्चों के बीच स्कूल किट का वितरण

**बोकारो :** नावाडीह प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुनपनियां मे गुंज नई दिल्ली के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच स्कूल किट का वितरण किया गया। यह वितरण समाजसेवी फुलचंद किस्कु एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण महतो ने संयुक्त रूप से किया। समाजसेवी श्री किस्कु ने कहा कि इस तरह से विद्यालय में कार्यक्रम होने से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ऐसे कई जरूरतमंद बच्चे हैं, जो स्कुल तो आते है लेकिन उसके अभिभावक स्कूल किट खरीदने में असमर्थ है। उन्होंने गूंज नई दिल्ली एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन होने से हमारे क्षेत्र में शिक्षा कि स्थिति पर बहुत ज्यादा सुधार होगा और बच्चे की उपस्थिति भी विद्यालय मे बढेगी।

### जमीन की मापी करने पहुंची अंचल टीम बैरंग वापस

**कसमार :** कसमार प्रखंड के बगदा गांव स्थित केसर ए हिंद जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने कसमार अंचलाधिकारी को आवेदन दिया था। जिसके आधार पर आज जमीन की मापी करने अंचल की टीम बगदा गांव पहुंची। कथित अतिक्रमणकारियों द्वारा गाली गलौज एवं आक्रामक होने के कारण मापी नहीं हो पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगदा के सरकारी केसर ए हिंद जमीन जिसका थाना नंबर 103 प्लॉट नंबर 1080 तथा खाता नंबर 150 हैं। यह भूमि सार्वजनिक करम अखरा है। जिसे बगदा निवासी धरणीधर प्रसाद वर्मा, जयकुमार तथा विमल वर्मा द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

# वन-उपवन धरा के आभूषण इनका संरक्षण जरूरी : डीएफओ

## डीपीएस बोकारो में फुलवारी के जरिए बच्चों ने दिखाया अपना प्रकृति-प्रेम

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो में गुरुवार को फुलवारी नामक पुष्प-वनस्पति प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी इकाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपने प्रकृति-प्रेम का परिचय दिया। रंग-बिरंगे गमलों में सुंदर साज-सज्जा के साथ उन्होंने अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। औषधीय पौधा, फूलों वाले पौधे, सजावटी पौधे, बोनसाई, सब्जी, मौसमी फल सहित विभिन्न कैटेगरी में बच्चों ने 2000 से अधिक वानस्पतिक प्रजातियों की प्रदर्शनी दिखाई। विद्यार्थियों ने फूल-पौधे से संबंधित अपनी भावनाएं भी लिखकर प्रकट कीं। उन्होंने स्लोगन, कविताओं व प्रेरक पंक्तियों से पौधों की विशेषताएं बताते हुए पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया। उनका प्रकृति-प्रेम और बागवानी-कला में उनकी निपुणता उनके प्रदर्शों के जरिए स्पष्ट परिलक्षित हो रहे थे। विद्यालय के गो ग्रीन इनिशिएटिव के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार ने किया। उन्होंने बारी-बारी से हरेक कैटेगरी में लगाए गए प्रदर्शों का अवलोकन किया और बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। डीपीएस बोकारो द्वारा उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ बच्चों को प्रकृति से जोड़े रखने के इस प्रयास की उन्होंने सराहना की। इस दौरान डीएफओ ने प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार के साथ पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति से ही जीव-जगत का अस्तित्व है। वन-उपवन धरती के आभूषण हैं। इनका संरक्षण न केवल जरूरी, बल्कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य भी है। हमें हर अवसर पर पौधा लगाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गंगवार कहा कि फुलवारी का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति की रक्षा, उसके पोषण और पर्यावरण-संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। विद्यालय हर साल यह आयोजन करता है।

# रैयतों के मुआवजा भुगतान में लाएं तेजी: कुलदीप चौधरी

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने गुरूवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग फेज वन एवं फेज टू के तहत चल रहे कार्य एवं ग्रामीण कार्य विभाग के तहत सड़कर निर्माण को लेकर हो रहे भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित रैयतों के मुआवजा भुगतान की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। जिला भू अर्जन कार्यालय के कार्यों के निष्पादन में धीमी गति पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त की। दिसंबर माह में हुई बैठक में दिए निर्देश के बाद प्रगति संतोषजनक नहीं दिखा। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता सादात अनवर को जिला भू अर्जन से संबंधित कार्यों की मानिटरिंग करते हुए कार्य प्रगति में तेजी लाने का दिया निर्देश। बैठक में भूमि उप समाहर्ता विजेंद्र कुमार, कसमार अंचलाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जरीडीह अंचलाधिकारी नरेश कुमार, पेटरवार अंचलाधिकारी ब्रजेश श्रीवास्तव, चंदनकियारी अंचलाधिकारी रामा रविदास, गोमिया अंचलाधिकारी संदीप कुमार, राष्ट्रीय राज्य मार्ग फेज वन, फेज टू से संबंधित अभियंता प्रतिनिधि, ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीएमयू के संजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### जमीन को कब्जा करना बंद करें वन विभाग

# वन विभाग द्वारा रैयती जमीन पर कब्जा को लेकर रैयतों ने किया विरोध

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** रैयती जमीन का कब्जा करने को लेकर गुरुवार को चास कॉलेज के पास बुधुडीह कांड्रा के रैयतों ने वन विभाग का विरोध किया। साथ ही रैयतों ने वन विभाग से जमीन की वापसी करने की मांग की। संबोधित करते हुए रैयत आनंद महली ने कहा कि वन विभाग जबरन हमारी रैयती भूमि को कब्जा कर रहा है। यह हमारी खतियानी जमीन है। इस जमीन की कुछ हिस्से पर हम लोग खेती बारी कर रहे है। इसके बावजूद भी वन विभाग हमारे खतियानी जमीन को जबरन कब्जा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे जमीन को वन विभाग कब्जा करना बंद करें। अन्यथा वन विभाग के विरोध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मासस जिला सचिव गया राम शर्मा ने कहा कि महली समाज के लोगों का खतियानी जमीन को वन विभाग जबरन छीन रही है। विभाग गरीबों का जमीन छीनना बंद करें, नहीं तो पार्टी वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके पूर्व बुधुडीह कांड्रा गांव में रैयतों की बैठक जगतु महली की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जमीन कब्जा को लेकर वन विभाग कार्यालय के पास आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। रैयतों ने कहा कि गरीबों का जमीन वन विभाग एक साजिश के तहत जमीन लूटना चाहती है। यह हम लोग होने नहीं देंगे। मौके पर मासस जिला सहसचिव भीम रजक, किसान संग्राम समिति के जिला उपाध्यक्ष महादेव शर्मा, लक्ष्मी देवी, चंपा देवी, जयंती देवी, मीना देवी, फणी प्रसाद महली, परिपद महली, शांति देवी, रंजीत महली, अमर महली आदि उपस्थित थे।

# पैनल अधिवक्ता ने दी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी

▶▶ पीएलवी उमेश कुमार, सतीश कुमार ने पीड़ित मुआवजा से संबांधित जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा खलारी प्रखण्ड के मैकलुस्कीगंज के नवाडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल लॉयर, बिरेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता प्रभाकरण मुण्डा, पीएलवी सतीश कुमार, उमेश कुमार, तनवीर अंसारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी, ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश कुमार एवं उमेश कुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। डालसा, रांची के पीएलवी ने आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी एवं अधिक से अधिक वादों के निबटारा के लिए लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से लोक अदालत में सुलझाने की अपील किये। अंत में डालसा के पीएलवी ने खेलारी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को व्यवहार न्यायालय रांची में होना सुनिश्चित हुआ है। लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी हैं, जोकि 10 फरवरी तक चलेगा। डालसा की तैयारी जोरों पर हैं। डालसा हॉल में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व डालसा सचिव की अध्यक्षता में न्यायिक दण्डाधिकारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, के.के. मिश्रा, डालसा सचिव, राकेश रंजन समेत व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक दण्डाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला की हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप

राष्ट्रीय खबर



**कसमार :** कसमार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में बलराम महतो की 23 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी का शव कसमार थाना पुलिस ने गुरुवार को उसके घर के नजदीक के एक कुंए से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। महिला के पति बलराम महतो फिलहाल गुजरात में है। इधर सूचना मिलने के बाद मृतका के मायके वाले गोला थाना क्षेत्र के कुसुमडीह से आये और कसमार थाना में आवेदन देकर महिला के ससुर राजेश महतो, सास बसंती देवी, भैसूर सुंदरलाल महतो एवं गोतनी कल्पना देवी पर हत्या कर कूंए में डालने का आरोप लगाया है। बताया गया कि उर्मिला को उसके पति, सास, ससूर, देवर व गौतनी द्वारा हमेशा मारपीट व प्रताड़ित किया जाता था। दो सप्ताह पूर्व भी जब उर्मिला पूस परब के अवसर पर मायके कुसुमडीह गयी थी और मायके से ससुराल लौटी थी तो उसे घर नहीं घुसने दिया जा रहा था। उसके कमरे में ताला लगा दिया था। काफी देर तक उर्मिला आंगन में ही रही थी, इस दौरान दूसरे कार्य से जब उसके ससुर ने कमरा खोला तो वह घुसी थी।
बताया जाता है कि मंगलवार को पीटा पीट कर जान से मार दिया गया है और शव को कुंए में डाल दिया है। उर्मिला के गायब होने की सूचना उसके पड़ोसी ने मायके वाले को दी है।

# युवाओं के लिए रोल मॉडल बने लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश कुमार

▶▶ प्रतिभा संसाधनों का मोहताज नहीं होता

राष्ट्रीय खबर



**चान्हो :** नजरें अगर मंजिल पर हों और इरादे बुलंद हो तो मंजिल खुद ही राही का इंतजार करती है। कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है चान्हो प्रखंड के चोरेया गांव के रहने वाले राकेश कुमार ने। आर्मी मैं बहुत कम लोग ही ऐसे होते हैं जो अपने करियर की शुरूआत सिपाही से करते हैं और लेफ्टिनेंट कर्नल के पद तक पहुंचते हैं। आर्मी में एक सिपाही के तौर पर कैरियर की शुरूआत करने वाले राकेश को हाल ही में आर्मी द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल के पोस्ट पर प्रमोशन दी गई है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे गांव में जश्न का माहौल है। महज 40 साल की उम्र में राकेश कुमार ने अपने परिश्रम और मेहनत से जो मुकाम हासिल किया है ,उससे उनके परिवार और गांव के लोग गौरांवित महसूस कर रहे है। राकेश अपनी सफलता के कारण पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए रोल मॉडल बन गए है।

20 साल के कैरियर में सिपाही से बने लेफ्टिनेट कर्नल-राकेश ने अपने मेहनत से जो मुकाम हासिल किया है उससे एक बात तो साफ हो गया है कि प्रतिभा संसाधनों का मोहताज नहीं होता है। तभी तो चोरेया जैसे छोटे से गांव में रह कर पढ़ाई करने वाले राकेश लेफ्टिनेंट कर्नल बन गए।मांडर कॉलेज मांडर से इंटर की परीक्षा पास करने के बाद वर्ष 2000 में राकेश ने आर्मी में सिपाही के तौर पर अपने कैरियर की शुरूआत की। तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी पहली पोस्टिंग सेना के मैकेनाइज्ड रेजीमेंट में एक सिपाही के तौर पर हुई थी। एक साल की ट्रेनिंग के बाद पोस्टिंग हुई और इसी दौरान उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की परीक्षा भी कंप्लीट की। राकेश का इरादा पहले से ही तय था। उन्होंने कमीशन की परीक्षा फेस की और मराठा रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट बने फिर शुरू हुआ इनकी मेहनत और काबिलियत का दौर। लेफ्टिनेंट के बाद कैप्टन, कैप्टन के बाद मेजर और अब यह लेफ्टिनेंट कर्नल के पद तक जा पहुंचे है। फिलहाल गुजरात में ड्यूटी पर हैं।

### दूसरी बार मिला है सेना मेडल

आर्मी में कार्यरत जवान से लेकर अधिकारियों तक का सपना रहता है कि वह भी एक दिन सेना मेडल से नवाजे जाएं। वर्ष 2014 में आसाम में पोस्टिंग के दौरान उनके नेतृत्व में सेना द्वारा तीन उग्रवादियों को मार गिराना और विपरीत परिस्थितियों में भी किसी भी जवान को किसी प्रकार का नुकसान ना पहुंचना इनकी बड़ी उपलब्धि रही। इनके इस प्रदर्शन को देखकर आर्मी द्वारा इन्हें सेना मेडल से नवाजा गया।

**क्या कहते हैं राकेश:** लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा है कि मेहनत करनेवालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने अपने संदेश में नौजवानों से कहा है कि लक्ष्य को ध्यान में रख ईमानदारी से मेहनत करते रहे,सफलता कदम चूमेगी।

## न्यूज फटाफट

### फाल्गुन महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**चांडिल :** आगामी तीन मार्च से होने वाले दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव की तैयारी को लेकर श्याम मंदिर चांडिल में एक बैठक कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता मे की गई। जिसमे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि एकादशी के दिन दोपहर दो बजे से रघुनाथपुर से पैदल निशान यात्रा कर सभी श्याम प्रेमी चांडिल श्याम मंदिर पहुंच बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। इसके पुर्व एकादशी के उप्लक्ष्य पर श्याम मंदिर में रायपुर से आए हुए भजन गायक कुमार शान्तनु , रवि शर्मा, गिरी कुण्डु ने बाबा श्याम के भजनो की प्रस्तुति दी। जिसमे दर्जी सिल दे निशान मन्ने खाटु जाना सा भजन पर सभी श्याम भक्त भावविभोर होकर बाबा श्याम का जयकारा लगाने लगे जिससे मंदिर सहित आसपास का माहोल श्याममय हो गया। बाबा श्याम का फुलो से भव्य शृंगार किया गया और विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा श्याम को भोग लगया गया। भजनोत्सव कार्यक्रम मे अध्यक्ष संजय चौधरी, सह संयोजक दुर्गा चौधरी, श्रवण जालान, चंदन रूंगटा, मेघा बाग, नेका पाल, नीलकमल जालान, अश्विनी शर्मा, श्रवण जालान, पप्पू सुल्तनीया, सहित काफी संख्या में श्याम भक्त उपस्तिथ थे।

### युवा वर्ग को कला संस्कृति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि जरुरत : बिनोद राय

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड के गुदड़ी पंचायत के अमड़ा में गुरुवार को झूमर संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झूमर गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय कार्यक्रम में उपस्थित होकर नृत्य व संगीत का आनंद लिया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता विनोद राय ने कहा कि हमारा राज्य की अपनी सभ्यता ससंस्कृति है जो अन्य राज्यो से भिन्न करता है। उन्होंने आयोजकों व कलाकारों का आभार करता हूं क्योंकि इन्होंने अपनी सभ्यता सांस्कृति की पहचान गीत-संगीत, नृत्य सदियों से सहेज कर अपनी परंपरा को जीवित रखे हुए है। नहीं तो आज हमारी संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है। उन्होंने कहा युवा वर्ग को अपनी कला संस्कृति की ओर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि जरुरत है। कार्यक्रम में मुखिया किसुन किस्कु, बलराम मांझी, पति राम मांझी, विश्वनाथ उराँव, संजय सोरेन, भीम मांझी, सद्दाम अंसारी, बुद्धेश्वर मांझी आदि उपस्थित थे।

### 3 गांव जोड़ने वाला रास्ता खराब

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत के कनाडीह गांव से सलैया टोंगरी एवं गुरहा नदी होते हुए सीरम राय रोड व मुरुपीरी देवी मंडप तक 3 गांव जोड़ने वाला रास्ता कई महीनों से खराब है, पथ पर जगह जगह पर गड्ढा हो गया है, और पत्थर निकल गया है। पथ के दोनों साइड झाड़ियां उग गई है, जिसके कारण ग्रामीणों को एवं राहगीरों को बाजार एवं दूसरे गांव आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पथ खराब रहने के कारण पथ पर बड़े - छोटे दो पहिया और चार पहिया वाहन नहीं चल रहा है। वही ग्रामीणों को बाजार एवं विभिन्न गांव आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

### विष्णु महायज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ

**तालगड़िया :** चंदनकियारी प्रखंड के अलुवारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरूवार को श्री श्री राधे कृष्ण हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह विष्णु महायज्ञ अनुष्ठान का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस अनुष्ठान में 251 युवतियों समेत महिलाओं ने दामोदर नदी के दलघटिया घाट से कलश लेकर गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां आचार्यो ने विधिपूर्वक स्थापना कर पूजन हवन किया। मुख्य यजमान पंकज दूबे सपत्निक पूजा अर्चना की। कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिप सदस्य अम्बिका देवी व मुखिया रोबिन दास ने भाग लिया। अलुवारा सोलह आना कमेटी द्वारा आयोजित अनुष्ठान में 3 फरवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूजन किया जाएगा। वहीं 4 फरवरी को पूणाहुति के साथ भंडारा कर समापन होगा। मौके पर समाजसेवी रामपद दास, पंकज दुबे, निमाई उपाध्याय, विजय कुमार महली, कालीपद महतो, ओमप्रकाश दुबे, चंदन दुबे, मिथुन मिश्रा, नारायण महतो, गोविंद साव, भक्तु साव, बलराम साव, उत्तम महतो, चांद महतो, विप्लव बनर्जी, गौउर दुबे, रमेश महतो, विकाश तुरी, बलराम साव, दीपनारायन सिंह, रोहित तिवारी, प्यारीलाल सिंह समेत अन्य थे।

### डीपीआर का हुआ प्रस्तुतीकरण

**बोकारो :** सेक्टर 1 स्थित हंस रिजेंसी में गुरुवार को चास, बोकारो नगर बस सेवा हेतु परामर्शी द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) का प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक बोकारो विरंची नारायण, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा, अपर नगर आयुक्त चास अनिल कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि धनबाद आरएन ओझा, विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी, बेरमो, डुमरी, शहर के विभिन्न वर्गों के लोग आदि उपस्थित थे। चास-बोकारो नगर बस सेवा की परामर्शी कंपनी क्रेडिबल मैनेजमेंट एंड कंस्लटेंटस प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के ट्रैफिक एवं ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञ रोहित रैना ने डीपीआर में शामिल विभिन्न बिंदुओं से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। टीम ने बताया कि पीपीपी मोड के तहत लगभग 376 करोड़ की राशि से चास बोकारो नगर बस सेवा की शुरूआत की जाएगी। इसमें 40 फीसदी राशि केंद्र, 35 फीसदी राशि राज्य सरकार एवं 25 फीसदी राशि स्वयं राजस्व अर्जित कर जुटान करना है। प्रथम चरण में कुल 67 बसों का संचालन किया जाएगा। यह बसें सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक से संचालित होंगी। बस का संचालन कुल 13 मार्गों में प्रथम चरण में किया जाएगा। ट्रैफिक एवं ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञ श्री रैना ने बताया कि बस परिचालन के लिए 07 अरबन (शहरी) रूट क्रमवार रेलवे स्टेशन बोकारो से चास, रेलवे स्टेशन से पेटरवार भाया बांधडीह, उकरीद से चास भाया धर्मशाला मोड़, खटाल (बोकारो) से आईटीआई मोड़ भाया जोधाडीह, सेक्टर नौ (बोकारो) से तेलगड़िया मोड़, चास से माराफाड़ी भाया चेक पोस्ट एवं उकरीद से राधागांव भाया सोनबाद शामिल है। वहीं, बस परिचालन के लिए 06 रीजनल (क्षेत्रीय) रूट क्रमवार चास से पेटरवार भाया बांधडीह, चास से धनबाद, चास से बरमसिया भाया पिंडराजोड़ा, चास से चंदनकियारी, चास से फुसरो एवं चास से निश्चिंतपुर और पर्वतपुर शामिल है। चास सरकारी बस स्टैंड को शहरी क्षेत्र के लिए बस पड़ाव एवं राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अमृत पार्क के पीछे बस ट्रमिनल का निर्माण किया जाएगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता बिजली चास, क्रेडिबल मैनेजमेंट एंड कंस्लटेंटस प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली एवं नगर निगम चास के कर्मी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**बोकारो :** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलॉजी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईटी कानपुर के सहयोग से शुरू की गई। मुख्य महाप्रबंधक (मासवि) मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की। अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने स्टील प्लांट के लिये डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलॉजी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा आने वाले समय में इसे संयंत्र में लागू करने का संदेश दिया। अधिशासी निदेशक (एमएम) तथा अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) अमिताभ श्रीवास्तव ने इस प्रोग्राम मे उपस्थित सभी प्रतिभगियो को अपनी जानकारी बढ़ाने तथा अपने लर्निंग प्वाइंट्स को सहकर्मियों से साझा करने का आह्वान किया। तीन दिवसीय तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आईआईटी के विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलॉजी से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जायेगी।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

**कुष्ट रोग उन्मूलन के लिए कराया गया शपथ ग्रहण**

**गिद्दी** : डाड़ी प्रखंड अंतर्गत गिद्दी पंचायत क के आंगनबाड़ी केंद्र 2में मुखिया कविता सिंह के द्वारा ग्रामीणों के बीच कुष्ट रोग उन्मूलन एवं समाज में कुष्ट रोग के प्रति फैली भ्रांतिया को दूर करने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। जिसमें गिद्दी पंचायत क की मुखिया कविता सिंह के द्वारा ग्रामीणों से कुष्ट रोग का उपचार तथा कुष्ट रोग वंशानुगत नहीं है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**राजकीय उत्क्रमित विद्यालय प्रधानाध्यापिका हुई सेवानिवृत्त**

**पतरातू** : कटिया केप्रधानाध्यापिका नीता कुमारी का विदाई समारोह किया गया। इस बेला में उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि यह पल सुखद है कि पूरे कार्यकाल में बेदाग सेवानिर्वित हुई। और स्कूल के शिक्षा के गुणवत्ता को तथा विकास में अपना योगदान दी इसके लिए पूरे ग्राम पंचायत के लोग उनको धन्यवाद देती है। और पूरी ईमानदारी से अपना कार्यकाल पूरा की उसके बाद स्कूल का प्रधानाध्यापिका का पदभार सुशीला कुमारी को दिया गया आशा उम्मीद है कि इनके कार्यकाल में बचा हुआ बच्चे का शिक्षा में गुणवत्ता का बढ़ावा और स्कूल का विकास का काम बढ़ेगा ।

**षडयंत्रकारियों को रामगढ़ की जनता देगी जवाब : बजरंग महतो**

**रामगढ़** : उपचुनाव को देखते हुए पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी के पति कांग्रेस वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने गुरुवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के बाबलोंग,जराडीह, मलकाटवा,औराडीह में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा की पूर्व विधायक ममता देवी हमेशा क्षेत्र के जनता के सभी सुख,दु:ख में साथ खड़ी थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**विद्यालय में 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

**गिद्दी** :राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे डाडी में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ । योग प्रशिक्षण शिविर 28 जनवरी से 1फरवरी 23 तक 5 दिनों तक चला. जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे , उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुआग,मध्य विद्यालय बलसगरा,मध्य विद्यालय कुर्रा,मध्य विद्यालय मिश्राइन मोढ़ा आदि विभिन्न विद्यालयों के दो-दो शिक्षक शिक्षिकाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षक धनराज सिंह ने पूरे 5 दिनों तक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ योग के महत्व को भी बताया तथा कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**बाबा तिलका मांझी की जयंती 11 फरवरी को**

**गिद्दी** : तिलका मांझी चौक असनागढ़ा -डुमरिया टांड़ के तत्वाधान मे प्रोग्राम संचालन समिति की एक बैठक सावन हांसदा की अध्यक्षता एवं रामकिशुन मुर्मू के संचालन मे किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 11फरवरी को बाबा तिलका मांझी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यरूप से समिति के सरंक्षक सह जल, जंगल, जमीन बचाओ मंच के अध्यक्ष रतिलाल मरांडी ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य पतिलाल मरांडी ,कार्यक्रम संचालन समिति के कोषाध्यक्ष रामचन्द्र टुडू ,मिडिया प्रभारी पतिलाल हंसदा,सहसचिव बृजलाल टुडू , कतिलाल मरांडी, सचिव शिवकुमार बेसरा, सुखमाल मरांडी, लालजी सोरेन, जगदीश सोरेन, अघनु मुर्मू, जगरनाथ बास्के, बहादूर टुडू, ब्रजेश मरांडी, महालाल हंसदा, छोटेलाल सोरेन, नरेश मरांडी, राजेश मरांडी, रामकुमार सोरेन आदि उपस्थित थे।

**आस्था** भक्तों द्वारा महायज्ञ के चौथे दिन राधा कृष्ण का कराया गया नगर भ्रमण

# राम, नारायण, राधे, कृष्ण, गोविंद के जय घोष से गूंजायमान हुआ क्षेत्र

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : जीएम ऑफिस के निकट अटल कॉलोनी में चौथे दिन गुरुवार को राधा कृष्ण महायज्ञ समिति के सदस्यों और भक्तों के द्वारा भगवान का स्नान कार्यक्रम किया गया। इसके बाद राधा कृष्ण के चित्रों को वाहन में गाजे-बाजे व जयकारे के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला पुरुषों ने प्रभु नारायण, राधे, कृष्ण, गोविंदा, गोपाला और विभिन्न देवी देवताओं का जय घोष किया। जीएम ऑफिस कॉलोनी, चौक और मुख्य सड़क से होकर नगर भ्रमण कराया गया। भक्तों ने भगवान के नगर भ्रमण आयोजन में अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। सबों ने राधा कृष्ण से सभी भक्तों पर कृपा दृष्टि बनाए रखने का आशीष मांगा। मौके पर यज्ञाधिश सदानंद झा, यज्ञाआचार्य शैलेश भारद्वाज, उपाचार्य दिगंबर शास्त्री, यज्ञ कमेटी के चरण, सुखदेव सिंह, कार्तिक महतो, कृष्णा, इंदरजीत समेत कई सदस्य उपस्थित थे।




# कथित अमृत काल का बजट मात्र छलावा : अफजल



एजेंसियां

**बेरमो** : संसद में आज पेश किए गए युनियन बजट मे जहां खाद्य सुरक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे आवंटित किए जाने वाली राशि कम कर दी गई है वहीं आम जनता के लिए केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई है। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत दिए जाने वाले अनुदान पर इस बजट में मात्र 90 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जबकि पिछली बार के बजट में 2.86 लाख रुपये की सब्सिडी खाद्यान्न के लिए थी। इस प्रकार इसमें 31 प्रतिशत की कटौती की गई है। ग्रामीण इलाकों में गरीबों को रोजगार प्रदान करने वाले मनरेगा के बजट में 33 प्रतिशत की कटौती यानि केवल 60 हजार करोड़ की ही राशि आवंटित किया जाना वित्तमंत्री का ग्रामीण मनरेगा मजदूरों के साथ क्रूर मजाक है और यह इस स्कीम पर सीधा हमला है। मनरेगा मे मजदूरों का मार्च तक का बकाया ही करीब 25 हजार करोड़ रुपये हो जाएगा। आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी और पेंशन के संबंध मे वित्तमंत्री ने कुछ नहीं कहा है जबकि कोरोना काल मे यह अग्रिम मोर्चे के कार्यकर्ता थे। किसानों को एम.एस.पी मिले इसके संबंध मे इस बजट मे कुछ नहीं कहा गया है। केवल हरित क्रांति की गोल - गोल बात की गई है । जबकि देश के किसान आंदोलन की यह एक प्रमुख मांग रही है। बढती बेरोजगारी और महंगाई से निपटने मे बजट का कोई विजन नजर नहीं आता है। साथ ही इस बजट मे देश के गरीब नौनिहालों,युवाओं, बुजुर्गो और महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। उपरोक्त बातें यूएमएफ प्रदेश महासचिव सह भोजन के अधिकार अभियान के सदस्य अफजल अनीस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

# हनुमत महायज्ञ को लेकर हुआ भूमिपूजन व ध्वजारोपण



राष्ट्रीय खबर

**कुजू** : कुजू में आगामी 18 फरवरी से चटनियाँ बस्ती देवीमण्डप कुजू स्थित हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर बुधवार को भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम आचार्य पालेश्वर पांडेय और सहयोगी शंकर पांडेय की देखरेख में यजमान बने कामेश्वर साव, संजय प्रसाद, महेंद्र प्रसाद साहू, भोला साव, कौलेश्वर साव सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौरी- गणेश के साथ विधिवत पूजार्चना कराई गई। तत्पश्चात नगर भ्रमण यज्ञ कमेटी और धर्म प्रेमियों द्वारा भगवान हनुमान जी का ध्वज का गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से देवी मंडप, कुजू बस्ती, कुजू चौक से होते हुए वापस लौटे और ध्वजारोपण किया गया। मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि आगामी 18 फरवरी को टूटी झरना मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जबकि 21 फरवरी को नगर भ्रमण, 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, 23 को जागरण व भव्य भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, दीपू महतो, कन्हैया भुइयां, कारीनाथ भुइयाँ, लोकन भुइयां, छोटू भुइयां सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मानवी महिला समिति कथारा ने बच्चों के बीच किया सैनीटाईजर एवं खेलकुद सामग्री का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/कथारा** : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बृहस्पतिवार को कथारा क्षेत्र में अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षया श्रीमती विमला प्रसाद के मार्गदर्शन एवं मानवी महिला समिति, कथारा क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती उन्नति दातार क निर्देश से मानवी महिला समिति, कथारा के द्वारा मध्य विद्यालय, कथारा के छात्रों के बीच खेल कुद सामग्री का वितरण किया गया तथा विद्यालय को 04 कूड़ेदान, सैनीटाईजर , हैण्डवाश एवं हाथ धोने के लिए साबुन भी उपलब्ध कराया गया बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम में सी.सी.एल. के द्वारा सी.एस.आर. के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध किया गया। बाल्यकाल और खेलों का गहरा नाता होता है । बच्चे खेलों के माध्यम से नई-नई बातें सीखते हैं । खेल उनका साहस और आत्म-विश्वास बढ़ाते हैं । खेलों से उनका तन सुगठित होता है । दूसरे बच्चों के साथ खेलते हुए वे आपस में स्वस्थ प्रतियोगिता करना एवं सहयोग करना सीखते हैं । उनमे धैर्य, सहिष्णुता, ईमानदारी, निष्ठा जैसे गुणों का उभार होता है । वे चुस्त एवं फुतीर्ले बनते हैं । खेलों में मिली हार और जीत से वे नए-नए गुण एवं अनुभव प्राप्त करते हैं । वे हार से सबक लेते हैं और कमियों को दूर करते हैं । जीत उन्हें नए-उत्साह और प्रेरणा से भर देती है ।

# आयरन प्रबंधन को 04 फरवरी को सौंपा जाएगा मांग पत्र,किया गया जागरूक



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : रामगढ़ स्पॉन्ज आयरन फैक्ट्री होसिर प्रबंधन को रोजगार, प्रदूषण सड़क निर्माण आदि के सवाल पर डाड़ी, होसिर, कनकी गाँव के ग्रामीणों द्वारा आगामी 4 फरवरी को पुनः एक मांग पत्र सौंपा जाएगा । इसके लिए गाँव गाँव जाकर आजाद राइन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक और संगठीत किया गया। साथ ही होसिर निवासी सह होसिर फैक्टरी में कार्य करने वाले भवानी महतो से मिलकर उनका हाल चाल जाना। विदित हो कि 15अक्तूबर 22में फैक्ट्री मे काम करने के दौरान उनका पैर टूट गया था। परंतु अभी तक फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से न ट्रिटमेंट किया गया है और ना मुआवजा ही दिया गया है। आजाद राइन ने बताया कि भुक्तभोगी गरीब मजदुर द्वारा रुपये कर्ज लेकर इलाज करवाने को मजबूर है। फैक्ट्री प्रबंधक की तानाशाहीपूर्ण रवैया से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। आजाद राइन सहित ग्रामीणों के द्वारा भवानी महतो को ट्रिटमेंट खर्च और उचित मुवाआजा की मांग प्रबंधन से की गयी है। स्थानीय ग्रामीण फैक्ट्री प्रबंधन पर मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए इसका पुरजोर विरोध किया है। गलत आरोप लगाकर फैक्ट्री के लिए जमीन दाताओं को काम से हटाया गया है। फिर से सभी को काम पर रखने की भी माँग की गई है। स्थानिय भोले भाले ग्रामीणों पर किए गए फर्जी मुक्दमो को आविलम्ब वापस लेने का माँग भी जोरदार तरिके से उठाते हुए इसके लिए जोरदार आंदोलन करने की बात कही है। इस मौके पर विक्की राईन, छोटे राम सीराज अंसारी,राजेश महतो,विजय कुमार, अजय कुमार आदि लोग मौजूद थे।

**प्रतियोगिता** चितरपुर में चल रहे शहीद मंजुरूल हसन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

# खिलाड़ियों को हमेशा आगे बढ़ाने का कार्य करती है आजसू

- सोनू इलेवन की टीम ने बबटु इलेवन की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया
- आजसू हमेशा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है




राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** : चितरपुर स्थित हरियाली मैदान में चल रहे शहीद मंजूरूल हसन खान मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबला सोनू इलेवन बनाम बबटु इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सोनू इलेवन की टीम ने बबटु इलेवन की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए बबटु इलेवन की टीम निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाई। जवाबी पारी खेलते हुए सोनू इलेवन की टीम निर्धारित 15.1ओवर में 8 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। इससे पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रांची जिला परिषद सदस्य मुजीबुल अंसारी व विशिष्ट अतिथि आजसू के रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, केंद्रीय महासचिव हाजी रफीक अनवर, केंद्रीय सचिव हाजी इंतखाब आलम, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हकीम अंसारी, मीडिया प्रभारी साजिद असद द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आजसू हमेशा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। बेहतर खेल के लिए विजेता टीम के तनवीर आलम को मैन ऑफ द मैच व पारस कुमार को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। निर्णायक की भूमिका मो वाहिद और मो रईस ने किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सादुल्लाह, सचिव जाहिद अनवर (सोनू) सहित सरफाराज अहमद, इम्तियाज अहमद ,अहमर अली, सैफ अनवर, नदीम अहमद, इरफान उल्लाह, वसीम अहमद, तनजील अहमद, सिबगत उल्लाह, नुरेन मुतास्सिम, दिलनवाज, जिशान्त, आमिर, आरिज उल्लाह, सहजेब अनवर, मो कैफ, मसब, सहील अनवर ,जिसान अहमद आरीफ अफजल सहित कई मौजूद थे।

**रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा-अर्थव्यवस्था को स्थिरता देने वाला संतुलित बजट**

**बेरमो** : देश में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया है। साथ ही बजट अर्थव्यवस्था को स्थिरता देने वाला संतुलित बजट बताते हुए दावा किया है कि इस बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है। इसी बीच 16 वी लोकसभा सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने पेश हुए बजट पर कहा कि इस बजट में विकास, रोजगार और निवेश सहित सभी क्षेत्रों को प्रोत्साहन दिया गया है और इससे सभी भारतीयों की उम्मीदें पूरी हुई है। 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि मिडिल क्लास को राहत दी गई और आयकर स्लैब में राहत के साथ ही किसान, महिला, युवा, उद्योग सहित सभी वर्गों को इस बजट में कुछ न कुछ दिया गया है। अब मिडिल क्लास से सरकार कम पैसे लेगी, उनकी जेब को भरेगी और अब उन्हें ज्यादा से ज्यादा खर्च कर अर्थव्यवस्था को और ज्यादा मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की निवेश बढ़ाने की नीति हो या, पीएलआई या कौशल विकास, इन सबसे देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं और लगातार बढ़ रहे हैं।



**संसद में पेश की गई बजट से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगी**

**बेरमो** : भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 सत्र की बजट संसद में पेश की। यह बजट से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगी।बजट संतुलित देश हित मे है। इस बजट का हम सभी स्वागत करते हैं। किसान,युवा,व्यवसाय, सरकारी कर्मचारियों गैर सरकारी कर्मचारियों को देखते हुए बनाया गया। इस बजट से देश को नई गति के साथ अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।



**माकपा ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र**

**बेरमो /गोमिया** : गोमिया प्रखंड में व्याप्त जनता की जन समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) गोमिया प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में गोमिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार को सौंपा गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामचंद्र ठाकुर एवं राज्य कमेटी सदस्य श्याम सुंदर महतो कर रहे थे। माकपा के गोमिया प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की गोमिया प्रखंड व अंचल में जनता की अनेकों समस्याएं व्याप्त है। उन्होंने कहा की 2020 में ही झारखंड सरकार के भू राजस्व विभाग से गैरमजरूआ जमीन की रुकी हुई रसीद निर्गत करने हेतु आदेश जारी हुआ है, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक गोमिया अंचल में गैरमजरूआ जमीन का रसीद नहीं कट रहा है। साथ-साथ गोमिया अंचल के अंतर्गत जमीन संबंधी अनेकों समस्याएं ऑनलाइन करने में आ रही है जिसे लेकर गोमिया अंचल की जनता काफी परेशान है। उन्होंने कहा ओएनजीसी,आईईएल, सीसीएल, टीटीपीएस लालपनिया के विस्थापितों की मुआवजा से संबंधित आज भी समस्या व्याप्त है। वर्तमान में पिछले अगस्त माह से ग्रीन कार्ड धारियों का राशन आवंटन नहीं होने की वजह से उन्हें राशन नहीं मिला है इस कारण आज हजारों की संख्या में ऐसे परिवार भी हैं जो राशन के अभाव में तीन टाइम भोजन नहीं कर पा रहे है। मांग पत्र सौंपने के दौरान उन्होंने कहा कि उपरोक्त जन समस्याओं के समाधान हेतु अगर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में हमारी पार्टी के नेतृत्व में एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माकपा नेता विनय महतो, लखन महतो, विनय स्वर्णकार, भोला स्वर्णकार, योगेन्द्र प्रजापति, अजय कुमार , गौतम पांडे, टेकलाल गोस्वामी, शंकर प्रजापति, शंकर यादव, भीम महतो,पुरन मांझी, सुगन यादव, अश्विनी कुमार, चमन प्रजापति, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



**24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ**

**बेरमो** : दुग्दा गायत्री मंदिर में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ। कलश यात्रा में मुख्य जमाने जिप सदस्य संतोष पांडे, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, बीडीओ रेनू बाला, मुखिया रेनू सिंह, मुखिया रुणम कुमारी, कलश यात्रा में शामिल हुए। यह कलश यात्रा गायत्री मंदिर से दुग्दा थाना मैदान, न्यू बीसीसीएल कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, जी टाइप, दुग्दा मार्केट, होते हुए, एफ टाइप शिव मंदिर पहुंची जहां मंदिर प्रांगण में पूरी विधि विधान एवं स्वामी सच्चिदानंद सिंह के मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा में शामिल, 251 कुंवारी कन्याएं व महिलाओं ने अपने अपने कलशों मे जल भरकर पुणः यज्ञ कुंड पर पहुंचे। जहां 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ मे हरिद्वार से पधारे पंडितों के द्वारा कलश स्थापित कर यज्ञ प्रारंभ हुआ। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य धन पाल, ललित लहरें, गणेश तिवारी, कमलेश दसोंधि, लखींदर नाग, सूरज बजरंगी, के साथ-साथ गायत्री परिवार के दयावंती शर्मा, दीपक शर्मा, शोभा देवी, समेत सभी गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



**देश के प्रति सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए**

**बेरमो /कथारा** : कथावाचक उज्ज्वल शांडिल्य जी महाराज ने श्रीराम कथा के चौथे दिन देश की दशा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। अपनी आदतों में छोटे छोटे बदलाव करके हमसब राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं, पानी बर्बाद न करें, बिजली का प्रयोग जरूरत के अनुसार ही करें। केवल पाकिस्तान को गाली देने मात्र से कोई राष्ट्रभक्त सिद्ध नहीं हो सकता। अपने कर्मों से मनुष्य राष्ट्रभक्त बनता है। एक सभ्य नागरिक से राष्ट्र का उत्कर्ष होता है। रामकथा मनुष्य को सभ्य बनाती है। मनुष्य को सच्चा मनुष्य बनाने का काम रामकथा करती है। आज लोगों में काम, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष जैसे दुर्गुण भरे पड़े हैं, उन सभी दुगुर्णों से रामकथा मुक्ति प्रदान करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने उस काल में रामायण की रचना की, जब भारत गुलाम था। मुगलों के अत्याचार से भारतवासी त्रस्त थे। ऐसे में रामचरितमानस ने समाज के लोगों की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया। हमारे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को भी रामचरितमानस से संघर्ष करने की प्रेरणा मिली। कुलमिलाकर यह कहा जा सकता है कि स्वतंत्रता के संग्राम में श्रीरामचरितमानस का भी बड़ा योगदान था। समाज का कोई भी व्यक्ति हो, चाहे वह पढा लिखा हो या अनपढ़, अमीर हो या गरीब, बच्चा हो या बूढ़ा, स्त्री हो या पुरुष, हरेक व्यक्ति रामायण की दो पांच चौपाई अवश्य जानता है। इससे रामायण का महत्व समझा जा सकता है। रामविवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान के चौबीस अवतारों में सबसे सुंदर विवाह रामचन्द्र जी का हुआ। रामविवाह पर एक से बढ़कर एक मधुर भजन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। कथा के विश्राम में आरती और प्रसाद का वितरण किया गया ।

## संपादकीय

# चुनावी मौके पर भी रक्षा पर अधिक ध्यान अच्छी बात

भारत में अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। इन चुनावी चुनौतियों को समझने के बाद भी केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में रक्षा मंत्रालय को सबसे ज्यादा बजट दिया है। रक्षा मंत्रालय को सबसे ज्यादा 5.94 लाख करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। पिछले साल के बजट में रक्षा मंत्रालय को 5.25 लाख करोड़ का आवंटन दिया गया था। चीन के साथ जारी तनाव और पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति की वजह से इस पर ध्यान दिये जाने की जरूरत भी थी। अपनी महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत, सरकार ने रक्षा उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण भागों सहित कई वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यानी अब इनका निर्माण भारत में हो रहा है। इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और अगले साल 2024 में आम चुनाव है। ऐसे में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी पूर्ण बजट पर पूरे देश की नजरें थीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाज के सभी



वर्गों को खुश करने की कोशिश की तो भाजपा नेताओं का उत्साह बढ़ गया। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेताओं ने निराशा जाहिर की, पर भाजपा नेता इसे अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट बता रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि पार्टियों का पूरा फोकस गरीब आबादी पर रहता है, उनके कल्याण की बात करते हुए वोट हासिल करने की कोशिश होती है लेकिन मिडिल क्लास एक बड़ी चुनावी ताकत के रूप में उभरा है। 1.35 अरब आबादी वाले देश में एक तिहाई मिडिल क्लास समझा जाता है। इनकम टैक्स में राहत की जो भी घोषणाएं वित्त मंत्री ने की हैं, उसका सीधा असर 2024 के चुनावों में दिख सकता है। ऐसे में शाह ने लिखा है कि मध्यम और वेतनभोगी वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत देने के लिए मोदी जी का आभार। दरअसल मोदी सरकार का लगातार फोकस किसानों, गरीबों, आदिवासियों पर रहा है, लेकिन एक ऐसा पर्सेप्शन बन चुका था कि सरकार मिडिल क्लास को इग्नोर कर रही है, यह जानते हुए कि इसने हाल के चुनावों में भाजपा को सपोर्ट किया और जीत में उसकी प्रमुख भूमिका रही। टैक्स रिलीफ और टैक्स स्लैब में बदलावों के ऐलान को मोदी सरकार के लगातार सपोर्ट के लिए मिडिल क्लास को तोहफा माना जा रहा है। वरना देश के मध्यम वर्ग का मतदाता क्या गुल खिला सकता है, यह बार बार दिल्ली के चुनावों में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में एनडीए सरकार ने लगातार दसवां बजट पेश किया है। बजट से पहले सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि वह कौन सा रास्ता चुने। एक रास्ता लोकलुभावन बजट का था, जो कोविड के बाद आम लोगों के लिए कई सौगात की ओर ले जाता। दूसरा रास्ता, आर्थिक सुस्ती और भविष्य में उठापटक की आशंका के बीच रक्षात्मक रुख के साथ संतुलन बनाने की ओर जाता था। सरकार ने दूसरा रास्ता चुना। ऐसा इसलिए भी कि भले 2024 में पूर्ण बजट नहीं होगा, लेकिन लोकलुभावन बजट का विकल्प खुला रहेगा। साल 2019 के अंतरिम बजट में भी सरकार ने कई बड़े फैसले किए थे। इस बजट से सरकार ने पांच सियासी और आर्थिक संदेश देने की कोशिश की है। बजट में खेती और किसान पर भी जोर रहा। दरअसल बीते कई वर्षों से किसानों का मोदी सरकार के साथ रिश्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा है। साल 2019 से पहले जब पूरे देश में अलग-अलग किसान आंदोलन हुए, तब किसान सम्मान निधि का एलान हुआ, जिसका लाभ तब चुनाव में मिला। खेती के कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। इसके बाद भी यह साफ है कि सरकार कोई बड़ा जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए भविष्य की आर्थिक अनिश्चितता का साफ असर भी बजट पर दिखा। वैश्विक मंदी की आशंका के बीच सरकार ने कोई बड़ा जोखिम लेने से परहेज किया। साथ ही, ऐसे फैसलों से भी दूरी रखी जो बाजार का सेंटिमेंट कमजोर करे। वित्तीय घाटे को काबू में रखने की मंशा दिखाई गई। इन कदमों को आने वाले दिनों में किसी भी सूरत से निपटने की तैयारी के रूप में देखा गया। फिर भी पेंशन और किसानों का मसला सरकार को निश्चिंत होने का मौका नहीं दे रहा है, यह साफ हो गया है। गरीबों को कोरोना काल में मुफ्त अनाज दिये जाने के बाद मोदी सरकार अब मध्यम वर्ग को भी फिर से अपने पाले में रखने की कवायद में जुटी है।

# समग्र विकास को लक्षित बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में आयकर सीमा की वृद्धि तथा स्लैब में परिवर्तन सबसे ज्यादा सुर्खियां पाया है। किंतु बजट को संपूर्णता में समझने के लिए उनके बजट भाषण के आरंभिक अंश का उल्लेख आवश्यक है। बजट भाषण का आरंभ करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत काल का यह पहला बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है। इसके बाद उन्होंने इस बजट के सात आधार बताएं और इसे सप्तर्षी नाम दिया। यह साफ आधार है 1. समावेशी विकास, 2. वंचितों को वरीयता, 3. बुनियादी ढांचे और निवेश, 4. क्षमता विस्तार 5. हरित विकास, 6. युवा शक्ति, एवं 7. वित्तीय क्षेत्र। सप्तर्षी के विवरण के साथ उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि बजट यानी सरकार का आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोजगार सृजन को तेज गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर केंद्रित है। बजट की इस वैचारिक और सैद्धांतिक रूपरेखा में नरेंद्र मोदी सरकार के सामाजिक - आर्थिक सांस्कृतिक यानी समग्र विकास का पूरा



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

विजन निहित है। स्वतंत्रता के इस अमृत वर्ष में भारत के लिए शताब्दी वर्ष तक विश्व की सर्वप्रमुख विकसित राष्ट्र बनने की ठोस आधारभूमि तैयार करने के बात स्वयं प्रधानमंत्री कहते रहे हैं। इस दृष्टिकोण का अमृत काल में यह पहला बजट है। लक्ष्य बड़े हों तो चुनौतियां भी बड़ी होतीं हैं। वैसे भी इस समय अर्थव्यवस्था के समक्ष बाह्य चुनौतियां बहुत ज्यादा हैं। प्रमुख देशों की आर्थिक गति कमजोर है। वैश्विक संस्थाएं पूरे परिदृश्य को देखते हुए विश्व के विकास दर के संदर्भ में आंकड़ा देने में ज्यादा सतर्कता बरत रहीं हैं। प्रमुख देशों का महंगाई दर कई दशकों का रिकॉर्ड पार कर गया है। अमेरिकी डॉलर ऐतिहासिक रूप से मजबूत हुआ।

लेकिन भारत के के साथ सकारात्मक पहलू यह है कि विश्व के सबसे तेजी से विकसित होने वाले अर्थव्यवस्था के रूप में वैश्विक संस्थाएं इसे निरूपित कर चुकी हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में 6.5 प्रतिशत के विकास दर का आकलन है। तो सरकार के समक्ष सबसे बड़ा लक्ष्य विकास दर को कायम रखते हुए उसको ऊपर ले जाना है। विकास हवा में नहीं होता। समाज के सभी वर्गों की आर्थिक ताकत मजबूत होगी तभी विकास ठोस माना जाएगा। इसमें अगर पहले से बेहतर कर रही कृषि को और उछाल देने की कोशिश है तो आधारभूत संरचनाओं को मजबूती दी गई है तथा सामाजिक उत्थान या कल्याण कार्यक्रमों पर भी पूरा जोर है। उदाहरण के लिए कृषि। डेयरी और मत्स्यपालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह रिकॉर्ड है।कृषि से जुड़े स्टार्ट अप्स को प्राथमिकता देने वाली स्पष्ट नीति की घोषणा है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाया जाएगा। अन्य क्षेत्रों में स्टार्ट की बात होती थी लेकिन कृषि क्षेत्र में यह कदम पहले नहीं उठाया गया था। इसके लिए कृषिवर्धक नीति शब्द दिया गया। किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा।

यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध होंगी। सरकार ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अलग से योजना की शुरूआत की है। इसे श्री अन्न योजना नाम दिया गया है। इसके जरिए देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उसकी खपत को बढ़ावा दिया जाएगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स की स्थापना निश्चित रूप से इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मछुआरों के लिए विशेष पैकेज है। मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

आप देखेंगे कि ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा देना है। 2,516 करोड़ रुपये के निवेश से 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। इनके लिए राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित की जाएगी, इससे किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अगले 5 वर्षों में वंचित गांवों में बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करेगी। सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया कराएगी। 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्वयं उर्वरकों के रूप में अत्यधिक रसायन को हतोत्साहित करने की बात कहते रहे हैं। इस बजट में वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत । गोबरधन योजना के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना की जाएगी।इसके लिए बजट में 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सारी योजनाओं और प्रावधानों को देखने के बाद सरकार कृषि को उसकी क्षमता के अनुरूप विकास का स्थान देना चाहती है इसमें किसी को संदेह नहीं हो सकता।

हालांकि आर्थिक सर्वे में कहा गया कि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ा है लेकिन सच यही है कि उसका प्रतिशत अत्यंत कम है। निजी क्षेत्र अपेक्षा के अनुरूप आगे नहीं आया। खासकर तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद निजी क्षेत्र कृषि में पूंजी लगाने से बच रहा है। इसलिए सरकार ने स्वयं अपनी जिम्मेवारी समझी है। यह अलग बात है कि निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की भी घोषणा है। यही बात अन्य क्षेत्रों में भी लागू होती है। पूंजीगत व्यय में 33% की वृद्धि है। 10 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय बहुत बड़ा है। इसका मतलब यह हुआ कि अभी तक आधारभूत संरचना में भी निजी क्षेत्र अपेक्षा अनुरूप आगे नहीं आया। सरकार ने अनुभव के अनुरूप स्वयं इसे हाथ में लेने की कोशिश की है। खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान है। 50 अतिरिक्त एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा सकता है। निजी स्रोतों से 15,000 करोड़ रुपये सहित कुल 75,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्टील, बंदरगाहों, उर्वरक, कोयला, खाद्यान्न क्षेत्रों के लिए 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की पहचान की गई है। बजट को देखें तो इसमें साफ दिखाई देता है कि समाज के सभी तबके, जिसमें के निचले तबके के उन्नति तथा उसकी जेब में पैसा पहुंचाने की जबरदस्त योजनाएं हैं। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का बचत 66% बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। यह बहुत बड़ी राशि है। हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का धन सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है। कल्पना करिए 79 हजार करो रुपए 1 वर्ष में लोगों के खाते में जाएगा तो इससे विकास को कितनी गति मिल सकती है। आवास क्षेत्र की गति से विकास का हर क्षेत्र गतिमान होता है।

# रावण का मन आखिर क्यों डोल गया था?

शुक अपने जीवन की सबसे कठिनतम घड़ी से लांघ रहा था। कारण कि रावण उसके मुख से पूछना चाह रहा था कि श्रीराम जी का बल व आगामी योजनायें क्या-क्या हैं। ऐसे में शुक को यह निर्णय करना था कि वह रावण को श्रीराम जी की वास्तविक स्थिति से अवगत करवाये, अथवा रावण के झूठे बल व छल की, मिथ्या व निराधार महिमा गाकर अपने प्राणों की रक्षा करे। लेकिन कहते हैं न, कि जिनके मुख को मिशर की डलियों का स्वाद लग जाये, वे नमक की डलियों पर लार थोड़ी न टपकाते हैं। शुक को श्रीराम जी के श्रीचरणों के शहद की मिठास का चसका लग चुका था। फिर भला वह रावण के मलिन चरणों की मैल पर क्योंकर न्यौछावर होता? उल्टे शुक ने तो अपनी यह सेवा समझी, कि वह श्रीराम जी की महिमा रावण



को सुना कर, उसे सन्मार्ग पर लाने का प्रयास करेगा। लेकिन शुक ने सोचा, कि रावण को समझाने के पहले भी तो कितने प्रयास हो चुके हैं। श्रीहनुमान जी, श्रीविभीषण जी व कितनों ने ही, प्रेम से रावण को समझाने का प्रयास किया। लेकिन हुआ क्या? परिणाम तो शून्य ही निकला। तो क्यों न मैं कुछ अलग प्रयास से समझाने का प्रयत्न करूँ। निश्चित ही इसलिए मैं पहले श्रीराम जी की महिमा नहीं गाऊँगा, अपितु वानर सेना की महिमा गाऊँगा। रावण श्रीराम जी के सैन्य बल व उनकी नीतियों का आँकलन जानना चाहता है न? तो उसे मैं इसी आधार पर पहले डराने का प्रयास करता हूँ-

**पूँछिहु नाथ राम कटकाई।**
**बदन कोटि सत बरनि न जाई।।**
**नाना बरन भालु कपि धारी।**
**बिकटानन बिसाल भयकारी।।**

शुक ने कहा, कि हे नाथ आपने वानर सेना के बल की पूछी, तो सुन लीजिए, वह तो करोड़ों मुखों से भी नहीं गाई नहीं जा सकती। अनेकों रंगों के भालू और वानरों की सेना है। जोकि अतिअंत ही भयंकर मुख वाले, विशाल शरीर वाले और बड़े ही भयानक हैं। .. .. .. **जारी ।**

## नजरिया

# सरोगेसी के मापदंडों में संकीर्ण पारदर्शिता चिंताजनक

किसी भी नारी के जीवन का सबसे जादुई दिन वह दिन था जब वह मां बनती है। जिस क्षण से वह मातृत्व काल में प्रवेश करती है,उस स्त्री का उद्देश्य अपने बच्चों को उसके पास मौजूद हर चीज से प्यार करना और उनकी रक्षा करना सिखाती है। लेकिन कुछ ऐसी भी स्त्रियां होती है जो किसी शारीरिक हार्मोन या फिर किसी प्रकार के अक्षमता के कारण मां नहीं बन सकती है। उनके लिए सरोगेसी वरदान से कम नहीं है। सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को जन्म देने और उसे जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी के जटिल कानूनी और चिकित्सीय कदम हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया के बारे में जागरूक होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।



**पुखराज प्राज**
स्तंभकार

सरोगेसी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक महिला एक दंपति या दूसरी महिला के लिए या तो परोपकारी रूप से या वित्तीय लाभ के लिए गर्भावस्था को स्वीकार करती है। वह जन्म के समय बच्चे को त्यागने की प्रतिज्ञा करती है, जिसे कानूनी मां बनने वाली महिला द्वारा अपनाया जाना है। महिला वाहक, सरोगेट मदर, मैटरनिटी सब्स्टीट्यूट, प्रेगनेंसी एग्रीमेंट, दूसरे के लिए प्रेगनेंसी, यूट्रस लोकेशन, डेलिगेशन प्रेगनेंसी, सरोगेट मदरहुड, और दूसरे के लिए गेस्टेशन सभी इस प्रथा को दशार्ने वाली अभिव्यक्तियां हैं। वैधानिक रूप से सरोगेसी को 1976 में वकील नोएल कीन ने पहली कानूनी सरोगेसी व्यवस्था बनाई। 1978 को पहले टेस्ट-ट्यूब बेबी, लुईस जॉय ब्राउन का जन्म हुआ। वहीं सन 1980 पहली सशुल्क सरोगेसी व्यवस्था हुई। 1985 में पहली सफल जेस्टेशनल सरोगेसी हुई। इसी दौर में सन 1985-1986 में एक महिला ने पहली सफल गर्भकालीन सरोगेट गर्भावस्था की। 1986 - मेलिसा स्टर्न, जिसे बेबी एम के रूप में जाना जाता है, का जन्म अमेरिका में हुआ था। सरोगेट और जैविक मां, मैरी बेथ व्हाइटहेड, ने उस जोड़े को मेलिसा की परवरिश में देने से इनकार कर दिया। जिसके साथ उसने सरोगेसी समझौता किया था।

> **महिला वाहक, सरोगेट मदर, मैटरनिटी सब्स्टीट्यूट, प्रेगनेंसी एग्रीमेंट, दूसरे के लिए प्रेगनेंसी, यूट्रस लोकेशन, डेलिगेशन प्रेगनेंसी, सरोगेट मदरहुड, और दूसरे के लिए गेस्टेशन सभी इस प्रथा को दशार्ने वाली अभिव्यक्तियां हैं।**

बात करें भारतवर्ष में 2016 के बाद सरोगेसी पर एक्ट लागू हुए। लेकिन जबरन और व्यापारिक दृष्टिकोण से सरोगेसी के लिए युवतियों को बहला-फुसला कर या ह्यूमन ट्रैफिंग के माध्यम से कमर्शियल सरोगेसी बढ़ने लगी थी। जहां सरोगेट बच्चे को जन्म देने के लिए, चिकित्सा पेशेवर अनुशंसा करते हैं कि आपके पास पिछले 5 से अधिक गर्भधारण न हों। इसी तरह, गर्भावस्था के बाद जो सरोगेट का छठा जन्म होगा, कई महिलाओं को फिर से सरोगेट बनने के लिए मंजूरी नहीं दी जाएगी। लेकिन इन नियमों को ताक में रखकर सरोगेट बनाने की प्रक्रिया में अपराध बोध के देखते हुए। इसे प्रतिबंधित कर दिया गया।

सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 के साथ, भारत में वाणिज्यिक सरोगेसी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह केवल ह्यपरोपकारी सरोगेसीह्न(निस्वार्थ किया गया सरोगेसी ) की अनुमति देता है, जहां चिकित्सा व्यय और बीमा के अलावा सरोगेट मां को कोई मौद्रिक मुआवजा नहीं मिलता है। भारत अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी के लिए सबसे लोकप्रिय स्थानों में से एक बन गया है, जहां यह उद्योग हर साल डॉलर 1 बिलियन से अधिक की कमाई करता है। 2018 के सरकारी आंकड़ों का अनुमान है कि, उस वर्ष पैदा हुए सरोगेट शिशुओं में से 80 प्रतिशत शिशु विदेशी जोड़ों के ही थे। लाभ के लिए किया गया सरोगेसी भारत सहित कनाडा, ब्रिटेन, डेनमार्क, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया आदि में प्रतिबंधित है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह भी है की जो परोपकार की दृष्टि से सरोगेसी के लिए तैयार होते है, क्या उनके लिए जरूरी मापदंड पालन किये जाते हैं अथवा नहीं।

## जानकारी

# गोवा, पापी चुलो



यह गोवा में फ्री में रहने की एक बेहतरीन जगह है। पापी चुलो वास्तव में एक हॉस्टल है और यहां पर रहने के लिए पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, यहां पर रहने के लिए आपको बतौर वॉलेंटियर काम भी करना होगा। दरअसल, इन हॉस्टल्स में स्टाफ काफी कम होता है और इसलिए यहां पर रहने वाले लोग ही वॉलेंटियर के रूप में काम में हाथ बंटाते हैं। आप यहां पर वॉलेंटियर के रूप में बारटेंडिंग, रिसेप्शन, हेल्प डेस्क, हाउसकीपिंग और टूर गाइड के रूप में काम कर सकते हैं। जब आप उनके कामों में उनकी मदद करते हैं तो वे बदले में वे आपको फ्री में रहने की सुविधा प्रदान करते हैं। यहां पर रहकर वॉलेंटियर के रूप में काम करने से आपको एक लाभ यह भी होगा कि आप यहां पर दुनियाभर से आए लोगों से मिल पाएंगे। ऐसे में आपको कई नई चीजों को जानने का मौका मिलेगा।

# 13th Gen Intel प्रोसेसर और एस पेन के साथ हुआ लॉन्च

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: सैमसंग ने गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में Samsung Galaxy Book 3 Series को भी लॉन्च किया है। इसके अलावा इस इवेंट में सैमसंग गैलेक्सी एस23 सीरीज स्मार्टफोन को भी पेश किया गया है। Samsung Galaxy Book 3 Series के तहत Galaxy Book 3 Ultra लैपटॉप लॉन्च किया गया है जो कि एक फ्लैगशिप लैपटॉप है और इसमें 13th Gen Intel Core i9 प्रोसेसर के साथ Nvidia GeForce RT 4000 सीरीज ग्राफिक्स कार्ड दिया गया है। इसके अलावा कंपनी ने Galaxy Book 3 Pro 360 को भी पेश किया है जो कि एक टू इन वन लैपटॉप है और इसके साथ एस पेन का सपोर्ट है। इसके साथ कंपनी ने मल्टी कंट्रोल फीचर दिया है जो कि गैलेक्सी टैब, गैलेक्सी फोन के साथ कनेक्टिविटी के लिए है।



Samsung Galaxy Book 3 Ultra, Galaxy Book 3 Pro 360, Galaxy Book 3 की कीमत

Galaxy Book 3 Ultra की शुरूआती कीमत 2,199 डॉलर यानी करीब 1,80,000 रुपये है। 5 जी के साथ Galaxy Book 3 Pro 360 की शुरूआती कीमत 1,399 डॉलर यानी करीब 1,15,000 रुपये है। Galaxy Book 3 Pro की शुरूआती कीमत 1,249 डॉलर यानी करीब 1,02,500 रुपये है।

Samsung Galaxy Book 3 Ultra की स्पेसिफिकेशन

Galaxy Book 3 Ultr में 16 इंच की डायनेमिक एमोलेड 2 डिस्प्ले है जिसका रिजॉल्यूशन 3ङ है। डिस्प्ले का रिफ्रेश रेट 120ण्९ और पीक ब्राइटनेस 400 निट्स है। इसमें 13th GenIntel Core i7 प्रोसेसर या Core i9 प्रोसेसर का विकल्प मिलेगा। ग्राफिक्स के लिए लैपटॉप में Nvidia GeForce RTX 4070 जीपीयू या GeForce RT 4050 'aptop जीपीयू का ऑप्शन मिलेगा।

## टॉप ट्वीट

"उनकी सरकार इन दोनों महान राष्ट्रीय नेताओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा के अनुरूप राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर सशक्त बना रही है।"

**भगवंत मान**
**पंजाब के मुख्यमंत्री**





"रॉकी और रानी के परिवार हो रहे हैं तैयार और देखिए ये अनोखी कहानी ऑफ प्यार! जादू, प्यार और जीवन से बड़ा मनोरंजन वापस लाना - 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' सिनेमाघरों में, 28 जुलाई 2023 को"

**करण जौहर**
**डायरेक्टर**

## संपादक के नाम पत्र

### राष्ट्रपति के अभिभाषण में सर्वोपरि विकास पर फोकस

महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए देश हित मे किए गए विकास कार्यो को एक के बाद एक करके गिनाए ।सरकार की उन उपलब्धि पर सीधा प्रकाश डालते हुए जनता के हितों से जुड़े विकास कार्यो का उल्लेख किया ।राजनैतिक और सैन्य ताकत को बढ़ावा मिलने के बाद देश मे शांति स्थापित हो सकती है ।इस और बढ़ते भारत की ताकत को दुनिया निहार रही है ।भारत की ताकत और भारत की तरफ दुनिया देख रही है ।रास्ट्रपति ने सरकार की उपलब्धि पर फोकस करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र हमेशा समृद्ध था ।लोकतंत्र को समृद्ध करते हुए,हमे अपने संकल्पों को पूरा करना है ।भारत की बढ़ती ताकत का दुनिया ने अनुभव किया है ।भारत सरकार की सराहना करते हुए अफगानिस्तान और यूक्रेन में फंसे लोगो को वापस सही सलामत भारत लाया गया ।यह आतंकवाद के कड़क रुख अपनाने का नतीजा बताते हुए अपने भाषण में महामहिम ने सुरम्य योजना की प्रशंसा करते हुए भारत मे स्टार्टअप योजना को सफल बताया और इसके आंकड़े को सार्वजनिक किया ।भाजपा को सत्ता में आने के बाद 60 मेडिकल कॉलेज खोले जाने और छात्रों की सीटें दोगुनी होने की उपलब्धि गिनाई ।पीएम सड़क योजना में सड़कों का नेटवर्क दोगुना होने और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के कई रिकार्ड बने होने की बात पर जोर दिया। मुर्मू ने 99 प्रतिशत आबादी सड़क मार्ग से जुड़ी होने की बात की गई और कहा किपिछले आठ सालों में मेट्रो नेटवर्क में इजाफा ही नही हुआ है ।तीन गुना बढ़ोतरी हुई है ।ट्रांसपॉर्ट सेक्टर में भी कार्य हुआ है ।अपने अभिभाषण मेंभारत की प्रतिभाओं को निखारने समय समय पर सरकार ने कार्य किया है ।दिव्यांगों और साइन लेंग्वेज पर भी कार्य किया जा रहा है ।सरकार ने प्रकृति और प्रगति को परस्पर विरोधी मानने की सोच को बदला है। इस सोच को प्रेक्टिकल करके सरकार ने बता दिया है कि सरकार पूरे विश्व को मिशन लाइन से जोड़ने का कार्य कर रही है ।भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया है ।देश के रेलवे मैप से जुड़ने वाले दुर्गम क्षेत्र की बात कहते हुये महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि भारत बिजली से चलने वाला दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन मार्केट बन चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रेड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दस परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में निष्कासित

**हजारीबाग :** हजारीबाग मार्खम कॉलेज में 30 जनवरी से आयोजित प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान अब तक दस परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में निष्कासित किए गए हैं। इनमें से चार परीक्षार्थी अन्नदा कालेज के एवं छह परीक्षार्थी जीएम ईवनिंग कालेज के शामिल हैं इस आशय की जानकारी कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह ने दी है।

## सिटी अपडेट्स >>

### सीसीएल के पूर्व एसओपी तपन कुमार घटक का देहांत

**बेरमो :** सीसीएल बीएडके क्षेत्र अंतर्गत करगली कोलियरी मे कार्यरत पूर्व सीनियर पीओ और रजरप्पा मे पूर्व एसओपी पद पर कार्यरत तपन कुमार घटक का रांची मे इलाज के दौरान निधन हो गया। शोक व्यक्त करने वाले में बीएडके जीएम एम के राव, एसओपी प्रतुल कुमार व एसओपी राजीव कुमार, सीएमओएआई के महासचिव के एल यादव, यूनियन नेता मधुसूदन भट्टाचार्य, गजेंद्र प्रसाद सिंह ,शक्ति मंडल, आलोक रंजन अकेला, सहित दर्जनों लोग शामिल है।

### रवि उषा कोचिंग सेन्टर फुसरो मे हुआ शुभारंभ

**बेरमो।फुसरो :** नगर परिषद अंतर्गत फुसरो शास्त्रीनगर के डॉक्टर उषा सिंह के अवासीय परिसर में डॉ रवींद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन फुसरो के सहयोग से 7 से 12 तक विद्यार्थी के साइंस क्लासेस और बैंक,रेलवे जेएसएससी सहित सभी तरह के एग्जाम मे शामिल होने वाले विद्यार्थी के लिए कोचिंग क्लास का डेमो क्लास शुरू है। एडमिशन चालू है और 5 फरवरी से क्लास की शुरूआत होगी। इस अवसर पर डॉक्टर उषा सिंह ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कोचिंग का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा की हम सब का विकास तभी संभव है। वही लोगो से अपील करते हुए बोला कि हमें अपने घर में बच्चो को पढ़ाई की आदत लगानी होगी। शिक्षक रवि कुमार और नितेश कुमार ने कहा कि इस कोचिंग सेन्टर मे 7 से 12 क्लास तक के विद्यार्थियों और बैकिंग पीओ, एसएससी,रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए इन कोचिंग केन्द्रो मे पठाई होगी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शैक्षणिक भ्रमण पर रेमिडियल कोचिंग केंद्रों की बालिकाएं

हजारीबाग : यूटीआइ म्यूच्यूअल फंड समर्थित यंग इंडिया कार्यक्रम अंतर्गत जिला के सदर, चुरचू और दारू प्रखंडों में नव भारत जागृति केंद्र संचालित रेमिडियल कोचिंग केंद्रों की छात्राओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। आज सदर प्रखंड के तुरांव गांव स्थित रेमिडियल कोचिंग केंद्र की छात्राओं ने ओरमांझी के बिरसा जैविक उद्यान और मछली घर जाकर विभिन्न जीव-जंतुओं के विषय में जानकारी हासिल किया. गत 15 जनवरी से शुरू इन शैक्षणिक दौरों के तहत अबतक चार समूहों में 19 रेमिडियल कोचिंग केंद्रों की कुल 489 छात्राओं के साथ संबंधित शिक्षकों की भागीदारी रही है, जिन्होंने बिरसा जैविक उद्यान, मछली घर के अलावे हुंडरू फॉल, पतरातू डैम, पारसनाथ, राजगीर, नालंदा, बोधगया जैसे प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर अपनी जानकारी को समृद्ध किया है। कार्यक्रम से जुड़े पर्यवेक्षक परवेज आलम ने बतलाया कि बच्चों के मानसिक विकास में ऐसी गतिविधियां मददगार साबित होती हैं और जल्द ही बाकी केंद्रों की छात्राओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण आयोजित होंगे। विदित हो कि यंग इंडिया कार्यक्रम के तहत एनबीजेके तीन प्रखंडों के 29 गांवों में 30 रेमिडियल कोचिंग केंद्रों का संचालन कर रहा है, जिनमें कक्षा 8, 9 और 10 की लगभग 1000 स्कूली बालिकाओं को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की नि:शुल्क ट्यूशन सुविधा प्रदान की जाती है।

**उपलब्धि** जनवरी 2022 से दिसम्बर 2022 तक जिले के विभिन्न थानों में

# जिला पुलिस ने एक साल में 67 मोबाइल को उनके मालिक तक पहुंचाया

- मोबाईल का कुल राशि लगभग 10 लाख 40 हजार है
- 67 मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा गया है

राष्टीय खबर



**हजारीबाग :** जिला पुलिस के द्वारा एक वर्ष जनवरी 2022 से दिसम्बर 2022 तक जिले के विभिन्न थानों में आमजनों का मोबाईल गुम हो जाने संबंधि परिवार वालो द्वारा मोबाईल गुम होने की सूचना (सन्हा) दर्ज कराया गयी थी। जिसे गुरुवार को ऑपरेशन भरोसे के तहत जिले के तकनीकी शाखा हजारीबाग एवं साईबर सेल हजारीबाग में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के द्वारा कुल 67 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपी गई। जिसमें आम जनता से लेकर पुलिस हवलदार भी शामिल है। मोबाईल का कुल राशि लगभग 10 लाख 40 हजार है। जिसमें 35 हजार से 9 हजार तक के तेरा मोबाइल ओप्पो कंपनी, 2000 से 7000 तक की 31 मोबाइल रेडमी एवं रियलमी कंपनी , 2000 से 10000 तक की आठ मोबाइल सैमसंग कंपनी , 10000 से 20000 तक की 11 मोबाइल वीवो कंपनी, 11000 से 17000 तक के 4 मोबाइल अन्य कंपनियों के शामिल है। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने कहा कि वर्ष 2022 के जनवरी माह से अंतिम दिसंबर तक जितने भी मोबाइल हजारीबाग में खोए थे और चोरी गए थे उन्हें पुलिस ने ट्रेस कर ऑपरेशन भरोसा के तहत खोजा गया और गुरुवार को 67 मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा गया है। इसे कहीं ना कहीं हजारीबाग पुलिस पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा और आम आवाम के प्रति जो नेगेटिव पुलिस इमेज पुलिस का बना हुआ है उसे पुलिस को मुक्ति मिलेगा। मोबाइल मालिक राजश्री ने बताया कि 20 मई 2022 को हमारा मोबाइल हाउसिंग कॉलोनी के पास से बाइक पर सवार दो युवकों के द्वारा हमारा मोबाइल छीन लिया गया था जिसके बाद मैंने संबंधित थाना में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। बुधवार को साइबर क्राइम कार्यालय से हमें फोन किया गया था कि आपका मोबाइल मिल गया है गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से आकर प्राप्त कर ले। हमें बहुत खुशी है कि हमारा मोबाइल करीब 9 महीने के बाद गुरुवार को मिल गया और मैं जिला पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक को थैंक्यू बोलती हूं। मोबाइल मालिक श्रेया कुमारी ने बताया कि 23 जुलाई 2022 को हमारा मोबाइल सिंघानी चौक से भुला गया था जिसके बाद मैंने संबंधी थाना में अपने मोबाइल का कंप्लेंट दर्ज कराया था जिसके बाद मुझे बुधवार को साइबर क्राइम कार्यालय से सूचना दी गई कि आपकी मोबाइल मिल गई है गुरुवार को आकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर लें। मुझे बहुत खुशी है कि मेरा मोबाइल मुझे प्राप्त हो गया मैं धन्यवाद देती हूं जिला पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक को जिनके प्रयास से हम आम नागरिक का मोबाइल सुरक्षित हमें मिल गया।

# 19 लाभार्थियों को उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र



राष्टीय खबर

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में अनुकंपा समिति के द्वारा चयनित 19 लाभार्थियों को अनुकंपा के आधार नियुक्ति पत्र सौंपा गया। आज के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित 11 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त ने अनुकंपा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि आपके अभिभावक या परिजन के दुःखद मृत्यु के उपरांत आपको सेवा में आने का मौका मिला है इसलिए सरकारी कार्यों व दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका न दे साथ ही कार्यालय द्वारा जो भी दायित्व दिए जायेंगे उन्हे पूरी ईमानदारी से निभाने का निर्देश देते हुए नियुक्ति प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त के अलावें जिला स्थापना पदाधिकारी अरविंद कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मनरेगा दिवस के अवसर पर सौ दिवस कार्य पूर्ण किए परिवारों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग मनरेगा दिवस के अवसर पर सभी प्रखंडों के पंचायतों में मनरेगा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया के द्वारा मनरेगा मजदूरों के उत्साहवर्धन के लिए 100 दिन का कार्य पूर्ण किए गए परिवारों को प्रशस्ति पत्र एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले मेट को प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त इच्छुक जॉब कार्ड धारियों को जॉब कार्ड प्रदान किया गया साथ ही नए योजनाओं को प्रारंभ किया गया। मनरेगा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मिश्राईनमोढा में 100 दिन का मनरेगा में कार्य पूर्ण किए मनरेगा मजदूर बिरसा बेदिया जिसका जाबॅ कार्ड नंबर 3/868 है को गमछा एवं कलम दे कर सम्मानित किया गया।

## अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण की विधायक अंबा प्रसाद ने रखी आधारशिला



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :-** बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत के अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण कार्य की विधायक अंबा प्रसाद ने दिन बुधवार को आधारशिला रखी। विधायक ने अंबाटोला में पूजा अर्चना एवं सिलापट अनावरण कर लगभग 4.5 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत होने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दशकों पुरानी मांग को पूर्ण होता देखते हुए ग्रामीणों ने विधायक का आंगो पहुंचने पर ढोल बाजे एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों के अभिवादन स्वीकार करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना और बड़कागांव विधानसभा को विकास के सर्वोच्च पायदान पर पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है।

विधायक ने कहा कि हर गांव में सड़क और पुल बनाने का कार्य किया जा रहा है जहां लोग पैदल नहीं चल पाते थे वहां आज चार पहिया वाहन जाने की सुविधा है। संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं समय से पुल के निर्माण कार्य को पूर्ण करने को कहा एवं लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

राष्टीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग गुरुवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला भी.बी.सी.पदाधिकारी, हजारीबाग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



ज्ञात हो कि हजारीबाग जिले में कुल 790 लिम्फोडेमा रोग जिसे हाथी पांव रोग भी कहते हैं चिन्हित हैं जिनके रोकथाम के तहत अब तक 715 रोगीयों का ईलाज किया जा चुका है तथा उन्हें एमएमडीपी किट भी आपूर्ति की गई हैं। उक्त प्रशिक्षण में हजारीबाग जिले के सभी एमटीएस निगरानी निरीक्षक, सभी सा.स्वा.केन्द्र के सीएचओ बी.टी.टी, एमपीडब्ल्यू,शहरी क्षेत्र के निरीक्षक एवं अटल मुहल्ला क्लिनिक से एक ए.एन.एम. प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण का आयोजन एएनएमटी स्कूल, हजारीबाग में किया गया जिसमें जिला भीबीडी पदाधिकारी, जिला आर.सी. एच. पदाधिकारी, जिला भी.बी.डी. सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत हजारीबाग जिले के सा.स्वा. केन्द्र, चुरचू में दिनांक 10.02.2023 से 25.02.2023 तक आयोजित एम.डी.ए. कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जन समुदाय में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी दैनिक अखबार के पत्रकार बन्धुओं के साथ एम.डी.ए. संबंधी प्रेस मिडिया मीट का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जिला भी.बी.डी पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा अनुरोध किया गया कि दिनांक 10.02.23 से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रत्येक दिवस अपने समाचार पत्र के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि जन समुदाय इससे लाभान्वित हो सके।

**राज-काज** उप विकास आयुक्त ने किया बड़कागांव प्रखंड का दौरा

# योजनाओं का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

- चारदिवारी को लेकर प्रशासन का सहयोग लेकर का काम दिया आश्वासन

राष्ट्रीय खबर





**हजारीबाग :** हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं का भौतिक निरीक्षण के लिए गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर लेबर रूम, जांच घर, ओपीडी ओटी आदि का निरीक्षण किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 बीएन प्रसाद, डॉ0 त्रिशिला एवं डॉ0 पूजा उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध बायोकेमेस्ट्री एनालाईजर मशीन के सदुपयोग का निर्देश दिया एवं भवन के साफ-सफाई एवं रख-रखाव के संबंध में कई निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता को शौचालयों की मरम्मती, आवश्यक वायरिंग कार्य एवं ओटी में एलबो टैब लगाने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा नये ओटी लाईट की आवश्यकता बताई गई, जिसे उप विकास आयुक्त ने उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त विकास ने +2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया उन्होंने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया एवं विद्यालय परिसर में चल रहे मरम्मती एवं नये भवन निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संवेदक को कार्य की गति बढ़ाने एवं गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न करने का निर्देश दिया। संवेदक के द्वारा खेल मैदान की चाहरदिवारी निर्माण में भूमि संबंधी विवाद के विषय में उप विकास आयुक्त को अवगत कराया गया। मौके उप विकास आयुक्त ने अंचलाधिकारी, बड़कागांव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़कागांव को यथाशीघ्र विवाद का निपटारा करते हुए आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। लेबर रूम में जंग लगे लेबर टेबल एवं गंदगी को देखकर डीडीसी ने नाराजगी जाहिर की तथा इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए उपस्थित भवन प्रमण्डल के कर्मी को कार्य की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने एवं कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।उप विकास आयुक्त ने अम्बाजीत कोनी मोड़ से आबाद नगर होते हुए हाहे बस्ती तक पथ निर्माण कार्य का जायजा लिया।

## न्यूज फटाफट

### मुस्कान का फिर हुआ चयन

**हजारीबाग :** बेटी मुस्कान सिन्हा का एक बार फिर से राज्यस्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद 2023 प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है । मुस्कान ने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है। इस प्रतियोगिता में हर जिले से 2 प्रतिभागियों का चयन हुआ है जिसमे हजारीबाग से मुस्कान का भी नाम है । बता दें की पिछले वर्ष हीं नवंबर में मुस्कान संसद भवन में अपना लोहा मनवा कर आई हैं । वहां उन्हें हमारे देश के राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए चयनित किया गया था । और साथ हीं मुस्कान उसी महीने में रांची में आयोजित हुए विधान सभा



युवा झारखण्ड संसद में प्रथम उपविजेता भी बन चुकी हैं। इस बार हो रहे आयोजन में राज्य स्तर से 3 प्रतिभागियों को चुना जाएगा जिसमे प्रथम आने वाले प्रतिभागी को राष्ट्रीय स्तर पर इस बार संसद भवन में भाषण देने का मौका मिलेगा । उनका चयन झारखण्ड राज्य से युवा प्रवासी भारतीय सम्मेलन के लिए भी हुआ था। उन्हें संसद में बोलने के लिए भी चयनित किया गया था । उन्होंने अपने भाषण के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के जीवन शैली और देश के प्रति उनके कार्यों को अपने भाषण में बतलाया था। मुस्कान लगातार हजारीबाग के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। मुस्कान शुरू से हीं वाद विवाद प्रतियोगिता और भाषण में हमेशा से अव्वल रही हैं।

### विकलांगता रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला भी.बी.सी.पदाधिकारी, हजारीबाग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।ज्ञात हो कि हजारीबाग जिले में कुल 790 लिम्फोडेमा रोग जिसे हाथी पांव रोग भी कहते हैं चिन्हित हैं जिनके रोकथाम के तहत अब तक 715 रोगीयों का ईलाज किया जा चुका है तथा उन्हें एमएमडीपी



किट भी आपूर्ति की गई हैं।उक्त प्रशिक्षण में हजारीबाग जिले के सभी एमटीएस निगरानी निरीक्षक, सभी सा.स्वा.केन्द्र के सीएचओ बी.टी.टी, एमपीडब्ल्यू,शहरी क्षेत्र के निरीक्षक एवं अटल मुहल्ला क्लिनिक से एक ए.एन.एम. प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण का आयोजन एएनएमटी स्कूल, हजारीबाग में किया गया जिसमें जिला भीबीडी पदाधिकारी, जिला आर.सी. एच. पदाधिकारी, जिला भी.बी.डी. सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत हजारीबाग जिले के सा.स्वा. केन्द्र, चुरचू में दिनांक 10.02.2023 से 25.02.2023 तक आयोजित एम.डी.ए. कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जन समुदाय में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी दैनिक अखबार के पत्रकार बन्धुओं के साथ एम.डी.ए. संबंधी प्रेस मिडिया मीट का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जिला भी.बी.डी पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा अनुरोध किया गया । समाप्ति तक प्रत्येक दिवस अपने समाचार पत्र के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि जन समुदाय इससे लाभान्वित हो सके।

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के शत प्रतिशत अच्छादन के लिए सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन

**हजारीबाग :** हजारीबाग महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,रांची के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत क्रियान्वित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 18-19 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को योजना अन्तर्गत शत प्रतिशत लाभार्थियों को अच्छादित किये जाने हेतु दिनांक 01 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक विशेष शिवर/अभियान चला कर आवेदन आमंत्रित किया जायेगा। यह शिविर जिला के विभिन्न पंचायतों में शेड्यूल के अनुसार आयोजित किया जायेगा। उक्त आयोजित शिविर में सभी कोटि के छूटे हुए विशेषकर 18-19 वर्ष के लाभुकों को चिन्हित करते हुए वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन प्राप्त करते हुए नियमानुसार निष्पादन की कार्रवाई की जायेगी । इस शिविर का लाभ योग्य लाभुकों को मिले इसके लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने सभी जनप्रतिनिधियों / आमजनों से अनुरोध करते हुए कहा कि योग्य लाभुकों को शिविर में उपस्थित हो कर अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने हेतु प्रेरित करे।

### भू माफिया को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हजारीबाग :** हजारीबाग एक्ट के तहत माननीय न्यायालय के द्वारा सिद्धदोष अभियुक्त राकेश सिन्हा पिता-रमेश चंद्र सिन्हा -हरिबाबू कॉलोनी,थाना-कोर्रा हजारीबाग को बुधवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।उल्लेखनीय है कि राकेश सिन्हा शहर के जानेमाने भू-माफिया हैं ।इसी सिलसिले में जमीन के नाम पर चेक के माध्यम से पैसा लेन-देन करने पर चेक बाउंस होने पर माननीय न्यायालय के द्वारा गैर-जमानतीय वारंट जारी कर सिद्धदोष करार दिया गया था ।

### आदिवासी कुडमि समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बेरमो बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**बेरमो /फुसरो :** कुडमि जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने, सरना धर्म कोड लागू करने के लिए एवं कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर गुरुवार को आदिवासी कुडमि समाज बेरमो प्रखंड समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बेरमो प्रखंड कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम से बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से आदिवासी कुडमि समाज ने कुडमि जाति को पुन: एसटी सूची में शामिल करने का आग्रह किया साथ ही साथ यह कहां की कुडमि जाति 1913 एवं 1931 के गजट में आदिवासी की सूची में शामिल था जिसे भूलवश सूची से बाहर कर दिया गया जबकि छोटा नागपुर के कुडमि लोग सदियों से आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को मानते हैं। छोटा नागपुर के कुडमि लोग उड़ीसा बंगाल और झारखंड में जो निवास करते हैं सदियों से प्रकृति के पूजक रहे हैं वह हमेशा पहाड़ पर्वत पेड़ आदि की पूजा अर्चना करते आए हैं कुडमि समाज की अपनी आदिवासी भाषा है कुड़माली और साथ ही कुडमि समाज के लोगों को अपनी व्यवस्था भी है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के रूप में नरेश कुमार महतो, कमलेश महतो, जरीडीह पश्चिमी की उप मुखिया पुष्प लता देवी, तुरियों पंचायत के वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार महतो, लाल मोहन महतो, कुणाल कुमार, आदि लोग शामिल थे।

## बिहार पुलिस के निगरानी डीजी से दीपक नौरंगी की खास बात चीत

# पुलिस के कार्यों में पारदर्शिता और विश्वास जरूरी: आलोक

▶▶ एक महीने में चार भ्रष्टाचारियों पर की गई कार्रवाई

▶▶ 1989 के बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं आलोक

▶▶ बंगाल के नंदीग्राम में शांति स्थापना में काम किया

राष्ट्रीय खबर



**भागलपुर:** पुलिस तभी बेहतर कार्य कर सकती है,जब उसके कार्यों में पारदर्शिता और विश्वास दिखे। पुलिस पर जनता का बहुत सा भरोसा है। जनता के भरोसे पर खड़ा उतरने वाला पुलिस पदाधिकारी ही सम्मानित होता है। उक्त बातें निगरानी के डीजी आलोक राज ने एक विशेष भेंट में कही। आलोक मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। इनके स्वजन और पूर्व परिचित इन्हें बबलू के नाम से भी पुकारते हैं। बबलू के पिता पटना स्थित प्लानिंग विभाग में आफिसर के पद पर काबिज थे। जबकि इनकी माता मगध महिला कालेज में प्रोफेसर थी। जब 1992 में एएसपी के पद पर पटना में तैनात थे। तब उसी समय इनकी माता का निधन सड़क दुर्घटना में हो गया। इनके शरीर पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। इन्होंने किसी तरह अपने आप को संभाला। फिर इनकी पोस्टिंग सिटी एसपी पटना के पद पर हुई। इन्होंने बीएमपी सहित कई जिलों में एसपी के रूप में कार्य किया। सात वर्षों के लिए ये केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भी गए। ये केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तब गए जब ये बेगुसराय में एसपी के पद पर तैनात थे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान इन्होंने सात वर्षों तक सीआरपीएफ में सेवा दी। सीआरपीएफ में होते वक्त श्री राज ने पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम के हिंसाग्रस्त इलाकों में जोरदार काम किया। उनकी टीम के निरंतर प्रयासों का नतीजा था कि वहां चारी राजनीतिक हिंसा शांत हुई। वर्ष 2011 में यह बिहार लौटकर आए। बिहार सरकार ने इन्हें कई चुनौतीपूर्ण कार्यों में लगाया। बिहार के नए डीजीपी के नामों को लेकर जब अटकलों का बाजार गर्म था। उस समय आलोक राज के नाम की चर्चा भी खुब थी।

राज्य सरकार ने आलोक राज को निगरानी विभाग का डीजी बना दिया। पत्रकार के द्वारा बार-बार बिहार के सरदार पटेल भवन के डीजीपी बनने को चर्चा को लेकर लेकर सवाल पूछने और कुरेदने पर आलोक राज बताते हैं कि ट्रांसफर और पोस्टिंग राज्य सरकार के विवेक पर निर्भर है। मुझे जो जिम्मवारी दी गई है।

मै उससे संतुष्ट हूं। एक महिने के भीतर मैने चार भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की। हाल के दो दिनों पूर्व निगरानी विभाग के द्वारा मुखिया सुनीता देवी, बेर पंचायत, प्रखंड कुशेश्वर स्थान, जिला दरभंगा के पुत्र राहुल कुमार को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते पंचायत भवन बेर पंचायत दरभंगा से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया बहुत कम लोगों को मालूम है कि आलोक राज जिस पद पर काबिज हैं वर्षों पूर्व इनके ससुर डीएन सहाय भी इसी पद पर कार्यरत थे। आलोक राज नौकरी के दौरान चुनौतियों से कभी घबराए नहीं। गलत कार्य करने वालों को कभी प्रश्रय नहीं दिया। स्वच्छ छवि की वजह से वे पुलिस कर्मियों के बीच तो लोकप्रिय हैं ही,आम जनता की भी ये पसंद हैं। इनके पिता प्लानिंग अफसर रह चुके हैं।इसलिए सामान्य जीवन में भी हर काम प्लानिंग के आधार पर करते हैं। क्रिकेट से भी इनका गहरा लगाव रहा है। ये बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से भी लंबे समय तक जुड़े रहे।क्रिकेट को इन्होंने बिहार में बढ़ाया। बातचीत के दौरान इन्होंने कहा कि जो लोक सेवक अब भी नहीं सुधरे हैं। वे सुधर जाएं। अन्यथा निगरानी विभाग उन्हें सुधार देगी। उन्होंनेआम लोगों से आह्वान किया कि अगर कोई लोक सेवक जायज काम के बदले रिश्वत मांगता है तो इसकी सूचना निगरानी को दें। ऐसे लोगों की जगह समाज में नहीं बल्कि जेल में है।

## 2070 बोतल अवैध देसी शराब जप्त

### एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सुचना पर संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि इस दौरान सहारा होटल के समीप एनएच 98 किनारे से टाटा मांजा कार WB 06H/9586 पर लदे 46 पेटी में 2070 बोतल अवैध देशी शराब जप्त किया गया। प्रत्येक पेटी में 180 एमएल का 45 बोतल कुल 2070 बोतलें अवैध देशी शराब बरामद हुए। साथ ही इस कारोबार में संलीप्त एक व्यक्ति बिहार के सासाराम थाना क्षेत्र अन्तर्गत विश्रामपुर कला ग्राम निवासी शिवकुमार साव के 38 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया कि जप्त शराब बिहार ले जाया जा रहा था। इस बाबत हरिहरगंज थाना कांड संख्या 15 / 2023 दर्ज की गई है। छापेमारी टीम में हरिहरगंज थाना के सअनि जितेन्द्र कुमार , हवलदार मनोज कुमार मेहता, सशस्त्र बल एवं उत्पाद विभाग के अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मुखिया ने वाहन पकड़ कर डीटी ओ को सूचना दी

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने गुप्त सूचना पर एक ओवरलोड वाहन को पकड़कर इसकी सूचना बोकारो डीटीओ संजीव कुमार को दी। ओवरलोड वाहन में 33 टन के जगह 36 टन 500 केजी स्लैग लदा हुआ था। इस तरह पकड़े गए वाहन में 3 टन ओभर स्लैग लोड था। मुखिया ने कहा कि रामगढ जिला के गोला स्थित आई पी एल प्लांट से प्रतिदिन 20 से 25 गाड़ी स्लैग लेकर डालमिया प्लांट तक जाया करती है जिसमे ओवरलोड स्लैग लोड रहता है। डीटीओ ने कहा पकड़े गए ओवरलोड वाहन का ऑनलाइन फाइन गुरुवार को काट दिया गया है।

### वार्षिक महोत्सव मनाने को लेकर भक्तों की बैठक

**गुमला :** महासदाशिव मंदिर मरदा के प्रांगण में आगामी २१ एवं २२ फरवरी २०२२ को आयोजित होने वाले पंचम वार्षिक महोत्सव को सफल एवं भव्य बनाने हेतु क्षेत्र के भक्तों की एक बैठक महासदाशिव मंदिर संचलन समिति के अध्यक्ष विज्ञान कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। सभा में भक्त जनों की उपस्थिति उत्साहवर्धक थी।सभा की शुरूआत जगदीश सिंह, सचिव के स्वागत भाषण से हुई । विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई एवं प्रचार प्रसार कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद अनिरूद्ध सिंह ने बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक कार्यक्षेत्रों की अतीत में हुई कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी तथा इस बार सभी कार्यक्रमों के व्यवस्थित ढंग से संचालन हेतु कुछ सुझाव दिए। इसके अंतर्गत वाहनों के पड़ाव एवं दुकानों को ढंग से लगाने पर चर्चा हुई एवं इस कार्य के लिए भक्तों को उत्तरदायित्व सौंपा गया। भंडारे के समुचित प्रबंधन का भार कुलमुंडा के २० स्वयं सेवी युवकों ने उठाया।

## एक दिवसीय मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# मजदूरों ने नाजिर को सौंपा मांग पत्र



राष्ट्रीय खबर

**हेरहंजः** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरना भवन में एक दिवसीय मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन।कार्यक्रम के पश्चात निम्नलिखित मांगों को लेकर प्रखण्ड कार्यालय में उपस्थित नाजिर महेश राम को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें मुख्य रूप से सभी नरेगा श्रमिकों के लिए 15 दिनों के भीतर भुगतान की गारंटी दी जाए। सभी लंबित भुगतान और वित्तीय वर्ष 2021-22 के लंबित एफटीओ को भी तुरंत चुकाया जाए।पर्याप्त बजट आवंटन जारी करना, ताकि मांग के आधार पर बढ़ी हुई मजदूरी दर पर रोजगार उपलब्ध। केंद्र और राज्य सरकार के बीच किसी भी मतभेद को उनके द्वारा मजदूरों के काम करने के अधिकार और भुगतान को नुकसान पहुंचाए बिना आपस में हल किया जाय सहित कई मांग दशार्ये गए हैं।देश में मनरेगा के बहुत सकारात्मक प्रभाव सामने आये हैं, परन्तु हाल के दिनों में यह निष्फल हो गया है, शोषक श्रम बन गया है, जहां ईमानदारी से कड़ी मेहनत करने वाले श्रमिकों को अपनी मजदूरी के लिए अंतहीन इंतजार करना पड़ता है। नरेगा के कानूनी प्रावधानों का नियमित उल्लंघन किया जा रहा है और अधिनियम को इसकी भावना के विपरीत तरीके से लागू किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मनरेगा कार्यान्वयन को मजबूत करने और व्यवस्थित भ्रष्टाचार को समाप्त करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि श्रमिकों को उनकी मूल नरेगा पात्रताएं जैसे मजदूरी का समय पर भुगतान, मांग पर काम, देर से भुगतान के लिए मुआवजा व बेरोजगारी भता मिले। मनरेगा को पुनर्जीवित करने के लिए झारखण्ड में राष्ट्रीय कार्रवाई के लिए झारखण्ड नरेगा वाच के आहवान के हिस्से के रूप में आज पूरे राज्य में मजदूरों के द्वारा बी डी ओ को पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

## दिगंबर जैन समाज के संरक्षक नागर मल जैन का निधन



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार बाजार टांड निवासी सह दिगंबर जैन समाज के संरक्षक नागर मल जैन (95 वर्ष) का निधन पेटरवार स्थित निवास स्थान पर बुधवार की देर रात्रि में हो गयी। जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार को चरगी गांव स्थित अम्बागढा नदी के तट पर जैन विधि के अनुसार कर दिया गया। उनके निधन से जैन समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके मन में एक इच्छा थी कि पेटरवार बाजार टांड स्थित नवनिर्मित जैन मंदिर की कलश स्थापना कार्यक्रम को देखे लेकिन उनकी यह इच्छा पूरी नही हो पाई। घटना की जानकारी मिलते ही गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना ब्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की जानकारी पाकर सुधीर कुमार सिन्हा, ब्रजेश कुमार मिश्रा, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हा , बुंडू मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिन्हा, मुमताज अंसारी, चंदन सिन्हा सहित अन्य लोगो ने शोक ब्यक्त किया है।

## न्यूज फटाफट

### कांग्रेस नेता के पिता का निधन

**हरिहरगंज/पलामू :** प्रखण्ड के अररुआ कला निवासी कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार सिंह और अररुआ पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह के 88 वर्षीय पिता लक्ष्मीनारायण सिंह का बीते बुधवार की रात को निधन हो गया। जिनका दाह संस्कार गुरूवार को गांव से पूर्व स्थित बटाने नदी घाट पर किया गया। जहां दिवंगत के छोटे पुत्र अंबुज कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय सिंह ने उनका मुखाग्नि दी। बता दें कि वे लंबे समय से किडनी और ह्रदय की बीमारी से पीड़ित थे। पिछले कुछ दिनों से स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें ईलाज के लिए बनारस ले जाया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। इनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं , समाजसेवियों , व्यवसायियों और ग्रामीणों ने गहरी संवेदना जताई है। शोक जताने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिनोद कुमार सिंह , राजद नेता बुधन सिंह यादव, महेन्द्र यादव , अशोक कुमार यादव, आजसू पार्टी के रामजी पासवान , आलमगीर आलम के अलावा अधिवक्ता यमुना प्रसाद सिंह , शिक्षक शिवशंकर राम, रविंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार , अशोक यादव , नवनीत कुमार , अजय यादव के साथ ही महादेव यादव , अवधेश यादव, अमरेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अमोद कुमार सिंह , संजय सिंह , युगेश्वर शर्मा, बीडी सिंह , बिनोद साव, बबलु कुमार सिंह , मोहन पासवान, सुरेंद्र सिंह , बसंत पासवान , महेन्द्र पासवान, भोला सिंह, कामेश्वर पासवान, लखनदेव पासवान, शंभु सिंह रामनंदन यादव ,राजाराम मेहता , प्रमोद माली , अरविन्द सिंह , छोटे सिंह ,रवींद्र पासवान , संतन पासवान , विजय पासवान, अजय पासवान आदि सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

### बीडीओ ने पंचायत सचिव अर्जुन राम का रोका वेतन

**पांकी, पलामू :** कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह ने सगलिम पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम का वेतन पर रोक लगा दी है उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित रहेगा। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पत्र निर्गत कर वेतन स्थगित किए जाने की जानकारी दी है। पंचायत सेवक अर्जुन राम सगालिम पंचायत के अलावा अन्य पंचायत के भी पंचायत सचिव है, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्गत पत्र में उल्लेख किया है कि पंचायत सचिवों को मंगलवार एवं शुक्रवार को ही प्रखंड कार्यालय में उपस्थित होना रहता है लेकिन अर्जुन राम सोमवार को प्रखंड कार्यालय में घूमते पाए गए जिससे साफ जाहिर होता है कि पंचायत सचिव अर्जुन राम पंचायत में कार्य नहीं करते हैं। पंचायत में कार्य करने के बदले में ब्लॉक में घूमते हैं जो गंभीर मामला है। पंचायत सचिव अर्जुन राम पर स्थानीय लोगों ने कार्य में लापरवाही बरतने और हमेशा नशे में धुत रहने का आरोप लगाया है ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव अर्जुन राम नशे में चूर रहते हैं और लोगों का कार्य नहीं करते हैं। कोई भी काम करने से पहले लोगों से खुलेआम पैसा वसूली करते हैं पैसा लेने के बाद भी पंचायत सचिव अर्जुन राम ग्रामीण जनता का कार्य नहीं करते हैं। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पंचायत सचिव अर्जुन राम को तत्काल प्रभाव से उनका वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है मंगलवार एवं शुक्रवार को ही प्रखंड कार्यालय में उपस्थित होना है ऐसा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हैंडबॉल खिलाडियों का टॉवर चौक पर हुआ स्वागत



**गुमला :** तमिलनाडु राज्य के तिरुचिरापल्ली जिले मे आयोजित 44वीं जूनियर नेशनल जो की 26 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित हो जिसमे झारखंड राज्य ने अपने पुल मे बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के निदेशक सह झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के सह सचिव सैयद जुन्नु रैन इन दोनो खिलाडी नीरज महतो और सद्दाम अंसारी के आगमन पर टॉवर चौक पर माला पहना कर और उन्हे मिठाई खिला कर स्वागत किया साथ ही कहा गुमला के खिलाडियों के अंदर प्रतिभा की कमी नही है सिर्फ से निखारने और उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है इस 44वीं जूनियर नेशनल हैंडबॉल मे अपने पुल मे अच्छा प्रदर्शन पर हमारे गुमला के खिलाडी को बेस्ट प्लेयर का मूमेंटो दिया गया ये गुमला हैंडबॉल एसोसिएशन के लिए गर्व की बात है मौके पर गुमला जिला के समाजसेवी माननिय मनीष जी ने कहा गुमला जिला खेल के क्षेत्र मे हमेसा एक अलग कीर्तिमान हासिल किया है और और स्पोट्र्स अकादमी हैंडबॉल के क्षेत्र मे झारखंड मे अलग पहचान बनाया है मै सभी खिलाडियों की आगे के भविष्य मे बेहतर हो इसकी कामना करता हूँ वही मौके पर अभिभावक के रूप मे बरकत अंसारी शामिल थे साथ मे स्पोट्र्स अकादमी के सीनियर खिलाडी की भी मौजूदगी थी जिसमे दीपक कुमार, विक्रम राज,रवि गुप्ता,अनिष साहू, तौफीक अंसारी, विजय साहू उपस्थित थे।

## आसाम से आये 14 सदस्यों का दल ने पंचायत का किया भ्रमण



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार इंटा संस्था आसाम से आये 14 सदस्यों का एक दल ने गुरुवार को पेटरवार क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सदस्यों ने पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत अंतर्गत भदवा जारा में मनरेगा योजना के अंतर्गत लगाए गए आम बागवानी का निरीक्षण किया। इसके पूर्व संस्था के रोनडिनी किकोन व स्वाम्बी बासु मात्री के नेतृत्व में आये संस्था के 14 सदस्यों का स्वागत महिला मेट तिला कुमारी की ओर से किया गया और सभी सदस्यों को आम के पत्ते से बनाई गई टोपी पहना कर अभिनंदन किया गया। संस्था के सदस्यों को भदवा जारा में 54 एकड़ भूमि पर मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम बागवानी का निरीक्षण किया। इसके अलावे समर्पण संस्था की ओर से यहां बनाये गए अमृत सरोवर, व प्रदान संस्था की ओर से पटवन के लिए उपलब्ध कराए गए संसाधनों का निरीक्षण भी किया। आसाम से आये लोगो ने किए गए कार्यो की काफी सराहना की ओर इसे भविष्य के लिए आय वृद्धि के लिए सबसे उत्तम बताया।

## रुचिर कुमार तिवारी ने पार्क एवं अटल क्लीनिक का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी नौजवान संघ के उपाध्यक्ष अभय कुमार भूईया मेदिनीनगर नगर निगम अंतर्गत के पास बने पार्क एवं अटल क्लीनिक का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने घोर अनियमितता पाया । पार्क देखने के बाद यह स्पष्ट लगता है कि 18 लाख के करीब से बना पार्क में दो से तीन लाख का भी काम नहीं हुआ। श्री तिवारी ने इस संदर्भ में पलामू उपायुक्त को स्मार पत्र भी लिखा और उन्होंने कहा कि नदी के किनारे पंपु कल के पास वार्ड नंबर 23 में जैसे तैसे पार्क में बैठने के लिए मात्र 6 चबूतरे एवं तीन कुर्सी लगा हुआ है और थोड़ा बहुत चिकना कर दिया गया उसमें सफाई भी नहीं होता है और उसके बाद इतनी बड़ी राशि का गमन कर दिया गया जिसमें संवेदक से लेकर के शहर के मेयर एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत है।

यह पार्क कोयल नदी के बिल्कुल किनारे हैं जिनका बनना ही कोई औचित्य नहीं था लेकिन सरकारी पैसे का और आम जनता के टैक्स के पैसे का बंदरबांट करने के लिए यह योजना लीपापोती करके पैसा निकालने का काम शहर के मेयर के द्वारा किया गया है और जिसका उद्घाटन भी हो गया। कई व्यक्तियों ने कहा कि यह पार्क आज से दो-तीन महीना पहले बना हुआ है और इसमें भारी घोटाला हुआ है वही बगल में करोड़ों रुपए की लागत से खुला अटल किलिनक बंद रहता है कभी-कभार पदाधिकारी आ जाते हैं अन्यथा बराबर ताला बंद रहता है। ऐसी परिस्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू उपायुक्त से मांग करती है कि पार्क में की गई घोटाला की जांच कमेटी बनाकर किया जाए ताकि इसका घोटाला उजागर हो सके और दोषी पदाधिकारियों को उन पर गबन का मुकदमा चलाकर जेल भेजने की तैयारी किया जाए।

# बैठक में उपायुक्त ने की विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा

▶▶ जल जीवन मिशन के तहत साल के अंत से पहले सभी घरों में नल से जल की सुविधा उपलब्ध करने हेतु कार्य किया जा रहा है

▶▶ कृषकों को रागी एवं लेमन ग्रास की खेती करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश

▶▶ वीर शहीद पोटों हो प्रखंड स्तरीय खेल मैदान निर्माण कार्य को फरवरी अंत तक पूर्ण करने का निर्देश

▶▶ सोलर उपकरणों की मरम्मती हेतु जिले के युवकों को दी जाएगी ट्रेनिंग

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जिला की कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम लोगों को आच्छादित करने हेतु योजना बना कर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

पीएचईडी विभाग की समीक्षा के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ घोषित पंचायतवार ग्रामों को 5 स्टार रेटिंग बनाने हेतु सोक पिट निर्माण ,वेस्ट मैनेजमेंट आदि पर युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी बीडीओ को इस कार्य को गंभीरता से लेने की बात कही।उन्होंने सभी स्थानों में सोक पिट निर्माण करते हुए 31 मार्च से पूर्व सभी गांव को आदर्श ग्राम घोषित करने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए इस वर्ष के अंत तक सभी के घरों में पाइपलाइन एवं नल लगाने का निर्देश दिया गया। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में पानी की व्यवस्था एवं सौंचलय की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने अपने स्तर से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

बिल्डिंग विभाग को समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए चैनपुर में 50 बेड के अस्पताल हेतु अंचल अधिकारी चैनपुर से समन्वय स्थापित करते हुए स्थान का चयन करते हुए कार्य प्रारंभ जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी आवासीय विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया । उन्होंने संबंधित विभागों को विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

कृषि विभाग अंतर्गत रबी की खेती के विषय में पूर्व के वर्षों के मुकाबले इस वर्ष की रबी की खेती में आए वृद्धि एवं बदलाव संबंधित विश्लेषित रिपोर्ट सभी बीडीओ को तैयार करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बीडीओ भी अपने स्तर से किसानों को साल में दूसरी खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें साथ ही सभी स्थानों में रागी एवं लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा देने की बात कही।

## शहर >> अपडेट

### घर में प्रसव के दौरान महिला की मौत

**कोडरमा:** चलकुशा प्रखण्ड के मसकेडीह में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला की पहचान 22 वर्षीया नेहा कुमारी पति सन्तोष दास के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को उक्त महिला का प्रसव घर पर ही कराया गया था। जिसमे महिला ने नवजात बच्ची को जन्म दिया और उसके बाद उसकी स्थिति गम्भीर हो गयी।

## सिटी अपडेट्स >>

### थाना परिसर में हुई प्रेमी युगल की शादी

**झुमरीतिलैया:** तिलैया थाना में रविवार को प्रेमी युगल अभिभावकों की रजामंदी के बाद परिणय सूत्र में बंध गए।जानकारी के अनुसार पुष्पा कुमारी (21 वर्ष, पिता तोता साव, डोइंयाडीह) एवं गोलू कुमार (पिता मनोज वर्मा, खरीटांड़, गुमो निवासी) का विगत 6 माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 28 जनवरी 2023 को दोनों अपने अपने घर से भाग गए। इसके बाद दोनों के परिजनों की तरफ से तिलैया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 1 फरवरी को दोनों प्रेमी युगल ने थाना में आकर आत्मसमर्पण कर दिया।

### सभी शहीदों को दी श्रृद्धांजलि

**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू,लोहरदगा के सचिव इंद्रजीत कुमार के द्वारा लड़का आंदोलन की टिको की स्थली पर जा कर सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बीएड और डी एल एड समेत अविराम स्कूल ऑफ एक्सेलेंसी के सभी छात्र छात्राओं को लरका आंदोलन की इस माननीय धरती के महत्व और शहीद हलधर, गिरधर, रूनिया, झुनिया के बलिदान से प्राचार्य डॉ। प्रतिमा त्रिपाठी ने अवगत कराया और बताया कि सचिव इंद्रजीत कुमार सर के द्वारा इस पावन भूमि के समक्ष कॉलेज की स्थापना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु की गई है क्यों की शिक्षा से सभी अंधकार दूर होते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर नगर भ्रमण

कोडरमा: कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित चुटियारो में आयोजित पाच दिवसीय श्री श्री 108 श्री देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू हुआ था। जिसके बाद गुरुवार को नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण में चुटियरो से होते हुए लखीबागी होते हुए फरिंदा होते हुए फिर चुटियारो यज्ञ मंडल परिसर पहुंची। नगर भ्रमण में काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद हुए, प्रत्येक दिन 6 बजे शाम महाप्रसाद का वितरण होगा। मौके पर सुमित कुमार, अमित कुमार, दिलीप साव, सुरेंद्र राम, दिनेश कुमार सिंह, महेंद्र राणा, रंजीत साव, राजकुमार साव, सुरेंद्र राम, दिनेश सिंह, रंजीत साव, सुरेंद्र राम आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनुबंध कर्मचारी संघ का धरना जारी

**सतगावां:** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में झारखण्ड राज्य एएनएम एवं जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में 20 एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मी हड़ताल पर है। जिससे प्रखण्ड में प्रसव से लेकर कई प्रकार की परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं एएनएम तथा जीएनएम अनुबंध कर्मचारी का कहना है कि हमलोगों का एक सूत्रीय मांग है। झारखंड सरकार हम लोगों को नियमित करें जबतक सरकार के द्वारा हमलोगों का एक सूत्री मांग को पूरा नहीं किया जायेगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए रहेंगे।

**आयोजन** पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का हुआ आयोजन

# आमजनों को किया गया जागरूक

- जिला के सभी पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण करते हुए अहर्ता रखने वाले लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके
- जिला स्तरीय पदाधिकारीयों द्वारा विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण भी किया गया



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त वरुण रंजन के निदेशानुसार जिले के सभी पंचायतों में गुरुवार को भी जिले के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए आपको सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके पंचायत में आ पहुंचा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत हर घर को मिल सकें। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। पंचायत स्तर से ही आम लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी। उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती -साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायत दिवस कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतों के निष्पादन, योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के अलावा शिकायतों का निष्पादन के साथ योग्य लाभुकों को जोड़ते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित भी किया जा रहा है।

अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों का हड़ताल जारी

## हेमंत सरकार इन्हें नियमित करे: अमित यादव



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड राज्य के अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों का हड़ताल 18वें दिन भी लगातार जारी रहा। वहीं धरना स्थल पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि ये लोग लगातार 18 दिन से हड़ताल पर हैं और 10 दिनों से रांची राज भवन में भी अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी अनशन पर है। जिसके कारण लगभग 7 चिकित्सा कर्मियों की तबियत काफी खराब हो चुकी है। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों की मासिक आय में वृद्धि कर दे या फिर इन लोगों को नियमित कर दे। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा कि काफी दिनों से अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी हड़ताल पर हैं। साथ ही कुछ लोग अनशन पर भी हैं। सरकार को अब इसमें बिल्कुल गंभीरता से कुछ निर्णय लेना चाहिए। स्थायीकरण के प्रति कोई टीम गठित करके इनके समस्या के निवारण हेतु पहल करना चाहिए।

## बोर्ड को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सुधार हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य रुप से आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी मॉडल सेट बच्चों को हल करवाने एवं मॉडल सेट आधारित प्रश्न प्रैक्टिस करवाने हेतु रणनीति पर चर्चा किया गया। इसके साथ ही प्रोजेक्ट रेल के तहत चल रहे टेस्ट की भी समीक्षा किया गया। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्री-बोर्ड आयोजित करते हुए टेस्ट देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने अपने विद्यालयों के शिक्षक झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी मॉडल सेट बच्चों को हल करवाने एवं मॉडल सेट आधारित प्रश्न प्रैक्टिस करवाने भी सुरक्षित करेंगे। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बच्चे बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिए सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों के साथ विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं के बारे में चर्चा किये, जैसे विद्यालयों में चाहरदीवारी की स्थिति, हेंडवॉस यूनिट की स्थिति, विद्युतीकरण की स्थिति, खेल मैदान की स्थिति, शौचालय की स्थिति, रैंप की स्थिति समेत कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त महोदय ने सभी शिक्षकों को उक्त बिंदुओं पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, एडीपीओ शिव मल्लिक व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकगण मौजूद रहे।

### कलश का हुआ स्वागत

**मरकच्चो:** कोडरमा प्रखंड के झुमरीतिलैया स्थित मंडुवा टांड मैदान में 3 फरवरी से 6 फरवरी तक होने वाले 108 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ सह शक्ति पीठ स्थापना दीपोत्सव को लेकर शांतिकुंज हरिद्वार से भ्रमण हेतु लाये गए कलश का मरकच्चो प्रखंड में गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। कलश मरकच्चो पंचखेरो नदी स्थित राधा फ्यूल जंक्शन के समीप पहुँचने पर मरकच्चो प्रखंड के ग्रामीणों ने कलश का भव्य स्वागत किया। कलश को जय घोष व गगनचुंबी नारों के साथ मरकच्चो बाजार, बन्धन चौक, भगवतीडीह, भोजपुर, पश्चिम मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, लालनगर, देवगढ़ मुहल्ला होते हुए मरकच्चो स्थित गायत्री चेतना केंद्र पहुंची। जहां गायत्री परिवार के द्वारा पूजा अर्चना की गई। ततपश्चात कलश मरकच्चो ब्लॉक चौक, दरदाही, नावाडीह1 होते हुए 3 फरवरी को यज्ञ स्थल झुमरीतिलैया महुवाटांड पहुंचेगी।

## छत्तीसगढ़ से बालूमाथ पहुंचा मजदूर का शव



- गांव में शोक की लहर

राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के मुरपा पंचायत अंतर्गत बलबल गांव निवासी दिरपाल भगत के 25 वर्षीय पुत्र राम लखन भगत का शव जैसे ही गांव में पहुंचा शोक की लहार दौड़ गयी। परिजनों के रोने-चीखने की आवाजें गांव में गूंजने लगी। जानकारी के अनुसार मजदूर की तीन दिन पहले 27 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य में एक दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलते ही बालूमाथ प्रखंड के भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा बलबल गांव पहुंचे और घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।अंतिम संस्कार में पंचायत प्रधान अजय टाना भगत, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दशरथ ठाकुर, सरजू भगत, मुन्ना भगत, सोमन भगत, गंगेश्वर भगत, झालो देवी, बुद्धराम, धनेश्वर, परमेश्वर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



- 17 फरवरी को होनी थी शादी

राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरियातू फूलशु मोड़ के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में घायल एक युवक की गुरुवार सुबह रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की उम्र करीब 28 साल के आसपास रही होगी। बताया जाता है कि 17 फरवरी को उसकी शादी होने वाली थी। जवान बेटे की अचानक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घायल युवक की पहचान बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के मुख्य पुजारी सह बरियातू नचना ग्राम नवासी पंडित दीनानाथ बैद्य के प्रथम पुत्र संतोष कुमार बैद्य के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संतोष बुधवार की रात बारियातू ग्राम में आयोजित एक शादी समारोह में बाइक से शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। परिजनों के द्वारा गंभीर अवस्था में उसे देर रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## शोकाकुल परिजनों से मिली विधायक नीरा यादव

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** नगर पंचायत अंतर्गत दूधीमाटी वार्ड नं 11के निवासी सेवानिवृत उच्च विद्यालय शिक्षक गिरीजानंदन प्रसाद के लापता होने पर उनके घर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करने पहुंची कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव। इस गंभीर मामले को संज्ञान लेते हुए नीरा यादव पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर जांच में गहन छानबीन करते हुए पता करने का निर्देश दिया । उन्होंने परिजनो को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जब तक वे वापस न आ जाय तब तक जब भी मेरी आवश्यकता हो मैं हर तरह से सहयोग करने को तैयार हूं।

ज्ञात हो कि 31 जनवरी के 12 बजे दिन के बाद से ही सेवानिवृत शिक्षक गिरीजानंदन प्रसाद लापता हैं। परिजनों के अनुसार वे घर से बड़की बागी होते हुए चेचाई के रास्ते चाराडीह पहुंचे थे, जिसका जानकारी मोबाइल



लोकेशन एवं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से पता चला। उसके बाद से लोकेशन बंद हो गया। इसकी तहकीकात प्रशासन द्वारा की जा रही है और परिजनो द्वारा भी गुमशुदगी का पर्चा चिपका कर एवं टेंपो से प्रचार करवाया जा रहा है। वहीं एक अन्यत्र दूधीमाटी चौक के निकट रहने वाले अशोक सोनी की पत्नी की मृत्यु के उपरांत विधायक नीरा यादव शोक संतप्त परिजनो से मुलाकात किया एवं उन्हें ढांढस बंधाने की कोशिश किया । साथ ही दिवंगत की शव यात्रा में शामिल हुई और शोक संवेदना व्यक्त किया।

### वृंदा में ग्राम स्वालंबन की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा:** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम वृंदा में ग्राम स्वालंबन की बैठक किरण देवी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट गुड़िया देवी ने प्रस्तुत किया। महिलाओं के द्वारा गांव को साक्षर बनाया गया, वही कूड़ा दान गांव की साफ सफाई पर जोर दिया गया। इतना ही नहीं ग्राम वृंदा में स्वालंबन दीदियों के द्वारा अपने सहयोग से 50 पौधा लगाया गया, साथ ही साथ पौधा को टाटी से घेराव भी किया गया समय-समय पर महिलाएं के द्वारा पौधा को बचाने हेतु पानी भी दिया जा रहा है। उत्प्रेरक प्रकाश रजक ने कहा कि गांव को आगे बढ़ाने के लिए सभी दीदियों को एकता का परिचय दिखाना होगा।

## न्यूज फटाफट

### पंचायतों के विकास के लिए कांग्रेस संकल्पित

कुडू: कुडू प्रखंड के बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी के घर में मिले लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत । इस मौके पर सुखेर भगत ने कहा कि लोहरदगा जिला के सभी पंचायतों का विकास करने हेतु कांग्रेस पार्टी कृत संकल्पित है। इसी क्रम में बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने सुखेर भगत से बड़की चापि पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु कई बातें रखी। इस मौके पर सुखेर भगत ने बड़की चापि पंचायत के सभी गांवो का विकास करने की बात की। इस मौके पर किस्को प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष यूनुस अंसारी,कुडू प्रखंड कोंग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष संजय चंद्र मुखर्जी, बड़की चापि कोंग्रेस पंचायत अध्यक्ष जैनुल अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र राम, रमेश राम, रविंद्र मोची, हेमंत मोची सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टिको शहादत स्थल पर लगेगा भव्य मेला : उपायुक्त

**लोहरदगा:** जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित टिको शहादत स्थल पर शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रंद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सेवानिवृत आईएएस पदाधिकारी व जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उराँव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार समेत शहीद समारोह समिति की ओर से शहीदों के शहादत स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व समारोह समिति द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत समारोह समिति एवं टाना भगत की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आनेवाले वर्षो में टिको शहादत स्थल पर भव्य मेला लगेगा। ऐसे आयोजन का उद्देश्य शहीदों की कुबार्नी को याद करना होता है। विद्यालयों में भी शहीदों के बारे शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि आज के छात्र-छात्राओं को शहीदों के बलिदान की जानकारी हो सके। इतिहास के सुनहरे पन्ने को हमें पढ़ना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व उपायुक्त के प्रयासों से इस ऐतिहासिक स्थल का सुंदरीकरण हुआ है, हम उनके इस प्रयास को आगे ले जाएंगे और इस स्थल में बाकी बचे हुए कार्यो के लिए भी योजना तैयार करेंगे।

### हलधर गिरधर के शहादत पर लोगों ने किया नमन

**लोहरदगा:** स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता, लरका आन्दोलन के नायक वीर बुधु भगत उनके पुत्र हलधर भगत- गिरधर, बहन रुनिया - झुनिया को कुडू प्रखण्ड के टिको पोखरा टोली स्थित उनके समाधी स्थल पर वीर बुधु भगत स्मारक समिति के तत्वावधान में गुरुवार 2 फरवरी को शाहिद श्रधांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से लोहरदगा के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण व तत्कालीन उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों द्वारा समाधी स्थल पर झंडोतोलन एवं बंगाल से आये पुजारी पुरोहित द्वारा विधिवत यज्ञ अनुष्ठान कराया गया। इस दौरान राजी पड़हा प्रार्थना सभा द्वारा कुडू स्थित पड़हा भवन से कलश यात्रा निकाली गयी जो बस स्टैंड स्थित वीर बुध भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात टिको स्थित शहीद स्थली पहुंच पूजा अर्चना कर जल चढाया। मौके पर पूर्व मंत्री सधनु भगत,विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, वरीय पदाधिकारी नारायण राम,कुडू प्रमुख मुनि देवी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह ,उप प्रमुख ऐनुल अंसारी,प्रभारी बीएओ किशोर उरांव,जतरु उरांव,बेंजामिन उराँव, के अलावा जन प्रतिनिधि एवं किस्को, चान्हो, सेन्हा, भंडरा, चंदवा सहित कई जगहों के सैकड़ो लोग शामिल हुए।

### डीएभी पब्लिक स्कूल ने चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल को हराया

**कोडरमा:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे जगदीश यादव मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में डीएभी पब्लिक स्कूल और चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के बीच मैच खेला गया। डीएभी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएभी पब्लिक स्कूल ने 24.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाए। जिसमें पियूष कुमार सिंह ने 57, अर्यनदेव 23 और रोहित कुमार यादव ने 15 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल की ओर से माशूक 6 और एहसान मानी ने 2 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल 35.2 ओवर में 126 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमे एहसान मनी 35 और मो. शाहनवाज ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए डीएभी पब्लिक स्कूल की ओर से रोहित कुमार यादव 5 और पियूष कुमार सिंह ने 3 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच डीएभी पब्लिक स्कूल के पियूष कुमार सिंह को कांग्रेस प्रदेश सचिव और केडीसीए कोषाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने दिया। मैच में अंपायर अजय राणा और आशीष यादव तथा स्कोरर रवि यादव थे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा: पशुपालन विभाग कोडरमा के सौजन्य से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं का टीकाकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिरसा सांस्कृतिक भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त ऋतुराज शिरकत हुए। उप विकास आयुक्त, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पशुओं के टीकाकरण करने हेतु पशु सखी, कृषक मित्र, मत्स्य मित्र को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने प्रशिक्षण में आये पशु सखी, कृषक मित्र, मत्स्य मित्र को संबोधित करते हुए कहा कि अपने गांव, पंचायत में सभी पशुओं का खुरहा, मुंहपका रोग का टीकाकरण करायें। जिला पशुपालन पदाधिकारी कोडरमा ने राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। डॉ अरुण राय भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डोमचांच ने पशुओं में कृषि होने वाले बीमारी एवं उसके रोकथाम की जानकारी दी।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डॉ विनीता कुमारी भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा समेत विभिन्न प्रखंडों से आये पशु सखी, कृषक मित्र, मत्स्य मित्र मौजूद रहे।

### राशन वितरण में अनियमितता, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**मरकच्चो:** सरकार भले ही गरीबों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करा रही हो, ताकि गरीबों को दो वक्त की रोटी मिल सके लेकिन डीलर की मनमानी के चलते गरीबों की मिलने वाले निवाला भी राशन डीलर डकार रहे है। ऐसा ही मामला मरकच्चों प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता लक्ष्मी महिला मंडल राजारायडीह का मामला प्रकाश में आया है। इस संबध में दर्जनों लाभुकों ने गुरुवार को अंचल कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन करते हुवे जमकर बवाल काटा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से आवेदन देकर कानूनी कार्यवायी करने की मांग की। मालूम हो कि लक्ष्मी महिला मंडल लाइसेंस न. 02/13 के द्वारा लाभुक को दो बार फिंगर लगाकर 2 माह का चावल को लाभुकों को नहीं देकर खुले आम कालाबाजारी किया जा रहा है।

### मृतक के परिजनों को मिला सहायता राशि

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला में आदिम आदिवासी परिवार के सदस्य लल्लू बिरहोर की अचानक मौत हो गयी। सूचना के बाद बालूमाथ प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी और कई राजनिक दल के लोग बिरहोर टोला पहुंचे।मौके पर ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए बालूमाथ बीडीओ द्वारा 5000 रुपये नगद, अंचल अधिकारी आफताब आलम द्वारा कंबल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव मृतक के परिजनों को खाद्य सामग्री के रूप में चावल, आलू, तेल, नमक आदि दिया गया। मौके पर मौजूद पदाधिकारी व प्रखंड अध्यक्ष द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू, पंचायत सचिव ब्रह्मदेव राम, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार लक्ष्मण यादव, आशीष रंजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### लिगो वन : पीएसजी की जीत में मेस्सी का गोल, एमबाप्पे चोटिल



**पेरिस :** विश्व कप विजेता फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मोंटपेलियर के खिलाफ पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की 3-1 से जीत में एक गोल किया जबकि टीम के एक अन्य दिग्गज कीलियन एमबाप्पे पेनल्टी पर दो बार चूकने के बाद चोटिल हो गये। इस जीत से लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में पीएसजी ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करते हुए अपनी बढ़त पांच अंक की कर ली। मेस्सी ने मैच के 72वें मिनट में गोलकर पीएसजी की बढ़त को 2-0 कर दिया। उनसे पहले फाबियान रुइज ने 55वें मिनट में टीम का खाता खोला था जबकि वॉरेन जैरे-एमरी ने आखिरी लम्हों (90+2 मिनट) में गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की।इस बीच मोंटपेलियर के लिए 89वें मिनट में अरनोद नॉर्डिन ने गोलकर हार के अंतर को कम किया। एमबाप्पे मैच के 21वें मिनट में लंगडाते हुए मैदान से बाहर चले गये। पीएसजी के कोच क्रिस्टोफ गाल्टियर ने हालांकि मैच के बाद कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं दिख रही। अन्य मैचों में गत चैम्पियन मार्सिले ने नैनटेस को 2-0, नीस ने लेंस को 1-0 से हराया। मोनाको ने ऑक्सेरे के खिलाफ 3-2, रेंस ने स्ट्रासबर्ग के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की जबकि लियोन ने ब्रेस्ट को गोलरहित ड्रॉ पर रोका।

### एलए लीगा : लेवांडोव्स्की के गोल से बासीलीना ने बेटिस को हराया



**मैड्रिड :** रोबर्ट लेवांडोव्स्की के गोल से बासीलीना ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में रीयल बेटिस को बुधवार को यहां 2-1 से शिकस्त देकर खिताब के लिए अपना दावा और मजबूत किया। इस जीत से टीम ने 50 अंक के आंकड़े को छू लिया। बासीलीना के नाम 19 मैचों में 16 जीत के साथ 50 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड के नाम 18 मैचों में 42 अंक है। लेवांडोव्स्की ने इस लीग में अक्टूबर के बाद पहला गोल किया जिससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले में बासीलीना की लगातार छठी जीत सुनिश्चित हुई।पोलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम इस लीग के मौजूदा सत्र में अब 14 गोल है। वह इस मामले में अब सबसे आगे है। बासीलीना के लिए राफिन्हा ने मैच के 65वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लेवांडोव्स्की ने 80वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डिफेंडर जूल्स कुंडे ने मैच के 85वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिसने बासीलीना के जीत के अंतर को कम किया।

**अनुभव** पूर्व कप्तान महेंद्र सिह धोनी की तरह टीम में कोई भी भूमिका निभा सकते हैं

# धोनी की तरह किसी भी भूमिका के लिए तैयार : हार्दिक पांड्या

- मैं अपनी टीम को और दूसरे खिलाड़ी को धैर्य एवं विश्वास देना चाहता हूं
- मैंने (टीम के) इन सभी खिलाड़ियों से ज्यादा मैच खेले हैं

एजेंसियां



**अहमदाबाद:** भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का मानना है कि वह एक टी20 क्रिकेटर के रूप में बहुत परिपक्वहो गये हैं और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तरह टीम में कोई भी भूमिका निभा सकते हैं। पांड्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की जीत के बाद कहा, '' सच कहूं तो मैंने हमेशा छक्के मारने का आनंद लिया है, लेकिन मुझे परिपक्व भी होना है और यही जिन्दगी है। मुझे दूसरे हिस्से पर भी ध्यान देना है, जहां मैंने हमेशा साझेदारियों पर विश्वास किया है। मैं अपनी टीम को और दूसरे खिलाड़ी को धैर्य एवं विश्वास देना चाहता हूं कि कम से कम मैं वहां हूं। मैंने (टीम के) इन सभी खिलाड़ियों से ज्यादा मैच खेले हैं, इसलिये मेरे पास अनुभव है और उससे भी ज्यादा मैंने दबाव सहना सीखा है।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह से, शायद मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना पड़े या नयी भूमिका निभानी पड़े। मैं हमेशा इसके लिये तैयार रहा हूं। मुझे वह भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है, जो माही भाई (धोनी) ने अपने करियर के अंत में निभाई थी। मैं उस समय युवा था और गेंद को चारों तरफ मारता था, लेकिन अब जब वह जा चुके हैं, वह भूमिका कहीं न कहीं मुझे मिल गयी है। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं। हमें वांछित परिणाम मिल रहे हैं और यह ठीक है।'' पांड्या ने बुधवार को बल्ले से वही भूमिका निभाई। वह अक्सर विकेट पर कदम जमा चुके शुभमन गिल को स्ट्राइक देते रहे, हालांकि पांड्या ने खुद 176.47 की स्ट्राइक रेट के साथ अपनी पारी समाप्त की। पांड्या गेंदबाजी के मोर्चे पर भी विकसित हुए हैं। वह जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में पावरप्ले में नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं। पांड्या ने घरेलू सीज़न की शुरुआत के बाद से पावरप्ले में 12 ओवर फेंके हैं और 86 रन देकर दो सफलताएं हासिल की हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए इंदौर वनडे में भी जब भारत ने अपने प्रमुख गेंदबाजों को आराम दिया था, पांड्या ने नयी गेंद को स्विंग करने की अपनी कुशलता दिखाई थी। पांड्या ने कहा, ''मुझे नयी गेंद से गेंदबाजी करनी थी क्योंकि अर्शदीप (सिंह)... मैं नहीं चाहता कि कोई नया खिलाड़ी आये और (नयी गेंद के साथ पहले गेंदबाजी की) कठिन भूमिका निभाये। अगर वह दबाव में आ जाये तो खेल हमारे हाथ से निकल सकता है। मैं हमेशा सामने से नेतृत्व करता रहा हूं और मैं अपनी नयी गेंद के कौशल पर काम कर रहा हूं, जो मेरी मदद कर रहा है।'' पांड्या ने इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप और अगले वर्ष कैरेबियाई में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टेस्ट क्रिकेट पर सीमित ओवर क्रिकेट को प्राथमिकता दी है। पांड्या ने 2019 में पीठ की सर्जरी के बाद से सीनियर स्तर पर किसी भी तरह का लाल-गेंद क्रिकेट नहीं खेला है। उनका आखिरी टेस्ट 2018 में साउथेम्प्टन में था और उसी साल उन्होंने अपना आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच भी खेला था। पांड्या ने टेस्ट क्रिकेट के बारे में कहा, '' मैं तब वापस आऊंगा जब मुझे लगेगा टेस्ट मैच क्रिकेट खेलने का सही समय है। अभी मैं सीमित ओवर क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा हूं जो महत्वपूर्ण है। अगर समय सही है और शरीर ठीक है, तो मैं टेस्ट क्रिकेट को आजमाऊंगा।''

## खेल जगत अपडेट्स

### थाईलैंड ओपन के दूसरे चरण में भारतीय शटलर पस्त

**बैंकॉक :** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे चरण में गुरुवार को भारत के युवा शटलरों का अभियान फीका पड़ गया। भारत के लिये दिन की शुरुआत इशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी की हार के साथ हुई। इशान-तनीषा की जोड़ी को इंडोनेशिया के अकबर बिनतांग और मारशेला इस्लामी ने 21-19, 21-16 के सीधे गेमों में मात दी। इसी बीच, किरण जॉर्ज अपने पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के ली चीक्यु से 22-20, 15-21, 20-22 से हार गये। भारत की अशिमता चालिहा ने भी अपने महिला एकल मुकाबले का पहला गेम जीत लिया था, लेकिन अंततः वह डेनमार्क की होमार्क जार्सफेल्ट से 19-21, 21-13, 29-27 से हार गयीं। दूसरी ओर, रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी चीन के फेंग यांज़े और हुआंग डोंगपिंग से 21-11, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

## जडेजा को पहले टेस्ट के लिये एनसीए से मंजूरी मिली

एजेंसियां

**बेंगलुरु:** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में खेलने के लिये फिट घोषित कर दिया गया है। क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज़ की गुरुवार की एक रिपोर्ट अनुसार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने बुधवार को जडेजा की फिटनेस रिपोर्ट जारी की, जिसमें उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गयी है। जडेजा अब नागपुर का रुख करेंगे, जहां भारतीय टीम पहला टेस्ट शुरू होने से पूर्व चार-दिवसीय कैंप में अभ्यास करेगी। गौरतलब है कि जडेजा ने भारत के लिये आखिरी मैच अगस्त 2022 में एशिया कप में खेला था। सौराष्ट्र के 34 वर्षीय हरफनमौला को वहां लगी घुटने की चोट की सर्जरी करवानी पड़ी, जिसके कारण वह पांच माह तक क्रिकेट से दूर रहे। जडेजा ने 24-27 जनवरी को खेले गये रणजी मुकाबले में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रिकेट पिच पर वापसी की। जडेजा ने इस



मैच में 41.4 ओवर फेंके और दूसरी पारी में सात विकेट भी झटके, जिसके बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की मंजूरी दे दी गयी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला का पहला मुकाबला नौ फरवरी से नागपुर में खेला जायेगा, जबकि अन्य तीन मैच क्रमशः दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। भारत के लिये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिये यह टेस्ट सीरीज जीतना जरूरी है।

## चौथे टेस्ट तक चुस्त रहना जरूरी : मैकडॉनल्ड

एजेंसियां

**बेंगलुरु:** ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले अभ्यास मैच न खेलने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि वह टीम के सभी खिलाड़ियों को चौथे टेस्ट तक चुस्त रखना चाहते हैं। सिडनी हेराल्ड की गुरुवार की एक रिपोर्ट में मैकडॉनल्ड के हवाले से कहा गया,'' हमने पिछले तीन साल से कोई टूर मैच नहीं खेला है। यह हमारे लिये कोई नयी बात नहीं है। हम दौरे के अंत तक खिलाड़ियों को तरोताज़ा रखना चाहते हैं। हमने देखा है कि टीमें वहां जाती हैं और शुरुआत में ही काफी ऊर्जा खपा देती हैं। हमें लगता है कि यह



टीम काफी अनुभवी है और वहां पहले भी जा चुकी है। मुझे लगता है कि इससे उन्हें सीरीज में फायदा होगा।'' उन्होंने कहा, '' ऐसे भी वहां (भारत में) अभ्यास मैचों में मिलने वाली पिचों पर हमारा काबू नहीं है। कई बार अभ्यास मैच की पिच और पहले टेस्ट की पिच में कोई मेल नहीं होता। हम यहां (ऑस्ट्रेलिया में) पिचों को अपने हिसाब से तैयार कर सकते हैं। हम बेंगलुरु में थोड़ी और तैयारी कर सकते हैं। उम्मीद है कि नागपुर में हम तरोताज़ा उतरेंगे और शृंखला के अंत में यह हमारे लिये फायदेमंद साबित होगा। '' ऑस्ट्रेलियाई टीम नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाले टेस्ट से पूर्व बेंगलुरु में चार-दिवसीय कैंप में अभ्यास कर रही है। कंगारुओं की तैयारियों का केन्द्र रवि अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल की स्पिन गेंदबाजी से निपटना है। मैकडॉनल्ड ने कहा, '' मेरा खयाल है कि नयी गेंद जिस तरह स्पिन होती है और बल्लेबाज अंदर की तरफ आती गेंद पर चूक जाते हैं... हम उसके लिये तैयारी कर रहे हैं।

## पाकीजा के पाकिस्तानी रीमेक में काम करेंगी मीरा जी



एजेंसियां

**मुंबई:** पाकिस्तानी अदाकारा मीरा जी सुपरहिट बॉलीवुड फिल्म पाकीजा के पाकिस्तानी रीमेक में काम करती नजर आयेंगी। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्मकार कमाल अमरोही की क्लासिक पाकीज़ा में मीरा जी काम करती नजर आयेंगी। मीरा जी इस फिल्म में मीना कुमारी द्वारा निभाई गई भूमिका निभाती नजर आयेंगी। फिल्म पाकीजा में अशोक कुमार, राज कुमार और मीना कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग मार्च, 2023 से शुरू होगी । इस फिल्म का निर्माण यूएस बेस्ड प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है।

## हॉलीवुड निर्देशक तरसेम सिंह ने भारत में शूट की अपनी पहली फिल्म

एजेंसियां



**मुंबई:** हॉलीवुड के जाने%माने निर्देशक तरसेम सिंह ने भारत में अपनी पहली फीचर फिल्म डियर जस्सी की शूटिंग की हैं। एक सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म डियर जस्सी को फेसम हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर ब्रेंडन गैल्विन ने शूट किया हैं।इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज़ (भूषण कुमार), वकाउ फिल्म्स (विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल), क्रिएटिव स्ट्रोक्स ग्रुप (संजय ग्रोवर) और तरसेम सिंह द्वारा किया गया है।फिल्म की कहानी ओह माय गॉड 2 के लेखक और निर्देशक अमित राय ने लिखी हैं। डियर जस्सी का सब्जेक्ट हमेशा से तरसेम सिंह के करीब रहा है। उनका कहना हैं, यह मेरा पैशन प्रोजेक्ट है। और मुझे लगता है कि यह दुनिया के लिए इसे देखने का सही समय है। इस तरह की एक मजबूत कहानी को सबके सामने लाने की जरूरत है।तरसेम सिंह का मानना है कि यह सही तालमेल था जिसके कारण फिल्म बन पाई। मेरे पास इस फिल्म में मेरे साथ साझेदारी करने वाले निर्माताओं का एक बड़ा सेट था। टी-सीरीज के भूषण कुमार ने कहा, यह मुख्यधारा के अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा में हमारा पहला काम है और हम अनुभव से रोमांचित हैं।ह्ववकाउ फिल्म्स के विपुल डी शाह ने कहा,''तरसेम सिंह एक दिग्गज हैं और उन्हें सेट पर अपना जादू बिखेरते देखना वास्तव में जादुई था।''वहीं वकाउ फिल्म्स के अश्विन वर्दे ने कहा,यह एक असाधारण निर्देशक द्वारा निर्देशित एक असाधारण सब्जेक्ट है, दुनिया इसे देख दंग रह जाएगी। ''डियर जस्सी को पूरे पंजाब में 50 दिनों में शूट किया गया था और 2 हफ्ते के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग बहुत जल्द कनाडा में की जाएगी। यह फिल्म 2023 के मध्य में दुनिया भर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।

## रणबीर-श्रद्धा की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का गाना 'तेरे प्यार में'रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आने वाली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का गाना 'तेरे प्यार में'रिलीज हो गया है। रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर पहली बार निर्देशक लव रंजन की फिल्म में स्क्रीन स्पेस शेयर करने जा रहे हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में डिंपल कपाड़िया भी नजर आएंगी। इस फिल्म का गाना ह्यतेरे प्यार मेंह्ण रिलीज हो गया है। इस गाने में रणबीर और श्रद्धा की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। यह गाना एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे स्पेन के कई बेहतरीन लोकेशन पर शूट किया है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया हैं, और गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गाने को अरिजीत सिंह के साथ निकिता गांधी ने गाया है। रणबीर और श्रद्धा की यह फिल्म की कहानी प्यार में झूठ और मक्कार के खेल को दिखाती है। यह फिल्म 08 मार्च, 2023 को होली के अवसर पर रिलीज होगी।

## 28 जुलाई को रिलीज होगी रणवीर-आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल 28 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली



थी।फिल्म मेकर्स ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट में बदलाव कर दिया है। करण जौहर ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। धर्मा प्रोडक्शन के ऑफिशियलव इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास पोस्ट शेयर किया गया है। इस पोस्ट में करण जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की नई रिलीज डेट की घोषणा की है। इस पोस्ट में लिखा गया है, रॉकी और रानी के परिवार हो रहे हैं तैयार और देखिए ये अनोखी कहानी ऑफ प्यार! जादू, प्यार और जीवन से बड़ा मनोरंजन वापस लाना - 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' सिनेमाघरों में, 28 जुलाई 2023। गौरतलब है कि 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी अहम भूमिकाओं में नजर आयेंगी।

## 17 मार्च को रिलीज होगी यशपाल शर्मा की फिल्म छिपकली

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा की फिल्म छिपकली 17 मार्च को रिलीज होगी। विनोद घोसाल की किताब छायाजपॉन पर आधारित फिल्म छिपकली में यशपाल शर्मा, योगेश भारद्वाज एवं तनिष्ठा विश्वास की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म के निर्माता मीमो एवं सर्वेश कश्यप हैं। फिल्म के विषय मे निर्माता मीमो ने कहा, ''छिपकली एक फिलॉसॉफिकल थ्रिलर ड्रामा जॉनर की फिल्म है।



फिल्म के जरिये यह बताने की कोशिश की गई है कि समाज में कई ऐसे लोग होते हैं,जो समझते हैं वे कुछ भी करें,किसी को कुछ पता नही चलेगा, लेकिन असलियत में ऐसा होता नहीं है।

## प्रदेश >> अपडेट

**स्कूल वैन पलटने से 8 बच्चे घायल**

**रायसेन :** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के बम्होरी थाना क्षेत्र में स्कूल वैन पलटने से 08 बच्चे घायल हो गए, जिनमें से दो को ज्यादा चोट पहुंची है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिरह और रोसराघाटी के बीच स्कूल वैन पलटने से 8 बच्चे घायल हुए। दो बच्चों को हाथ और पैर में फ्रेकचर होने से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायसेन भेजा गया है। शेष 6 बच्चों का प्राथमिक उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्होरी में दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**शिवराज ने उद्यान में नीम और खिरनी के पौधे लगाए**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में आम,नीम और खिरनी के पौधे लगाए। चौहान के साथ पर्यावरण-संरक्षण और जन-सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही 'नर सेवा-नारायण सेवा' समिति के सदस्यों ने पौध-रोपण किया। समिति के धीरज सिंह, दुर्गेश सिंह, मनोज सोनी,राजेश सोनी और अजय सोनी ने पौधे लगाए। मिहिर श्रीवास्तव ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। रजत यादव, सौरभ परसाई, दीपक साहू और आयुष रघुवंशी पौध-रोपण में शामिल हुए।

**लुमला उपचुनाव के लिए त्सेरिंग को बनाया उम्मीदवार**

**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश में तवांग जिले के लुमला विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पूर्व विधायक जम्बे ताशी की पत्नी त्सेरिंग ल्हामू को अपना उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने श्रीमती ल्हामू के नाम के साथ पश्चिम बंगाल में सागरदीघी विधानसभा सीट के चुनाव के लिए दिलीप साहा के नाम को मंजूरी दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसने से तीन युवकों की मौत**

**बाड़मेर :** राजस्थान में बाड़मेर शहर से सात किलोमीटर दूर सिणधरी सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई जिससे बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना पर रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों के शवों को बाड़मेर जिला अस्पताल चौकी में रखवाया है। मातासर भुरटिया के रहने वाले तीनों युवक बाड़मेर में कमठा मजदूरी करते है और कल शाम को छुट्टी कर वापिस गांव लौट रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर बैठक कर बाड़मेर शहर से निकले थे और रासाराम की प्याऊ के पास सामने से आ रहे तेज रोशनी की गाड़ी के दौरान आगे चल रहे ट्रैक्टर मय ट्रॉली दिखाई नहीं दी और बाइक ट्रॉली से टकरा गई। स्पीड ज्यादा होने से बाइक सवार तीनों की मौत हो गई। थानाधिकारी चंद्रसिंह ने बताया कि मृतकों की पहचानअन्नाराम मेघवाल, मोटाराम जाट, बकताराम निवासी मातासर भुरटिया बाड़मेर के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे और तीनों के शव जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाए है।

**शिवराज ने किया ई-बाइक सेवा का उद्घाटन**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल में ई-बाइक सेवा का उद्घाटन किया। चौहान ने स्थानीय स्मार्ट पार्क में ई-बाइक के संबंध में जानकारी ली और ई-बाइक सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि ये सेवा इको-फ्रेंडली है और इसलिए लोग इसका अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सबके प्रयास से ही पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

**नीति** — प्रवासी भारतीयों की वैश्विक आय पर टैक्स ना लगे तो एफडीआई बढ़ेगी

# भारत को आम बजट 2023-24 में वर्णित अमृतकाल के दर्शन के अनुरूप : मोदी

- भारत की प्रगति से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित किया गया
- देश में विकास की गति बढ़ाने के लिए पूंजीगत निवेश में दस लाख करोड़ रुपए की वृद्धि की है



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के उद्योगपतियों ने देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने की आवश्यकता जतायी है और सरकार से कहा है कि वह विदेशी निवेशकों को उनकी वैश्विक आय को कर के दायरे से बाहर रखने की इजाजत के साथ भारत में दीर्घकालिक प्रवास की अनुमति दे तो एफडीआई में बहुत अधिक वृद्धि हो सकती है। सिंगापुर स्थित फॉरेन इन्वेस्टर्स इंडिया फोरम (एफआईआईएफ) ने भारत को आम बजट 2023-24 में वर्णित अमृतकाल के दर्शन के अनुरूप विकसित बनाने के वास्ते सरकार की सहायता के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। फोरम के संस्थापक एवं जाने माने उद्योगपति भूपेन्द्र कुमार मोदी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत एट 100 के विजन के अनुरूप देश के विकास के लिए एफआईआईएफ प्रवासी भारतीयों की ताकत, विशेषज्ञता एवं लगाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एट 100 अभियान बीते तीन वर्षों से प्रवासी भारतीय नागरिकों के विभिन्न समूहों से चर्चा, परामर्श एवं गहन शोध के बाद अस्तित्व में आया है। इसे प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों को भारत की प्रगति से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि बुधवार को संसद में पेश आम बजट 2023-24 में सरकार ने देश में विकास की गति बढ़ाने के लिए पूंजीगत निवेश में दस लाख करोड़ रुपए की वृद्धि की है। इतनी बड़ी राशि का अधिकांश भाग ऋण से ही आएगा। सरकार को इसके लिए देश में एफडीआई बढ़ाने के बारे में ध्यान देना चाहिए ताकि ऋण का भार कम हो सके। वर्ष 2025-26 तक बजट घाटा कम करने के सरकार के मकसद को पूरा करने के लिए वित्तीय अनुशासन महत्वपूर्ण होगा। मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों को देश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ईज ऑफ बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग का वातावरण बनाया जाना चाहिए।

## असम में पिछले हफ्ते बाल विवाह के चार हजार से अधिक मामले दर्ज



**एजेंसियां**

**गुवाहाटी :** असम में पिछले हफ्ते बाल विवाह के खिलाफ 4000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट किया,''असम सरकार राज्य में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए दृढ़संकल्पित है। अब तक असम पुलिस ने राज्यभर में 4,004 मामले दर्ज किए हैं और आने वाले दिनों में पुलिस कार्रवाई की संभावना है। मामलों पर कार्रवाई तीन फरवरी से शुरू होगी। मैं सभी से सहयोग करने का अनुरोध करता हूं।'' गौरतलब है कि शर्मा ने हाल ही में कुछ समुदायों में बाल विवाह की बात कही थी। उन्होंने राज्य में बाल विवाह की बुराई को समाप्त करने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प की भी पुष्टि की। शर्मा द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में बाल विवाह के सर्वाधिक मामलों में 370 धुबरी जिले में इसके बाद होजई में 255 मामले और उदलगुरी में 235 मामले हैं। दीमा हसाओ में बाल विवाह के सबसे कम मामले हैं। वर्ष 1929 के अधिनियम के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों का विवाह वर्जित है। वर्ष 1978 के अधिनियम में संशोधन कर विवाह के लिए महिलाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष की गयी।

## कश्मीर में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी

**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट और जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्का हिमपात और मैदानी इलाकों में वर्षा हुई। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का तापमान गुरुवार को लगातार दूसरे दिन 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम की अवधि के दौरान सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था और साल की इस अवधि के दौरान यह सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात तापमान शून्य से 8.9 डिग्री सेल्सियस नीचे था। यहां तापमान घाटी में मौसम की इस अवधि के दौरान सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक रहा। मौसम एजेंसी ने बताया कि सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछले दिन शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम था।

## सरकार की गलत नीति से लोगों को समय पर नहीं मिल पा रहा है गेहूं : तरड़



**एजेंसियां**

**श्रीगंगानगर :** राजस्थान में श्रीगंगानगर में भाजपा जिला अध्यक्ष आत्माराम तरड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से लोगों को स्थानीय स्तर पर गोदाम की व्यवस्था कर जिले में खाद्य सुरक्षा योजना का गेहूं उपलब्ध करवाने की मांग की है। तरड़ ने आज मुख्यमंत्री को भेजें पत्र में कहा है कि राज्य सरकार की नाकामी के कारण श्रीगंगानगर जिले के लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना का राशन समय पर नहीं मिल पाया और 9508 क्विंटल गेहूं लेप्स हो गया। यह राजस्थान सरकार की विफलता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां कांग्रेस सरकार गरीब हितैषी होने का ढोंग करती है तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार से मिलने वाले राशन को भी गरीब व्यक्तियों तक नहीं पहुंचा पा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि श्रीगंगानगर जिले में आवंटन के हिसाब से गेहूं की खरीद नहीं की गई, जिस कारण यह गफलत पैदा हुई है। यह बड़ी हास्यास्पद स्थिति है कि गेहूं का भंडारण श्रीगंगानगर में जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूर अनूपगढ़ में कर दिया गया। होना तो यह चाहिए कि काफी दूरी तक फैलाव लिए हुए श्रीगंगानगर जिले में गेहूं का भंडारण स्थानीय स्तर पर किया जाता ताकि लोगों को समय पर गेहूं उपलब्ध हो सके।

## कोटा महोत्सव की पुष्प प्रदर्शनी में दिखेगा फूलों का रंगीन संसार

**एजेंसियां**



**कोटा :** राजस्थान के कोटा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कोटा महोत्सव में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन तीन फरवरी को किशोर सागर तालाब पर किया जाएगा। अधीक्षक उद्यान विभाग अमरीश शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रतिभागी पुष्प, गमले, अन्य सामग्री स्वयं के साधन से लाएंगे। शर्मा ने बताया कि कट फ्लावर 5 फरवरी को प्रातः 9:30 से 11 बजे तक प्रदर्शनी स्थल पर प्राप्त किए जाएंगे जिनके आधार पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बागवानी, किचन गार्डनिंग, बोन्साई संवर्ग, कृषक संवर्ग में रूचि रखने वाले व्यक्ति अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं। आवदेन फॉर्म कार्यालय अधीक्षक सानिवि उद्यान विभाग में निशुल्क उपलब्ध है। शर्मा ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी में पांच प्रकार की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें ओर्नामेन्टल कट फ्लावर श्रेणी में डहेलिया, केलेन्डयूला, ग्लेड्यूला तथा गुलाब कट फ्लावर श्रेणी में एक फुल वाला पूर्ण खिला गुलाब, गुलाब तीन फूलों के समूह, तीन खिले हुए विभिन्न प्रजातियों के समूह, बोन्साई श्रेणी, पुष्प प्रदर्शनी विविध श्रेणी, किचन गाडनिंग श्रेणी एवं कृषक वर्ग श्रेणी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**समारोह** — अटल आजाद स्मृति सम्मान समारोह के अवसर पर कहा

# प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने से बचें युवा : धनराज गिरी

- राजनीति के शिखर पुरुष अटल संगोष्ठी का आयोजन किया गया
- देश की भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधन हमेशा मिलता रहे



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** आजाद भारत सनातन संघ (आभास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनराज गिरी ने आज यहां आयोजित अटल आजाद स्मृति सम्मान समारोह के अवसर पर कहा कि आधुनिक युवाओं को प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं करने का संकल्प लेना चाहिए और इसके प्रति समाज को भी जागरूक करते रहना चाहिए। गिरी ने संस्थान के कार्यप्रणाली के बारे में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि देश की भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधन हमेशा मिलता रहे इसके लिये हमें हमेशा सचेत रहना होगा।'' आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आजाद भारत सनातन संघ के तत्वाधान में गुरुवार को दिल्ली में अटल आजाद स्मृति सम्मान समारोह एवं राजनीति के शिखर पुरुष अटल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आजाद भारत सनातन संघ के कार्यकर्ताओं ने पानी पेड़ एवं पहाड़ बचाओ और आजाद भारत को सनातन-समृद्ध बनाओ का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय सोनकर शास्त्री ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के साथ बिताए हुए लम्हों को याद किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुदेश वर्मा, दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की पोती अंजली मिश्रा और चंद्रभूषण सिंह ने भी युवाओं को संबोधित किया। एन.सी.सी की छात्राओं ने महिला सशक्ति करण की मिशाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाले कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अम्बुज तिवारी, संजय गिरि, दिनेश तिवारी, भरत, मानवेद्र, सीता राम, गिरीश निशाना, और मनोज जैसे भारी संख्या में युवा वर्ग मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

**पेरू कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव कराने के प्रस्ताव को खारिज किया**

**लीमा :** पेरू की कांग्रेस ने यहां जारी विरोध के बावजूद, दिसंबर में 2023 के राष्ट्रपति चुनाव कराने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इस विरोध के कारण कई नागरिकों की मौत हो चुकी है। यहां की संसद ने यह जानकारी दी। संसद ने कहा कि कांग्रेस ने दिसंबर 2023 में राष्ट्रपति चुनाव का समर्थन नहीं किया है। जबकि इसके पक्ष में 54 वोट पड़े हैं। संसद ने मतदान के बाद कहा,''कांग्रेस ने पक्ष में 54 वोटों (68 वोटों के खिलाफ और दो मतदान में भाग नहीं लेने) के साथ राष्ट्रपति चुनाव को दिसंबर 2023 तक कराने के लिए संवैधानिक सुधार का समर्थन नहीं किया।'' गौरतलब है कि पेरू की संसद ने सात दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया। तत्कालीन प्रधानमंत्री दीना बोलुआर्टे ने महाभियोग वोट के दो घंटे के अंदर ही देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। चुनाव से पहले संसद को भंग करने की कोशिश करने वाले कैस्टिलो को महाभियोग प्रक्रिया के बाद गिरफ्तार किया गया और तख्तापलट के प्रयास के आरोप में उनके खिलाफ एक आपराधिक मामला शुरू किया। इन घटनाओं से पूरे देश में विरोध की लहर छेड़ दी है। प्रदर्शनकारियों ने महाभियोग के बाद की सरकार की निंदा की और तत्काल राष्ट्रपति चुनाव और देश की संसद को समाप्त करने का आहान किया। विरोध शुरू होने के बाद से कम से कम 58 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट हैं।

**यूक्रेन की सेना ने दोनेत्स्क शहर पर गोले दागे**

**दोनेत्स्क :** यूक्रेन की सेना ने दोनेत्स्क शहर पर 155 मिलीमीटर के दस गोले दागे हैं। दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के प्रतिनिधि कार्यालय ने यूक्रेन के युद्ध अपराधों से संबंधित मुद्दों के नियंत्रण और समन्वय (जेसीसीसी) के संयुक्त केंद्र के एक बयान में यह जानकारी दी। कार्यालय ने टेलीग्राम पर कहा कि यूक्रेन की सशस्त्र इकाइयों द्वारा दोनेत्स्क शहर के कीवस्की एवं कुइबेशेव्स्की में चार गोले तथा किरोवस्की जिला में 155 मिमी के छह गोले दागे गए। यूक्रेन के सैनिक अमेरिका द्वारा कीव को आपूर्ति किए गए लंबी दूरी के एम 777 155-एमएम हॉवित्जर गोलों का उपयोग दोनेत्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक के शहरों पर गोलाबारी करने के लिए कर रहे हैं।

**चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य में भेजे 23 सैन्य विमान**

**बीजिंग :** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि सशस्त्र बलों ने पिछले 24 घंटों में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 23 सैन्य विमानों और चार जहाजों को द्वीप की ओर आते हुए देखा है। मंत्रालय ने ट्विटर पर कहा,''ताइवान के आसपास आज सुबह करीब छह बजे 23 पीएलए विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के चार जहाजों के होने का पता चला।''मंत्रालय ने कहा कि दो जे-11 लड़ाकू विमानों, आठ जे-16, तीन एसयू-30 और एक बीजेडके-005 ड्रोन सहित 17 चीनी विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया है। ताइवान ने स्थिति पर नजर रखने के लिए हवाई और समुद्री गश्ती दल भेजे है तथा जमीनी मिसाइल प्रणाली तैनात की। गौरतलब है कि ताइवान ने 1949 से स्वयं को चीन से स्वतंत्र घोषित कर रखा है। चीन, ताइवान को अपने प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान का कहना है कि वह एक स्वायत्त देश है। चीन,ताइवान के साथ किसी अन्य देश के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

**हमास के हथियार निर्माण स्थल पर किया हमला : आईडीएफ**

**येरुशलम :** इजरायल ने गुरुवार को गाजा पट्टी की ओर से दागे गए रॉकेट के जवाब में हमास के हथियार निर्माण स्थल पर हमला किया। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। इससे पहले इजरायली सेना ने गुरुवार रात को गाजा में हमले की पुष्टि की थी। आईडीएफ ने ट्विटर पर कहा कि आज गाजा की ओर से इजरायल में रॉकेट दागे जाने के जवाब में आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित एक हथियार निर्माण स्थल के साथ-साथ कच्चे रासायनिक सामग्री के एक उत्पादन स्थल पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा से होने वाली सभी आतंकवादी गतिविधियों के लिए हमास को जिम्मेदार बताया है।

**सऊदी राजदूत ने बंगलादेशी विदेश मंत्री डॉ.मोमेन से की मुलाकात**

**ढाका :** बंगलादेश में सऊदी अरब के राजदूत एसा यूसेफ एसा अल्दुहैलन ने गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. ए. के. अब्दुल मोमेन से शिष्टाचार भेंट की। दोनों ने बैठक के दौरान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग से संबंधित आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। मोमेन ने अल्दुहैलन का अपने कार्यालय में स्वागत करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उनकी सराहना की। सऊदी राजदूत ने मोमेन को समर्थन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। राजदूत ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद का पत्र मोमन को सौंपा जिसमें उन्हें सउदी अरब आने और परस्पर सहयोग की समीक्षा करने के लिए यात्रा का निमंत्रण दिया गया था। मोमन ने इसकी सराहना की और निमंत्रण को स्वीकारते हुए राजदूत को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा का कार्यक्रम बनाया जाएगा। बैठक के दौरान मोमेन और अल्दुहैलन ने विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा एवं समीक्षा की। उन्होंने राजनीतिक, आर्थिक, व्यापार और निवेश, सुरक्षा, जनशक्ति और अन्य क्षेत्रों सहित कई क्षेत्रों में तेजी से मजबूत हो रहे संबंधों की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। मोमेन ने सऊदी अरब के नियोम शहर में अधिक रोजगार की संभावना पर विभिन्न व्यापारों में कुशल श्रमिकों और तकनीशियनों को प्रदान करने में बंगलादेश की तत्परता से अवगत कराया।

## आज का इतिहास

- 1760 : सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
- 1916 : बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत।
- 1925 : भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
- 1934 : पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। इसे शुरू करने वाले कंपनी को लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
- 1938 : प्रसिद्ध भारतीय फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान का जन्म।
- 1942 : जावा पर पहला जापानी हवाई हमला हुआ।
- 1954 : इलाहाबाद कुम्भ मेले में हुए हादसे में 500 से अधिक की मौत।
- 1964 : भारतीय रिजर्व बैंक के 23वें गवर्नर रघुराम राजन का जन्म।
- 1969 : तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई का निधन।
- 1970 : भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े कोयला आधारित उर्वरक संयंत्र की तलचर में आधारशिला रखी गई।
- 1972 : जापान के सप्पारो में एशिया में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन किया गया।
- 1988 : पहली परमाणु पनडुब्बी (आईएनएस चक्र) भारतीय सेना में शामिल।
- 1996 : भारत की अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तिगत स्प्रिंट और वर्तमान राष्ट्रीय 100 मीटर इवेंट की महिला खिलाड़ी दुती चंद का जन्म।
- 1999 : भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में डेमोक्रेटिक जनता दल का पुनरुद्धार हुआ ।
- 2003 : भारत ने उजबेकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्यदल का गठन किया।
- 2005 : भारतीय मूल के पहले सांसद दलीप सिंह सौंद को सम्मानित करने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधी सभा में लाये गये विधेयक को आम राय से मंजूरी मिली।
- 2006 : मिस्र का जहाज अल सलाम-98 लाल सागर में डूबा।
- 2007 : भारतीय राजनीतिज्ञ तथा असम के भूतपूर्व राज्यपाल देवीदास ठाकुर का निधन।
- 2008 : कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर के चोरी हुए नोबल पुरस्कार बंगलादेश में होने के संकेत मिले।

## ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रांची मंडल की 4 ट्रेनें रद्द

रांचीः पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अंतर्गत बर्धमान स्टेशन पर विकास कार्यों के लिए पावर और ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। जिससे कि रांची रेल मण्डल से 4 ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 13503 बर्धमान हटिया मेमू एक्सप्रेस दो फरवरी से नौ फरवरी तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 13504 हटिया-बर्धमान मेमू एक्सप्रेस पांच से दस फरवरी तक रद्द रहेगी।

पड़ताल धनबाद अग्निकांड की घटना पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, कहा

# चार माह के भीतर राज्य में हो फायर सेफ्टी ऑडिट

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** धनबाद के आशीर्वाद टावर और हाजरा क्लीनिक में बीते दिनों आग लगने से 19 लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार हुई। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में 3 से 4 माह के अंदर राज्य सरकार को फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में दुख जताते हुए कहा है कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए इस पर राज्य सरकार को सजग रहना होगा। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि धनबाद डीसी की ओर से दो कमेटियां बनाई गई है।

एक कमेटी वहां आग लगने के कारणों की जांच करेगी, यह देखेगी कि फायर सेफ्टी रूल एंड रेगुलेशन का वहां पालन किया गया है या नहीं।वहीं दूसरी कमेटी आग लगने के कारण उक्त भवन के स्ट्रक्चर को डैमेज हुआ है या नहीं यह देखेगी और इसकी रिपोर्ट कोर्ट को देगी।

कोर्ट ने मामले में नगर विकास विभाग को रिपोर्ट देने के लिए कहा है जिसमें बताने को कहा है की अपार्टमेंट एवं भवनों में फायर सेफ्टी के लिए गाइडलाइन क्या है, बिल्डिंग बायलॉज में नक्शा पास हो रहे हैं उसमें फायर सेफ्टी के लिए जो रूल बने हैं उसका पालन हो रहा है या नहीं। इन सारी बातों की जानकारी कोर्ट को नगर विकास विभाग को बतानी है। साथ ही तीन-चार माह के भीतर पूरे राज्य में फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर कोर्ट को बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।बता दें कि इस अग्निकांड में 14 लोगों की मौत हुई थी जिनमें 10 महिलाएं 3 बच्चे और एक बुजुर्ग शामिल है जबकि जबकि कई घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियों ने आग बुझाई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद के आशीर्वाद अपार्टमेंट में लगी आग में मरने वालों के परिजनों को चार लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही हादसे में घायल लोगों का समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है।

## रांची पुलिस पर हमला करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी राँची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी पर एक परिवार ने मंगलवार की शाम को हमला कर दिया था। इस हमले में दो पुलिस पदाधिकारी घायल हो गए थे, इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस मामले में मास्टरमाइंड फिरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एक और अन्य व्यक्ति जिसकी गिरफ्तारी हो गई है।

इस मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मिली सूचना के मुताबिक आरोपी खूंटी जिले भाग गया है। हालांकि पुलिस इन सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

कल जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के कचनार टोली हटिया के एक मुस्लिम परिवार ने दो पुलिस पदाधिकारी को मारपीट कर घायल कर दिया था।आपको बता दें कि मंगलवार शाम में कचनार टोली हटिया के पास के रहने वाले एक व्यक्ति ने जगरनाथपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया था कि कोर्ट में गवाही देने पर कुछ लोग आकर मारपीट और गाली गलौज किया है। उसके बाद जगरनाथपुर थाना की पेट्रोलिंग पार्टी कचनार टोली पहुँचे थे।वहां पर मारपीट गाली गलौज करने वाले लोगों को जब पुलिस ने पुछताछ और गाली गलौज और मारपीट करने का कारण पूछा तो पुलिस पर ही हमला कर दिया था, जिससे जगरनाथपुर थाना के दो पुलिस पदाधिकारी एसआई संजय कुमार और एएसआई ललन कुमार से मारपीट करने लगा जिससे दोनों को काफी चोंटे लगी। दोनों घायल हो गए थे।

## अपराध और उग्रवाद पर लगाम लगाने के लिये बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**सीमावर्ती इलाको में अपराध और उग्रवाद पर लगाम लगाने के लिये बसिया एसडीपीओ कार्यालय में रांची, खुंटी, गुमला और सिमडेगा पुलिस ने बैठक की। बैठक में अंतर जिला सीमा में सतत निगरानी बरतने पर जोर दिया गया। सीमावर्ती इलाको में नक्सली, उग्रवादी और अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने पर चर्चा की गयी। बैठक में शामिल जिले के पुलिस पदाधिकारी ने भी अपने-अपने सुझाव रखे एवं अपने जिले के बॉर्डर क्षेत्र में किए जा रहे कानून व्यवस्था की जानकारी दी।बैठक में गुमला एसपी, सिमडेगा एसपी, डीएसपी अभियान, एसडीपीओ बसिया, एसडीपीओ सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक तोरपा, बसिया अंचल, कामडारा, कुरकुरा, बसिया, पालकोट थाना प्रभारी, पाकरटाड़, कोलेबिरा, बानो, महाबुआंग, ओड़गा प्रभारी तथा सिमडेगा जिला से आये अन्य पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंतरजिला बैठक किया गया।

## 24 शिक्षा पदाधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

रांचीः स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 24 शिक्षा पदाधिकारियों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। इसकी अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। जारी आदेश में सचिव के रवि कुमार ने लिखा है कि प्राचार्य (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय) के रिक्त पदों पर संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## रांची हिंसा मामले में 11 आरोपियों पर चलेगा मुकदमा



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** भाजपा से निलंबित नेत्री नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी के विरोध में गत वर्ष रांची में हुई हिंसा की घटना में शामिल 11 आरोपियों पर मुकदमा चलेगा। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर धार्मिक उन्माद फैलाने व दंगा भड़काने से संबंधित धाराओं में मुकदमा चलाने के लिए रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य सरकार के गृह विभाग से अनुमति मांगी है। यह अनुमति रांची के डेलीमार्केट थाने में दर्ज कांड संख्या 17/22 में मांगी गई है, जिसकी जांच सीआइडी कर रही है। उग्र भीड़ द्वारा पथराव, आगजनी व फायरिंग किए जाने के बाद कई दिनों तक तनाव का माहौल बना रहा।

## अनगड़ा में ट्रेलर ने बाइक सवारों को दो सौ मीटर तक घसीटा, दो की मौत, एक गंभीर

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर में एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने चपेट में लेते हुए करीब दो सौ मीटर तक घसीटा। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवकों के शव क्षत-विक्षत हो गए थे, जबकि बाइक टूट कर कई हिस्सों में बंट गई। तीसरा युवक रिम्स में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान आकाश कुमार महतो और कृष मुंडा के रूप में हुई है। दोनों अनगड़ा के मासू गांव के रहने वाले थे। गंभीर रूप से घायल रूपेश कुमार मुंडा खेलगांव के कादीटोला का रहने वाला है।जानकारी के मुताबिक, तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर हेसल से सालहन में चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। जैसे ही वे गोंदलीपोखर के समीप पहुंचे, रांची की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक ट्रेलर में फंस गए। ट्रेलर तीनों को घसीटते हुए लगभग 200 मीटर तक ले गया। इस कारण बाइक के टुकड़े-टुकड़े हो गए। वहीं, दो युवकों के शव क्षत-विक्षत हो गए।


